सुप्रभात
रांची, सोमवार
03.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, एकादशी , संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 319 12



अरुणाचल प्रदेश में फिर लहराया भगवा

## न्यूज डायरी

### पाकुड़ में सामूहिक दुष्कर्म पांच में से दो आरोपी धराये

**पाकुड़।** हिरणपुर थाना क्षेत्र में पांच युवकों ने शनिवार रात एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़ित ने रविवार दोपहर हिरणपुर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत की। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। अपनी लिखित शिकायत में पीड़िता ने कहा है कि वह पति के साथ काम से बाहर जा रही थी। इसी दौरान पांच युवक आ धमके और उसे जबरन पकड़ कर ले गये। साथ ही उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार ने गैंगरेप की पुष्टि की है। पीड़ित ने रविवार को पुलिस को जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। हिरणपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गयी है।

### सुकमा में 4 इनामी नक्सली समेत आठ ने किया सरेंडर

**सुकमा।** नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बस्तर में तेजी से माओवादियों के सरेंडर करने की संख्या बढ़ती जा रही है। रविवार को चार इनामी नक्सलियों समेत आठ माओवादियों ने सुरक्षबलों के सामने आत्म समर्पण कर दिया। समपर्ण करने वालों में चार हार्डकोर माओवादी भी शामिल हैं। सभी नक्सली सरकार की 'नई सुबह, नई शुरूआत' योजना से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़े। सरकार की अपील का अब असर दिखाई देने लगा है।

### मनीष रंजन से आज इडी फिर करेगी पूछताछ

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाले की जांच कर रही इडी अब फिर सोमवार को मनीष रंजन से पूछताछ करेगी। घोटाले की जांच के दौरान इसी महीने छह मई को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस रहे संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के फ्लैट से ईडी को कई दस्तावेज हाथ लगे थे। मनीष रंजन से 28 मई को आठ घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी इसमें कमीशन की राशि किन-किन लोगों को जाती थी, इसका पूरा विवरण मौजूद है। इडी ने इस संबंध में भी सवाल-जवाब किये लेकिन मनीष रंजन ने इन सभी सवालों पर अनभिज्ञता जतायी।

### नीतीश दिल्ली पहुंचे, कई नेताओं से करेंगे मुलाकात

**पटना।** बिहार के सीएम और एनडीए के सहयोगी जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार रविवार को दिल्ली पहुंच गये। वहां वह भाजपा सहित राजग के अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। अभी कुछ दिनों तक वह दिल्ली में ही रह सकते हैं। शनिवार को एग्जिट पोल के नतीजों में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलता दिख रहा है। पिछले डेढ़ माह से सीएम नीतीश चुनाव प्रचार में लगे हुए थे। इस दौरान उनकी तबीयत भी बिगड़ गयी थी।

## एग्जिट पोल को इंडी गठबंधन ने नकारा, भाजपा बोली- विपक्ष दिन में सपने न देखे

# राहुल बोले- यह फैंटेसी पोल, इसका आधार इवीएम नहीं डीएम : अखिलेश

### कार्यकर्ता उम्मीद न छोड़ें, 4 को अलर्ट रहें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा 4 जून को होनी है। शनिवार को जारी तमाम एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत मिलता दिखाये जान पर विपक्षी दलों ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि देश भर में मौजूदा स्थिति 2004 के राष्ट्रीय चुनावों जैसी है। एग्जिट पोल में भले ही एनडीए को बढ़त दिखायी जा रही है, लेकिन मतगणना वाले दिन स्थिति इसके उलट होगी। 4 जून को सभी एग्जिट पोल गलत साबित होंगे और इंडिया गठबंधन की 295 से ज्यादा सीटें आयेंगी। रविवार को पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे एग्जिट पोल से उम्मीद न खोयें, वे सभी 4 जून को मतगणना के दिन बूथों पर ध्यान रखें और सतर्क रहें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे फैंटेसी पोल करार दिया। वहीं अखिलेश यादव ने एग्जिट पोल का आधार इवीएम नहीं डीएम को बताया। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने एग्जिट पोल को फर्जी और भ्रामक बताया है। इस बीच भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने इंडिया ब्लाक के नेताओं को सलाह दी कि वे लोग दिन में सपना देखना छोड़ दें।







**यह पीएम का फैंटेसी पोल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे पीएम मोदी का 'फैंटेसी पोल' बताया है। इस संदर्भ में उन्होंने सिंगर सिद्धू मूसेवाला के गाने का जिक्र करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन को 295 सीटें मिलने जा रही है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, "यह एग्जिट पोल नहीं, यह फैंटेसी पोल है। गठबंधन को कितनी सीटें मिलेगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा, 'आपने सिद्धू मूसेवाला का सॉन्ग सुना है, हम 295 सीट जीतेंगे।

**ममता ने नकारा, किया बड़ा दावा**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने एग्जिट पोल के नतीजों को फर्जी और भ्रामक बताया है। उन्होंने भाजपा पर हमला भी बोला है। टीएमसी अध्यक्ष ने एग्जिट पोल को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा यह भाजपा की साजिश है, ताकि जनता को भरमाया जा सके। नतीजे इसके खिलाफ आयेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### यही एग्जैक्ट पोल है : रविशंकर प्रसाद



भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एग्जिट पोल पर कहा कि एग्जिट पोल ही एग्जैक्ट पोल है। विपक्षी नेताओं की ओर से एग्जिट पोल पर सवाल उठाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष को दिन में सपने नहीं देखने चाहिए। उन्होंने कहा, देश की जनता पीएम मोदी को निर्णायक बहुमत देने जा रही है। पीएम मोदी देश के किसानों के लिए, देश की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं, आतंकवाद के खिलाफ काम कर रहे हैं, इन्हीं सब काम के आधार पर उन्हें वोट मिले हैं।

# फर्जी है एग्जिट पोल भरोसा न करें : सीएम

## कल्पना बोलीं, 4 जून का वेट करें, चक्कर में न पड़ें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के बाद रविवार की शाम मुख्यमंत्री चंपाई सोरन तथा कल्पना सोरेन और सुप्रियो भट्टाचार्य रांची लौट आये। एयर पोर्ट पर मीडिया से बातचीत में सीएम ने कहा यह एक्जिट पोल फर्जी है। इंडिया गठबंधन वाले 295 प्लस सीट लाने जा रहे हैं। दिल्ली में अगली सरकार भी हमारी ही बनेगी। वहीं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि एक्जिट पोल के चक्कर में न पड़ें, चकरा जायेंगे। चार जून का इंतजार करें। आप सभी को आपका जबाव मिल जायेगा। सीएम ने कहा कि झारखंड में इसबार तो भाजपा का खाता भी नहीं खुलने जा रहा है। झारखंड में हम 10 प्लस सीट जीतने जा रहे हैं। इससे पूर्व दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा था एग्जिट पोल सही नहीं है। हमलोगों ने सभी राज्यों का विश्लेषण किया है। हम 295 सीट जीत रहे हैं। प्रधानमंत्री कौन होगा, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि चार जून के बाद गठबंधन दलों की बैठक दिल्ली में होगी। इसमें प्रधानमंत्री समेत आगे का निर्णय लिया जायेगा। रांची में सीएम ने कहा कि गांडेय विस सीट हम रिकार्ड मतों से जीतने जा रहे हैं।





**सभी सजग रहें :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों से भी सजग रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे एग्जिट पोल को इग्नोर करें और 4 जून को मतगणना खत्म होने तक सजग, सतर्क और सचेत रहें। वहां डटे रहें।

## चुनाव खत्म होते ही एक्शन में पीएम मोदी, कई बैठकें की

# हीटवेव-बाढ़ पर चर्चा, पहले 100 दिन के एजेंडे पर मंथन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के 7वें और आखिरी चरण के मतदान समाप्त होने के अगले ही दिन पीएम मोदी मोदी एक्शन में आ गये। रविवार को उन्होंने देशभर में जारी हीटवेव और मानसून की स्थिति की समीक्षा की। देश में भीषण गर्मी की स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा भी लिया। रविवार की सुबह पीएम आवास में आयोजित बैठक में पीएम के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



**प्रचंड गर्मी और आग से बचाव जरूरी :** पीएम ने निर्देश दिया है कि गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए उचित अभ्यास नियमित आधार पर किया जाना चाहिए। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अग्निशमन सुविधाओं की जांच और विद्युत सुरक्षा की जांच नियमित रूप से की जानी चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

### पहले ही तैयार किया था 100 दिन का एजेंडा

लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले ही मोदी ने नयी सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों और पहल को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। पार्टी पदाधिकारियों के संग बैठक में पीएम मोदी ने इस मुद्दे पर भी गहन चर्चा और समीक्षा की। चुनाव के संपन्न होने के बाद अधिकांश एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि एनडीए फिर से सत्ता में वापसी कर रहा है।

## 18 जिलों में वर्षा-वज्रपात को ले कर अलर्ट जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मौसम विभाग ने कहा है कि 18 जिलों में बारिश एवं वज्रपात के बाद कम से कम 9 जिलों में लू चलेगी। रांची का तापमान 40 डिग्री के पार रहेगा। 3 जून को झारखंड के इन जिलों में गरज के साथ वर्षा की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के रांची स्थित मसौम केंद्र ने इस संबंध में येलो अलर्ट जारी कर दिया। राजधानी रांची में 3 जून को रांची में बादल छाये रहेंगे। गरजने वाले बादल भी बन सकते हैं। 4 जून से 6 जून तक राजधानी रांची में लू चलेगी। अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहने का अनुमान है।

**मौसम पूर्वानुमान :** रविवार को मौसम विभाग की ओर से जारी अगले 4 दिन के मौसम पूर्वानुमान में एक दिन तेज हवाओं के साथ वर्षा एवं वज्रपात होने की चेतावनी दी गयी है। फिर 3 दिन तक उष्ण लहर या लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 2 जून को कहीं-कहीं गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया है कि 3 जून को उत्तर-पूर्वी, मध्य तथा दक्षिणी झारखंड में कहीं-कहीं गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की आशंका है। इन जगहों पर 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकतीं हैं। चार जून को गढ़वा, पलामू एवं चतरा जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जायेगी। पांच और छह जून को नौ जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। (शेष पेज 11 पर )

### जयराम रमेस को नोटिस आयोग ने मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मतगणना से पहले 150 जिला अधिकारियों को फोन करने संबंधी दावे को गंभीरता से लिया है। आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है और इस मामले में आरोपों का आधार बताते हुए स्पष्टीकरण देने को कहा है। आयोग ने नोटिस में श्री रमेश के शनिवार को सोशल मीडिया एक्स के पोस्ट का हवाला देते हुए उनसे जवाब मांगा है। इस पोस्ट में श्री रमेश ने दावा किया, निवर्तमान गृह मंत्री ने डीएम को फोन किया है। अब तक 150 से बात भी कर ली है। आयोग ने श्री रमेश को नोटिस भेजकर कहा,आप अपनी बातों का प्रमाण के साथ हमें जवाब भेजें। आयोग को आपको यह बताना होगा कि आपकी इस जानकारी और इस सार्वजनिक पोस्ट का आधार क्या है।

# झारखंड विधासभा के पास पहुंचा जंगली हाथियों का झुंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के पास शनिवार की रात करीब 12.30 बजे जंगली हाथी पहुंच गया। करीब दो घंटे तक हाथी झारखंड विधानसभा के आसपास घूमता रहा। हाथी को देखकर स्थानीय लोग काफी दहशत में रहे। किसी तरह पुलिस ने सायरन बजाकर और पटाखे फोड़कर जंगली हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। बताया जा रहा है कि नगड़ी के पास जंगल में हाथियों का झुंड घूम रहा है। उस झुंड में से एक हाथी भटक कर विधानसभा के पास पहुंच गया था। हालांकि देर रात होने और सड़क पर भीड़ न होने के कारण हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। विधानसभा थाना प्रभारी प्रदीप ने बताया कि शनिवार रात करीब 12.30 बजे सूचना मिली कि विधानसभा के पास खेत की ओर एक जंगली हाथी आया था। स्थानीय लोग उसे भगाने का प्रयास कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और पहले तो सायरन बजाकर हाथी को भगाने का काफी प्रयास किया।

### पुलिस ने सायरन बजा और पटाखे फोड़कर भगाया



स्थानीय लोगों ने धैर्य के साथ हाथी को भगाने में सहयोग किया। देर रात होने और सड़क पर भीड़ न होने के कारण हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया ।

### हत्या कर सिर को लेकर घूमता रहा युवक

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत कूदलुंग गांव में एक युवक ने व्यक्ति की हत्या कर दी और उसके सिर को धड़ से अलग कर गांव में घूमता रहा। युवक सिर को लेकर घर पहुंच गया, जहां उसके घर वालों ने उसे पकड़कर रस्सी से बांध दिया और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कूदलुंग निवासी निताई महतो (60) रविवार भोर चार बजे आम तोड़ने की बात कहकर घर से निकले थे। इसी बीच गांव के ही मिथुन ने उनकी हत्या कर सिर को धड़ से अलग कर दिया और गांव में लेकर घूमता रहा। निताई का बेटा प्रहलाद महतो भी मौके पर पहुंचा। उसने बताया कि उसके पिता आम चुनने के लिए घर से निकले थे। घर से आधे किमी की दूरी पर मिथुन का घर है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## अंतरिम जमानत खत्म, माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जेल पहुंचे

# देश बचाने के लिए जा रहा हूं जेल : केजरीवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार शाम तिहाड़ जेल चले गये। इससे पहले जेल के लिए वह घर से माता-पिता का आशीर्वाद लेकर निकले और राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। हनुमान मंदिर में पूजा की और पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या-क्या होगा, मुझे नहीं पता। रविवार को उनकी 21 दिन की अंतरिम जमानत की अवधि पूरी हो गयी।



**मेरे खिलाफ कोई सबूत नही :** केजरीवाल ने रविवार को कहा कि आबकारी नीति मामले में जांच एजेंसियों के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और वह देश को बचाने के लिए जेल में जा रहे हैं। अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद आज तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा, मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठायी। उच्चतम न्यायालय से 21 दिन की राहत मिली थी। यह 21 दिन अविस्मरणीय थे। इस दौरान एक मिनट भी बर्बाद नहीं किया। आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है, देश प्रथम है। उन्होंने कहा कि भारतीय एनडीए के तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान जताने वाले सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं।

### केंद्र पर बोला हमला

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो मोहल्लत दी थी, इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। मैं इसलिए जेल जा रहा हूं क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठायी है। पूरे देश के सामने मोदी के पास मेरे खिलाफ रत्ती भर सबूत नहीं है। 500 से ज्यादा स्थानों पर रेड हुई, लेकिन एक चवन्नी नहीं मिली, कोई सुबूत नहीं मिला। इस सवाल पर पीएम ने कहा कि मैं मानता हूं कि केजरीवाल के खिलाफ एक रुपए का सबूत नहीं है। अरविंद केजरीवाल अनुभवी चोर है। बहुमत वाली सरकार को बिना सबूत जेल में डाल दिया यही तो तानाशाही है। यह लोग किसी को भी पकड़ कर बिना सबूत जेल में डाल रहे हैं। इसी तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूं।

# सीसीटीवी व वीडियोग्राफी के बीच होगी काउंटिंग

### कड़ी सुरक्षा में कल मतगना, आयोग के निर्देश पर सभी तैयारी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। स्ट्रांग रूम को खोलने से लेकर इवीएम को काउंटिंग टेबल तक लाने और इसके बाद काउंटिंग की प्रक्रिया 360 डिग्री एंगल वाले सीसीटीवी के साथ-साथ वीडियो कैमरे की निगरानी में पूरी होगी। ऐसी व्यवस्था की गयी है कि जिन परिसरों में मतगणना होगी उसका कोई भी स्थान शैडो एरिया नहीं रहेगा। इवीएम में दर्ज वोटों की काउंटिंग सुबह 8.30 बजे शुरू की जायेगी। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के वोटों की गिनती राउंड वाइज की जायेगी और इसके बाद उन्हें जोड़कर हर राउंड के रिजल्ट का ऐलान किया जायेगा। राज्य निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि जिन जिला मुख्यालयों में काउंटिंग करायी जानी है, वहां 4 जून को धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी है। उस दिन जिलों में 'ड्राई डे' घोषित किया किया है।

(शेष पेज 11 पर)

## राज्य के 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 के मुकाबले अधिक हुआ मतदान

# सातवें चरण में झारखंड के तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में डाले गये 70.88% वोट

### झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में हुआ 66.49 प्रतिशत मतदान : सीइओ

12 लोकसभा क्षेत्रों के मतदान में महिलाओं का रहा दबदबा

पूरे चुनाव के दौरान तीन पुलिसकर्मी, 2 ड्राइवर और एक चुनावकर्मी की अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। सभी के परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान का लाभ मिलेगा।



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 7वें चरण के चुनाव में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में संपन्न मतदान में 70.88 % वोट डाले गये। यहां से चुनाव कराने के बाद सभी पोलिंग पार्टी वापस लौट आयी हैं। यह बातें राज्य के मुख्य निर्वाची पदाधिकारी के रवि कुमार ने धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में रविवार को कही। उन्होंने कहा कि सभी इवीएम स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील कर दिये गये हैं। सभी मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि राजमहल, दुमका और गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 70.88 प्रतिशत मतदान हुआ है। उसमें राजमहल में 70.78 प्रतिशत, दुमका में 73.87 प्रतिशत और गोड्डा में 68.63 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसी तरह झारखंड के सभी 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत 66.49 प्रतिशत रहा है।

### बिहार के सीमावर्ती इलाकों में कम पड़े वोट

उन्होंने बताया कि 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार 2024 के चुनाव में झारखंड के 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से 8 में अधिक मतदान हुआ है। जिन 6 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 की तुलना में कम मतदान हुआ है, वह सभी बिहार राज्य की सीमा से जुड़े क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि संभावना है कि उस इलाके में पलायन आदि कारणों से ऐसा हुआ है। मतदान से जुड़ी एक रोचक जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से 12 में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। सिर्फ रांची और जमशेदपुर में पुरुष मतदाताओं ने महिलाओं से अधिक मतदान किया है, लेकिन उसका अंतर भी मामूली रहा है। वहीं 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत पड़ने वाले 68 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। सिर्फ 13 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं से अधिक पुरुषों ने मतदान किया है।

### कल सुबह आठ बजे से होगी मतगणना

सभी 14 केंद्रों पर मतगणना की तैयारी जारी है। 4 जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। नियमित अंतराल पर हर राउंड के नतीजे की घोषणा होती रहेगी। उन्होंने बताया कि संभावना है कि शाम चार बजे तक मतगणना पूरी हो जाएगी। नतीजे ऑनलाइन भी देखे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 135 करोड़, 29 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

## कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने मनाया 51वां वर्षगांठ समारोह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमओएआई) ने रविवार को 51वां वर्षगांठ समारोह मनाया। रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह, सीसीएल डायरेक्टर पर्सनल हर्षनाथ मिश्रा, डायरेक्टर फाइनेंस पवन कुमार मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सीएमओएआई के सभी मेंबर शामिल हुए। इस अवसर पर 45 मेंबर और 9 सब्सिडरी मेंबर को मोमेंटो, बुके, शॉल देकर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया :** कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सीएमओएआई एपेक्स के अध्यक्ष देवनाथ सिंह ने कहा कि सीएमओएआई की गोल्डन जुबली समारोह में सीसीएल के नये सीएमडी के स्वागत में सभी एकजुट हुए हैं। सीसीएल सीएमडी सीएमओएआई के संरक्षक होते है। कार्यक्रम के तहत नव नियुक्त सीएमडी को संरक्षक पद पर पदभार ग्रहण कराया गया।

## 8 जून को पतरातू में बनेगी पासवा की प्रदेश और जिला स्तरीय कमेटी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की प्रदेश स्तरीय और जिला स्तरीय कमेटी का गठन 8 जून को पतरातू स्थित लेक रिजॉर्ट पर्यटन विहार में प्रथम एक दिवसीय स्टेट कॉन्फ्रेंस में होगा। इसका उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामशेवर उरांव करेंगे। इसकी अध्यक्षता पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे करेंगे। यह जानकारी रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने दी। स्टेट कॉन्फ्रेंस में देश के अन्य राज्यों से पासवा के पदाधिकारी एवं शिक्षाविद भी शामिल होंगे। स्टेट कांफ्रेंस में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत शिक्षा में हुए आमूल चूल परिवर्तन और पढ़ने की नई तकनीक पर एक विशेष सेमिनार आयोजित होगा, जिसमें शिक्षाविद् द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा। साथ ही झारखंड में निजी विद्यालयों को हो रही समस्या और उसके समाधान के उपाय पर चर्चा होगी। इसके अलावा राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय कमेटी का गठन होगा तथा पासवा के संरक्षक वित्त मंत्री द्वारा मनोनीत सदस्यों को मनोनयन पत्र दिये जायेंगे। श्री दूबे ने बताया कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। झारखंड के सभी जिलों के प्रतिनिधि कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों के मनोनीत की सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आइएएस मनीष रंजन से आज फिर ईडी की पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच कर रही है। इस मामले में ईडी ने आईएएस मनीष रंजन से 28 मई को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी अब फिर सोमवार को मनीष रंजन को पूछताछ करेगी। घोटाले की जांच के क्रम में इसी महीने छह मई को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस रहे संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के फ्लैट से ईडी को कई दस्तावेज हाथ लगे थे। उसमें कमीशन की राशि किन-किन लोगों को जाती थी, इसका पूरा विवरण मौजूद है। ईडी ने इस संबंध में भी सवाल-जवाब किए लेकिन मनीष रंजन ने इन सभी सवालों पर अपनी अनभिज्ञता जताई। ईडी ने उन्हें मंत्री आलमगीर आलम के समक्ष भी बैठाकर भी सवाल किए, लेकिन ईडी के सवालों पर दोनों ने चुप्पी साध ली। इससे पहले ईडी ने उन्हें 24 मई को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे ईडी कार्यालय नहीं आए थे और जांच एजेंसी से समय देने का आग्रह किया। पर ईडी ने उन्हें अगले ही दिन 25 मई को फिर से समन कर 28 मई को पूछताछ के लिए बुला लिया था।

### ईडी के हाथ लगे मनीष रंजन की प्रॉपर्टी डिटेल



झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव और फिलहाल राज्य में राजस्व सचिव के पद पर तैनात वरीय मनीष रंजन, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल समेत जहांगीर आलम की प्रॉपर्टी और इन्वेस्टमेंट की जानकारी इकट्ठा कर रही है। ईडी को अब तक यह जानकारी मिली है कि मनीष रंजन उनकी पत्नी और पारिवारिक सदस्यों के नाम पर सिर्फ रांची जिला में तीन प्रॉपर्टी खरीदी गई है। मनीष रंजन उनकी पत्नी और पारिवारिक सदस्यों के नाम पर जो संपति खरीदी गई है, वह फ्लैट और जमीन है। एक संपति पिछले वर्ष ही खरीदी गई है, जिसकी कीमत लाखों में है। एक प्रॉपर्टी की कीमत तो करीब 95 लाख रुपए से भी ज्यादा की है। इसके साथ ही मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसकी पत्नी के नाम पर भी इन्वेस्टमेंट की जानकारी ईडी को मिली है।

## झाप्रसे के रिटायर अधिकारी की सेवा मानी जायेगी विनियमित

### देवनीश किड़ो के निलंबन की समयावधि में मिली कुछ राहत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झाप्रसे से रिटायर अधिकारी व तत्कालीन प्राचार्य केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थाना ब्राम्बे रांची देवनीश किड़ो को कुछ राहत मिली है। झारखंड हाइकोर्ट के द्वारा पारित आदेश के बाद धनार्जन मामले में निलंबन अवधि 6 फरवरी 2010 से दिनांक 29 मार्च 2016 एवं दोबारा निलंबित किए गये दिनांक सात अप्रैल 2016 से 1 मई 2017 की अवधि तक इस शर्त के साथ सेवा विनियमित की गई है कि उक्त अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ नहीं मिलेगा।

**पेंशन की जायेगी गिनती :** हालांकि उक्त अवधि की गणना पेंशन के लिए की जायेगी। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बताते चलें कि देवनिश किड़ो रांची एसएआर कोर्ट में भी पदस्थापित थे। उनके ऊपर प्रत्यानुपातिक धनार्जन मामले में कार्रवाई की गई थी। मामला निगरानी में अभी दर्ज है।

विभागीय कार्यवाही भी संचालित की गई। देवनीश किड़ो ने राहत के लिए झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उन्हें कुछ राहत मिली है।

## राज्य की पांचों आदिवासी सीटों पर हेमंत की गिरफ्तारी का गुस्सा, इंडी को मिलेंगी सात-आठ सीटें : अभियान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकतंत्र बचाओ अभियान ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों के रवैये, आयोग की भूमिका और जमीनी जनमत को साझा किया। अभियान लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में पिछले 1.5 साल से राज्य के कोने-कोने में लोगों के बीच तक गया, जन मुद्दों को बारीकी से समझा और चुनावी प्रक्रिया को नजदीकी से देखा। इस मौके पर अभियान के अम्बिका यादव, अलोका कुजूर, भरत भूषण चौधरी, एलिना होरो, मंथन और टॉम कावला ने अपना अनुभव संयुक्त रूप से साझा किया।

**इंडिया को 7-8 सीटें मिलेगी :** प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में इन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राज्य के दौरे से यह साफ है कि मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का जनमत मोदी सरकार के विरुद्ध है। खासकर के पांचों आदिवासी सीटों पर। लोगों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी को लेकर व्यापक गुस्सा है। साथ ही, संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना, वादों का महज जुमला बन जाना, विभिन्न जन अधिकारों को खत्म किया जाना एवं गांव-समाज में धर्म के नाम पर हिंसा व साम्प्रदायिकता में बढ़ोतरी- इनके विरुद्ध भी मतदाता एकजुट दिखें। अभियान का मानना है कि झारखंड में इंडिया गठबंधन को कम से कम 7-8 सीट मिलेंगी।

**चुनाव आयोग ने भाजपा को खुली छूट देकर लोगों का विश्वास तोड़ा :** अभियान से जुड़े लोगों ने बताया कि चुनावी भाषणों में झूठ और साम्प्रदायिकता फैलाने के लिए भाजपा को खुली छूट देने के अलावा आयोग ने चुनावी प्रक्रिया पर भी लोगों के विश्वास को तोड़ा है। पहली बार ऐसा हुआ कि आयोग ने मतदान के लगभग दो सप्ताह बाद फाइनल मतदाताओं की संख्या को सार्वजानिक किया। मतदान के अगले दिन जारी किये गए आंकड़ों में कई दिनों बाद बढ़ोतरी की गयी। पूरे देश में एक करोड़ वोट से भी अधिक की बढ़ोतरी की गयी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ही चुनाव आयोग ने मतदान किये कुल वोटरों की संख्या सार्वजानिक किया लेकिन आयोग आज तक इसका कारण साफ रूप से नहीं बताया है। अभियान ने लोकसभाओं के रिटर्निंग अफसरों से मांग की है कि वे 4 जून से पहले बूथ-वार फॉर्म 17सी (जिसमें मतदान के आंकड़े दर्ज रहते हैं) को सार्वजानिक करें।

### नरेंद्र मोदी ने नफरत, झूठी बातों का प्रचार और धार्मिक ध्रुवीकरण करके वोट मांगा

बताया कि इस बार भाजपा द्वारा पूरे राज्य में वीभत्स और सांप्रदायिक चुनावी अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री समेत शीर्ष नेताओं ने लगातार अपने चुनावी भाषणों में मुसलमानों के विरुद्ध नफरत, झूठी बातों का प्रचार और धार्मिक ध्रुवीकरण कर वोट मांगा। उनके द्वारा आचार संहिता व लोक प्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन किया गया। अभियान के कई शिकायतों के बावजूद न उनके विरुद्ध कार्रवाई हुई और न ही उन्हें यह करने से रोका गया। इस चुनाव में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत निंदनीय रही है। आयोग ने अपनी निष्पक्ष भूमिका के विपरीत भाजपा के एजेंट के रूप में काम किया है। भाजपा द्वारा कई प्रकार के उल्लंघन लगातार किये गए। जैसे मतदान केंद्रों के बाहर चुनाव चिन्ह और मोदी फोटो युक्त मतदान पर्ची बांटना। शिकायतों के बावजूद आयोग द्वारा इन्हें रोकने की सक्रियता नहीं दिखाई गयी।

## स्व. पीएन सिंह हमेशा दलित व शोषित समाज के हिमायती रहे : कांग्रेस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय पीएन सिंह की जन्म जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की स्वर्गीय पीएन सिंह का राजनीतिक सफर का आगाज ही कांग्रेस की छत्र छाया में हुआ। इन्होंने राजनीतिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई और सदैव दलित, शोषित और समाज के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे। इन्होने 1980 में हटिया विधानसभा से चुनाव लड़ा और चुनाव में विजय घोषित होने के उपरांत रिकाउंटिंग में मात्र 52 वोट से पिछड़ गए। इनकी जन सेवा एवं कांग्रेस के प्रति सेवा भाव को देखते हुए 1987 में इन्हें बिहार राज्य लघु उद्योग निगम का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि झारखंड गठन के पश्चात 2000 में झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कार्यभार संभाला और कांग्रेसियों में ऊर्जा का संचार किया। इनकी इच्छा शक्ति और कार्य के प्रति लगनशीलता को देखते हुए इन्हें 1980 से जीवन के अंतिम काल तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। पीएन सिंह जीवन पर्यंत कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करते हुए कांग्रेस कार्यकताओं के सुख-दुख में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करते थे।

## सभी विभाग योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हैं तैयार, वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए बजट में शामिल योजनाओं पर रहेगा जोर

# झारखंड में चुनाव आदर्श आचार संहिता खत्म होते ही बढ़ेगी विकास की रफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में आचार संहिता के खत्म होते ही विकास की रफ्तार तेज होगी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बनाई गई योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इसके लिए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिवों को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगनी है। ऐसे में सभी विभाग वैसी नई योजना की पूरी तैयारी कर रखें, जिसकी आचार संहिता से पहले स्वीकृति मिल सके। योजना की स्वीकृति के बाद टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो जाए। जनोपयोगी एवं लोकहित संबंधित योजनाओं को आगामी छह माह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्राथमिकता के साथ एक ठोस कार्ययोजना तैयार कर काम करें।

### 2024-25 के लिए तैयार की गयी हैं 216 योजनाएं



वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 216 योजनाएं तैयार की गयी हैं। इन योजनाओं में से 80 योजनाओं के आधार पर बाल बजट भी तैयार किया गया है। इसके लिए सरकार की ओर से करीब 8866.69 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है। साथ ही किसानों की ऋण माफी, गरीबों को घर बनाने के लिए अबुआ आवास योजना के तहत लाभ और गरीबों की थाली में दाल-भात के साथ सब्जी देने की भी योजना शामिल है।

### झारखंड के विकास के लिए इन योजनाओं पर होगा काम, सड़क, सिंचाई, जलापूर्ति और कॉलेज भवनों के निर्माण पर जोर



**अबुआ आवास योजना :** झारखंड के गरीब परिवारों को घर मुहैया कराने के लिए सरकार की ओर से अबुआ आवास योजना के तहत आवास ऋण की रकम को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3.50 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके लिए सरकार की ओर से करीब 4,831.83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अबुआ आवास के लिए वित्त वर्ष 2024-25 से लेकर 2027-28 के दौरान हरेक साल करीब 4.5 लाख परिवारों को आवास मुहैया कराए जाएंगे और 2027-28 तक करीब 20 लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



**टेरिटरी हेल्थ केयर :** टेरिटरी हेल्थ केयर को मजबूत बनाने के लिए राजधानी रांची में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी। साथ ही पहले से संचालित रिम्स को सुदृढ़ीकरण और रिनपास के कैंपस में उपलब्ध जमीन पर एक मेडिको सिटी की स्थापना की जाएगी।



**अंडरग्राउंड पाइपलाइन :** पलामू जिले में अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों और जल निकायों में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए 456.63 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई गई है। इससे पलामू के चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छत्तरपुर, हुसैनाबाद और मोम्मदगंज के निवासियों और किसानों को लाभ मिलेगा।



**सिंचाई परियोजना :** सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन की योजना है। इसके तहत बराकर नदी पर वीयर का निर्माण कराने के बाद अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए पीरटांड प्रखंड के अलावा पूर्वी सिंहभूम के पटमदा आदि क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण :** वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान राज्यभर में करीब 2,500 आंगनबाड़ी केंद्रों पर नए भवन का निर्माण होगा। झारखंड में फिलहाल करीब 38,432 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए टेबल-कुर्सी के लिए ₹280.17 करोड़ खर्च किये जायेंगे।



**स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क :** सरकार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्लाउड कम्यूटिंग, एआर-वीआर और बाजार की मांग वाली सेवाओं में रिटेल, हॉस्पिटालिटी, वित्तीय सेवाओं के लिए स्पेशल परपस व्हीकल के माध्यम से बीआईटी सिंदरी में स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना की जाएगी।

**ब्लॉक लेवल लीडर स्कूल :** प्राथमिक-माध्यमिक शिक्षा में सुधार के लिए प्रखंडस्तरीय लीडर स्कूल का निर्माण कराया जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सरकार पूरे झारखंड में करीब 325 प्रखंडस्तरीय लीडर स्कूलों और करीब 4,036 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयों का निर्माण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



**जलापूर्ति योजना :** अमृत 2.0 मिशन के तहत झारखंड में करीब आठ जलापूर्ति योजना की शुरूआत की जाएगी। इनमें कपाली, जामताड़ा, गुमला, बरहरवा, हरिहरगंत, छत्तरपुर, श्रीवंशीधर नगर, और लोहरदगा में जलापूर्ति योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

**19 नए कॉलेज का निर्माण :** वित्त वर्ष 2024-25 के सालाना बजट में 19 नए कॉलेज खोलने की योजना है। इसमें 14 डिग्री कॉलेज और 4 महिला कॉलेज शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 2500 किलोमीटर रोड और करीब 200 पुलों का निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



**रांची में इनर रिंग रोड :** वर्ष 2024-25 में नए रोड का निर्माण, उसका नेटवर्क बढ़ाने और कोर रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी विकसित करने की योजना है। ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट और इम्पॉर्टेंट कॉरिडोर के निर्माण के साथ ही रांची में इनर रिंग रोड का निर्माण कराया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### चांडिल : एनएच 33 सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

**चांडिल।** शनिवार को चांडिल थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पाटा के पास रात करीब साढ़े नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 65 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। चांडिल के समाजसेवी निखिल महतो ने मानवता का परिचय देते हुए एन एच 33 बीच सड़क पर पड़ी महिला को चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव की मदद से चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी थी।

### वज्रपात से गाय की मौत, मुआवजे की मांग

**बेरमो /खेतको।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत खेतको पंचायत के नयाडीह टोला निवासी रामेश्वर यादव की गाय चलकरी दक्षिणी पंचायत के सुंडी टोला में शनिवार के लगभग 4.30 बजे शाम में बारीश और आसमानी बिजली की जद में आ गई जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब यह घटना घटी उस समय मवेशी खेत में चर रही थी। मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोग उक्त समय घटना स्थल के कुछ दुरी पर अपने घर के दरवाजे पर खड़े थे। ग्रामीणों की माने तो जब यह हादसा हुआ सबके आंखें बंद हो गई और सभी भय से भर उठे सभी ने कहा कि भगवान की कृपा से हम लोग बच गए नहीं तो कुछ भी हो सकता था।वही रामेश्वर यादव ने कहा की यह गाय प्रतिदिन लगभग 15 किलो दूध देती थी और इसी से हमारे घर की गुजर बसर चलता था। इस की सूचना गांव की मुखिया, पेटरवार थाना वा पशु चिकित्सा विभाग को दे दिया गया है। गरीब किसान ने आपदा प्रबंधन से मदद की गुहार लगायी है।

### बेरमो में आंधी-तूफान से बिजली आपूर्ति प्रभावित

**बेरमो।** शनिवार की शाम को बारिश के साथ आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। करगली के सुभाषनगर, बिरसानगर, जवाहर नगर, कारो, रामनगर और बेरमो सीम में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से करीब 15 हजार की आबादी अंधेरे में रहने को विवश है। बारिश के साथ तेज हवाओं ने गर्मी से थोड़ी राहत जरूर दिलाई थी, लेकिन रविवार सुबह जैसे ही मौसम साफ हुआ, सीसीएल बीएंडके और ढ़ोरी कई क्लोनियो में आपूर्ति को बहाल कर दिया गया। सुभाषनगर सहित कॉलोनी आंधी-तूफान के कारण गुल हुई बिजली खबर लिखे जाने तक बहाल नहीं हो पाई है। कारगली कोलियरी के विभागीय टीम दिनभर जुटी रही, परंतु दोपहर तक सफलता हासिल नहीं हो पाई है। 20 हजार के करीब आबादी अंधेरे में डुबी हुई है। बिजली विभाग की टीम दिनभर खंभो को लाने और खड़ा करने में लगी रही। वहीं, तेज आंधी से कई घरों की टीन उखड़ने के समाचार प्राप्त हुए हैं। वहीं इस संबंध में फोरमैन दिनेश बैठा ने बताया कि लाइन में खराबी के कारण आपूर्ति प्रभावित है। विभागीय टीम इसे दुरुस्त कर रही है। देर शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किये जायेंगे।

### खुली खदान कार्यालय परिसर में हुई बैठक

**बेरमो /जारंगडीह।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह खुली खदान कार्यालय परिसर में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने बैठक की। बैठक में जारंगडीह से उत्खनन कार्य में लगे मशीन को अन्यत्र भेजे जाने का विरोध का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता एटक के जोनल सचिव चंद्रशेखर झा तथा संचालन एनसीओईए शाखा सचिव मोहम्मद निजाम अंसारी ने किया।मिली जानकारी के अनुसार उक्त बैठक में वर्कशॉप उत्खनन विभाग के वरीय कर्मी मोहम्मद नसीम द्वारा ट्रेड यूनियन नेताओं के समक्ष स्थानीय प्रबंधन द्वारा एलएनटी मशीन के अन्यत्र स्थानांतरण किए जाने की बात कही गयी। उन्होंने कहा कि हम मजदूर अपनी चट्टानी एकता को बनाए रखने के लिए आप लोगों का साथ चाहिए बैठक में संयुक्त यूनियन मोर्चा नेताओं द्वारा कहा गया कि प्रबंधन द्वारा जारंगडीह के मशीन एवं मैन पावर को अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के निर्णय का तीव्र प्रतिवाद किया जायेगा।

---

### कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में पार्टी की जिला स्तरीय बैठक, उपस्थित लोगों ने एक सुर में कहा

# हर हाल में राहुल गांधी का हाथ मजबूत बनाये रखेंगे कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में सुबह 11 बजे से आयोजित की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी थे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ नेतागण, अग्रणी संगठन विभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्ण इमानदारी, मेहनत के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के चुनाव कार्य में तन मन धन से मदद किया। इतना ही नहीं कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओं ने बहुत ही लगन से हजारों-हजार घरों तक जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस पार्टी का गारंटी पत्र वितरण कर लोगों का डाटा एकत्र करने के साथ सभी गारंटी के विषय को विस्तार पूर्वक चर्चाएं कर इंडिया गठबंधन के पक्ष में बातों को रखे हैं।

मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि



बैठक में उपस्थित कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता।

संपूर्ण झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ता ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में बहुत अच्छा कार्य किया है। मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी कांग्रेस कार्यकर्त्ता ने तन मन धन लगाकर बहुत काम किया है। वैसे सभी कांग्रेस कार्यकर्त्ता, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नेताओं, अग्रणी संगठन विभाग, पंचायत एवं बूथ स्तर के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं।

आप सभी आगे के चुनौतीपूर्ण कार्यों पर नजर रखें। विपक्षी दल के जुमले पर भी नजर रखें। चार महीने बाद विधानसभा का चुनाव है। इसके लिए आप सभी एकजुट रहें एवं सजग रहें। बैठक में यह भी तय किया गया कि कोई भी कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी किसी भी परिस्थितिजन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी न करें, यदि कोई अमर्यादित टिप्पणी करता है, तो पूर्ण रूप से अनुशासनहीनता माना जायेगा। हर हाल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूती प्रदान करें। बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने एवं विस्तार का आह्वान किया गया।

#### जिला स्तरीय बैठक में ये भी रहे उपस्थित

आज की बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, प्रदेश सचिव सामंत कुमार, रियाजुद्दीन खान, बृजेंद्र तिवारी, राज किशोर यादव, संजय सिंह आजाद, योगेंद्र सिंह यादव, सुबोध सिंह सरदार, शफी अहमद खान, अरुण सिंह, गुरदीप सिंह, प्रिंस सिंह, दिबेश राज, कमलेश कुमार, सत्यम सिंह, पवन कुमार बबलू, संजय कुमार, राज नारायण यादव, अतुल गुप्ता, आशीष ठाकुर, सौरभ चटर्जी, संजय घोष, प्रमोद मिश्र, रंजीत सिंह, नीरज सिंह, सुबोध सिंह सरदार, रामदास चौधरी, रामलाल पासवान, अली राजा खान, मिट्ठू अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रंजन सिंह, पप्पू सिंह उज्जैन, अखिलेश सिंह, अंसार खान, पवन बिहारी ओझा, राज किशोर प्रसाद, काशीनाथ गिरी, अजय ओझा, इंतिखाब वास्ती, संजय तिवारी, बबन शुक्ला, इंदू भूषण यादव, वीरेंद्र पांडे, अनंत लाल, अमित गुप्ता, राजा ओझा, शिल्पी चक्रवर्ती, परशुराम मिश्रा, मनीष चंद्रवंशी, मोहम्मद सलीम, प्रवीण महानंद, रंजीत झा, अजय मंडल, प्रशांत चौबे, नारायण दे, मधुसूदन कैवर्त, उदय कुमार सिंह, अमृतपाल सिंह, वैभव उपाध्याय, कुमार गौरव, नवीन मिश्रा, नीरज साहू, सुशील घोष सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित शामिल हुए। उक्त जानकारी पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

---

# नक्शा विचलन कर बने अवैध भवनों को तोड़ने में भेदभाव कर रहा जिला प्रशासन : सरयू राय

- विधायक ने जिला प्रशासन और जेएनएसी की कार्यप्रणाली पर उठाये सवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय का कहना है कि जमशेदपुर में झारखंड सरकार के बिल्डिंग बायलॉज का घोर उल्लंघन होते आ रहा है, जिसके कारण झारखंड हाईकोर्ट ने नक्शा विचलन कर निर्माण हुए भवनों के अवैध भाग को तोड़ने का स्पष्ट निर्देश दिया है परंतु इस निर्देश का अनुपालन जिला प्रशासन और जमशेदपुर अक्षेस पक्षपातपूर्ण तरीका से कर रहा है। जिनकी ऊंची पैरवी है उनकी तरफ जिला प्रशासन और जमशेदपुर अक्षेस नजर नहीं उठा रहे हैं। जो अवैध भवन निर्माता सरकार में बैठे लोग, जिनमें मंत्री भी शामिल हैं के दरबार में हाजिरी लगाते हैं, उनके नक्शा विचलन की ओर प्रशासन और अक्षेस का ध्यान नहीं जा रहा है। कुछ अवैध निर्माणों को अंशिक रूप से ध्वस्त कर उच्च न्यायालय में गलत प्रतिवेदन सौंपा जा रहा है। उदाहरण के लिए साकची ठाकुरबाड़ी रोड के प्लॉट नं. 52 और 46 पर बने अवैध निर्माण और बाराद्वारी के प्लॉट नं. 122 पर निर्माणाधीन संरचना की अनदेखी की जा रही है, जबकि उच्च न्यायालय द्वारा गठित टीम की सूची में भी ये संरचनाएं शामिल हैं। साकची में ही 'साकची फार्मा' के भवन का जी+2 का नक्शा पारित कर 5 तल्ला निर्माण हो गया है और पार्किंग एरिया भी नहीं है। 'अपेक्स अस्पताल' के भवन के निर्माण में भी भारी नक्शा विचलन हुआ है और इन भवनों के नक्शा को अनियमित रूप से पारित किया गया है। टीके कंस्ट्रक्शन की रीगल चौक पर बनी बिल्डिंग जिसमें 'क्रोमा' और 'ऑक्सीजन' जैसे उपक्रम



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सरयू राय।

चल रहे हैं, उनका नक्शा अनियमित होने और अनियमित नक्शा में भी भारी विचलन होने के बावजूद उच्च न्यायालय का आदेश इनपर लागू नहीं हो रहा है। रात 10 बजे तक सामने की सड़क पर 2-3 कतार में वाहन पार्क हुए दिखाई पड़ते हैं।

अपने बिष्टुपुर आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए विधायक सरयू राय ने कहा कि झारखंड बायलॉज के सेक्शन 440 में कॉमर्शियल एवं आवासीय भवनों के कितने हिस्से में पार्किंग रहेगा और कितना हिस्सा सैट बैक छोड़ना पड़ेगा इसका प्रावधान है परंतु जिला प्रशासन और जमशेदपुर अक्षेस इन प्रावधान को लागू किए बिना ही नक्शा पारित कर दे रही है। जमशेदपुर अक्षेस में पंजीत गलत नक्शा बनाने वाले आर्किटेक्ट पर कोई कारवाई नहीं हो रही है। जिन अधिकारियों ने विगत 10 वर्षों में गलत नक्शा पारित किया है उनपर तो सेक्शन 438 का उपयोग ही नहीं हो रहा है, जिसमें अनियमितता बरतने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने का प्रावधान है।

इससे भी बदतर स्थिति निर्मित एवं निर्माणाधीन भवनों को ऑक्यूपेंशी सर्टिफिकेट देने में हो रही है। इसमें जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील के टाऊन डिवीजन दोनों ही नियमों का उल्लंघन कर रहा है। संक्षेप में भवनों का नक्शा पास करने में, इन्हें ऑक्यूपेंशी सर्टिफिकेट देने में और नक्शा पारित करने में घोर धांधली हो रही है। जो सरकारी अधिकारी अनियमितताओं को दूर करना चाहते हैं, विचलन को रोकना चाहते हैं, अवैध निर्माण को ध्वस्त करना चाहते हैं, उनपर सरकार में बैठे लोगों का राजनीतिक दबाव पड़ जा रहा है।

---

# गोपाल मैदान में नौ जून को होगा ब्राह्मण महासंगम



सेवानिवृत डीएसपी कमल किशोर का स्वागत करते स्थानीय पदाधिकारी।

- मानगो राजस्थाणी भवन और सिदगोड़ा के भास्कर भवन में हुई तैयारी बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज मानगो डिमना रोड स्थित राजस्थानी भवन मे भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति की बैठक शिव प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में हुई। बैठक में बताया गया कि नौ जून को गोपाल मैदान में ब्राम्हण महासंगम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समाज की आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक रणनीति पर विचार किया जायेगा और एकजुटता प्रदर्शित की जायेगी। बैठक मे बतौर समिति के नेतृत्व कर रहे कमल किशोर ने बताया कि ब्राह्मणों की सहभागिता और वर्तमान व्यवस्था को एक न्या आयाम स्थापित होगा और यही आज की जरूरत है; क्योंकि अभी तक ब्राह्मणों की क्षमता पर संदेह करने वाले लोग पूरे सनातन धर्म पर उंगली करने का कार्य करते हैं और अन्य लोग या तो चुप्पी साधे हैं या प्रोत्साहन देने में जुटे हैं। यही सनातन धर्म के लिए खतरा है। इन सारे विषयों जो समाज को कचोटती है। समाज के पिछड़ी पंक्ति मे खडे व्यक्ति के साथ खड़ा होकर महसूस करने का भी संकल्प समाज ने लिया है और उसका निदान हेतु भी समाज को संगठित करने का संकल्प भी ब्राह्मण ने लिया है।

---

# जांच के बाद बेरमो एसडीओ ने मां शारदे सेवा सदन को किया सील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /गोमिया।** बेरमो एसडीओ अशोक कुमार ने शनिवार को गोमिया के स्वांग स्थित मां शारदे सेवा सदन हॉस्पिटल को सील कर दिया। एसडीओ ने बताया कि उक्त हॉस्पिटल अवैध रूप से चल रहा था। इसके साथ ही हॉस्पिटल चलाने का जो नॉर्मस है उसका पालन भी नहीं किया जा रहा था इसलिए हॉस्पिटल सील कर दिया। उन्होंने बताया कि डीसी के आदेश पर शनिवार को अहले सुबह से ही जांच की जा रही थी।

जांच के बाद हॉस्पिटल के प्रबंधक को हॉस्पिटल चलाने के लिए जो लाइसेंस प्राप्त है उसे मांगा गया जो मौके पर उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके अलावा हॉस्पिटल के पैथोलॉजी से लेकर लैब टेक्नीशियन चलाने वाले का योग्यता प्रमाण पत्र भी नहीं दिखाया गया। लिहाजा हॉस्पिटल को सील कर दिया गया।

एसडीओ के निर्देश पर गोमिया बीडीओ महादेव महतो, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह सीओ प्रदीप कुमार महतो, गोमिया अस्पताल के प्रभारी बलराम मुखी, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार और थाना प्रभारी नित्यानंद भोगता मां शारदे सेवा सदन सील करने पहुंचे थे। सीओ ने बताया कि एसडीओ के निर्देश पर हॉस्पिटल को सील किया गया है।

---

# भजन कीर्तन और अंतिम अरदास के साथ काले की मां पंचतत्व में विलीन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले की माता बलवंत कौर खनूजा का आज पूरे विधि विधान के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों ने अश्रुपूरित नैनों से उन्हें अंतिम विदाई दी। स्वर्णरेखा बर्निंग घाट पर उन्हें अंतिम विदाई देने के लिये शहर के अलावा राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। सुबह 9.30 बजे साकची स्थित आवास पर उनके शव को अंतिम दर्शन के लिये रखा गया। वहां से



मां की अर्थी को कंधा देते भाजपा नेता काले व अंतिम यात्रा में शामिल लोग।

शव को साकची गुरुद्वारा होते हुए स्वर्णरेखा बर्निंग घाट ले जाया गया। वहां भी भजन कीर्तन के साथ उन्हें अंतिम अरदास दी गयी। इस मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, व्यवसायी, कारोबारी, विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि, सिख संगठन के प्रतिनिधि, पत्रकार आदि मौजूद थे। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, अवकाशप्राप्त डीआईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह भी मौजूद रहे।

---

## एक नजर में

### सरजामदा में चला माहवारी जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर।** माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन आज सरजामदा के ग्रमीण क्षेत्र जसकंडीह मे विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से ड मनीष झा के द्वारा किया गया। मासिक चक्र संबंधित स्वच्छता एवं सेनेटरी नैपकिन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया। और यह भी बताया गया कि कैसे हम स्वच्छता से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन से बच सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं किशोरियों को निशुल्क प्रोजेक्ट बाला का सेनेटरी नैपकिन दिया गया। सैनिटरी पैड पाकर महिलायें एवं किशोरिया बहुत खुश हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे तुसुमनी गग्राई, निता, अनिता महतो एवं संस्था के अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

### श्याम सेवा समिति करा रही शवदाह शेड का जीर्णोद्धार



**चांडिल।** श्री श्याम सेवा समिति चांडिल इकाई चांडिल बामनी नदी स्थित मुक्ति धाम के शवदाह शेड का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। शवदाह जीर्णोद्धार का कार्य तिन चार दिन के पुरा हो जाएगा। मालूम हो कि दो वर्ष पूर्व करीब 14 लाख की लागत से शवदाह शेड एवं मुक्ति धाम का निर्माण कार्य कराया गया था। पहले शवदाह शेड नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार करने में बरसात के समय काफी दिक्कत होती थी। जीणोद्धार का कार्य लगभग सवा लाख की लागत से श्याम सेवा समिति के द्वारा कराया जा रहा है। जीणोद्धार कार्य के साथ साथ मुक्तिधाम का रंग रौगन एवं साफ सफाई का कार्य किया जायेगा। समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले समय में सोलर पैनल लाइट और दो सिमेंट के शवदाह शेड का निर्माण कराया जायेगा। समिति ने लोगों से मुक्ति धाम परिसर को साफ सफाई और स्वच्छ रखने की अपील की है।

### झुरकुली में बड़े-बड़े पेड़ कटे, जांच में जुटा वन विभाग



**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना अंतर्गत झुरकुली में एक व्यक्ति द्वारा गांव के कई बड़े वृक्षों को काटे जाने से ग्रामीण भड़क उठे हैं। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन विभाग को देते हुए कार्रवाई करने की मांग की गयी। है। सूचना पाकर पहुंचे वन विभाग के पदाधिकारी इसकी जांच में जुट गए है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों से लगातार गांव के बड़े वृक्षों के काटा जा रहा है। इसका विरोध करने पर गाली-गलौज किया जाता है। वनपाल देवेंद्र नाथ टुडू ने बताया कि वनकर्मियों द्वारा स्थल की जांच की गयी है। मामले की जांच कर वृक्ष काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

---

# सहारा सिटी के कर्मियों को कॉलोनी वासियों ने दिया छाता और ग्लूकोज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सहारा सिटी मानगो के कॉलोनी वासियों ने अपने सोसाइटी में काम करने वाले सुरक्षाकर्मी बिजली मिस्त्री प्लंबर मेंटेनेंस इंचार्ज सभी को दिन के समय एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए छाता और गर्मी से बचाव के लिये ग्लूकोज का वितरण किया। विगत कुछ दिनों से जिस तरह की गर्मी हम लोग महसूस कर रहे हैं

जहां ए सी और कुलर फेल हो गया है। ऐसी स्थिति में ये



कर्मचारी कॉलोनी के लिए काम करते हैं। मानवता के भाव को समझते हुए कॉलोनी के वासियों ने सोसाइटी के अध्यक्ष विपिन शर्मा एवं सचिव सुशील कुमार सिंह के आवाहन पर अपने छोटे-छोटे सहयोग से एक राशि इकट्ठा की। जिससे 12 बड़े साइज का छाता एवं ग्लूकोज का डिब्बा खरीदा गया। अब ये कर्मचारी दिन में धूप और बरसात में पानी से बचाव के लिये छाता का उपयोग गर्मी से अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए कर सकते हैं।

---

# नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में याद किये गये राधे श्याम अग्रवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में रविवार को उदित वाणी संपादक के संस्थापक राधे श्याम अग्रवाल के निधन पर शोक जताया और उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया। इस शोक की घड़ी में संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे ने कहा कि उनका जन्म 10 अप्रैल 1941 हुआ था पहले स्व अग्रवाल ने रांची विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर के रूप में भी कार्य किया था। स्व अग्रवाल 2005 में झारखंड की शिबू सोरेन सरकार में प्रेस सचिव भी रहे थे। वे अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। बड़े बेटे उदित अग्रवाल उदित वाणी के प्रकाशन से जुड़े हैं। मौके पर प्रो सुदिष्ट कुमार, जोयदीप पांडे, शांति राम महतो, देव कृष्णा महतो, पवन महतो, अजय मंडल, शशांक गोप, गौरव महतो, आदि उपस्थित थे।

---

# बंग भाषियों ने मनायी रवींद्र नजरूल जयंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड बंग भाषी समन्वय समिति रविवार को साकची हाई स्कूल में रवींद्र नजरूल जयंती और गुणी जन सम्मान समारोह का आयोजन किया है। आज का मुख्य अतिथि डॉक्टर सौरज्योति दे है। डॉक्टर सौरज्योति दे चीफ ऑफ वर्क्स टिनप्लेट कंपनी के। कार्यक्रम का शुरू दीप प्रज्ज्वलित करके और विश्व के दो महान कवि रवींद्र नाथ ठाकुर और कवि नजरूल इस्लाम



- जिन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया वो है- डॉ जहर बनर्जी (चिकित्सा और सामाजिक कार्य), तापस मित्र (आईन जीबी), डॉ राम रंजन सेन (शिक्षाविद), अंशु सरकार (योग गुरु), (शुभेंदु विश्वास (चित्र कार और भास्कर), पी के बर्मन (चैटर्ड अकाउंटेंट), शांता बनर्जी (संगीत शिल्पी), नारायण चंद्र पाल (मिट्टी का कलाकार), पूरबी घोष (समाज सेविका तथा सांस्कृतिक कर्मी), चित्रदीप भट्टाचार्जी (पत्रकार), तुषार दासगुप्ता (रंग कर्मी तथा नाट्यकार ), कल्याण गड़ाई (पत्रकारिता ग्रामीण क्षेत्र), विश्वनाथ मंडल (कवि साहित्यिक), मिथिलेश घोष (समाज सेवा)। धन्यवाद ज्ञापन संदीप सिन्हा चौधरी सचिव। आज का इस आयोजन को सफल करने में बानी मुखर्जी, उदय सोम, रंजीत मित्रा, गोविंद मुखर्जी, संदीप सिन्हा चौधरी, शुभ्रा दास भी मौजूद रहे।

को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। झारखंड बंग भाषी समन्वय समिति के अध्यक्ष विकाश मुखर्जी ने स्वागत भाषण दिया।

संक्षिप्त में समिति के वारे में बताये और विश्व प्रसिद्ध दोनो कवि को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन दो कवियों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि भी कवि रवींद्र नाथ ठाकुर और कवि नजरूल इस्लाम के बारे में बताए और इस गुणी जन सम्मान करने के इस कदम को सराहनीय बताया। इससे समाज के लोग प्रेरित होते है और उनकी ऊर्जा और बड़ जाति है।

इसके पश्चात एक छोटा सा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमे काकोली चक्रवर्ती ने रवींद्र संगीत और आयुष मित्र ने नजरूल गीत प्रस्तुत किये और तबला में संगत किये स्वरूप सिन्हा। वाचिक शिल्पी मिठू मंडल कवि रवींद्र नाथ ठाकुर के कविता पेश की और वाचिक शिल्पी मलय आचार्य और उनकी सुपुत्री सृजिता आचार्य ने कोलाज कर नजरूल की कविता प्रस्तुत किये। सभी कलाकारों को उत्तरीय और पुष्प स्तबक से सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### मिशन समृद्धि के सदस्यों ने किया भोजन के पैकेट का वितरण



■ मिशन समृद्धि संस्था से पोते का जन्मदिन मनाना दिल को सुकून देता है : आरती श्रीवास्तव

मेदिनीनगर। भागलपुर निवासी और मिशन समृद्धि संस्था की सहयोगी आरती श्रीवास्तव अपने पोते आर्हन (जो कैलिफोर्निया में अपने माता-पिता के साथ रहता है) का दूसरा जन्मदिन इसी संस्था में मनाया। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से इस संस्था का जरूरतमंदों के प्रति इनकी सेवा को देख अपना योगदान देने में लगी रहती हूं। आरती ने शनिवार को दोना पत्तल दातुन बेचने वालों तथा शनि मंदिर के आसपास जरूरतमंदों के बीच पुरी सब्जी का वितरण किया। पाठशाला के बच्चों के लिए भी केक का प्रबंध कराया। आरती ने जरूरतमंदों को भोजन कराया इसके लिए हमसब आभारी हैं। इस कार्य के लिए मिशन समृद्धि के सदस्य बैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता, रंजीता, आशा शर्मा, शैलेन्द्र सिंह एवं अन्य सहयोगियों ने आरती श्रीवास्तव को बधाई दी है।

### चियांकी में तीन दिवसीय आध्यात्मिक युवा सम्मेलन का सफल समापन



मेदिनीनगर। धर्मप्रांतीय तीन दिवसीय आध्यात्मिक सम्मेलन साधना सदन चियांकी में 30 मई से एक जून तक आयोजित किया गया था। इसमें भाग लेने पूरे धर्मप्रांत से युवा भाई बहन आए हुए थे। इसका सफल समापन हुआ। डाल्टनगंज धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष श्रद्धेय बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास एस एफ एक्स ने सुबह अर्पित किया। युवा भाई बहनों ने बताया कि यह प्रोग्राम बहुत ही अच्छा था। उन्होंने दिल्ली से आई टीम की काफी सराहना की। बिशप स्वामी ने सभी युवाओं को सम्मानित किया। विशेष करके दिल्ली की टीम में डॉ डेसी पन्ना, आशीष केरकेट्टा, मिस बर्नाडेट मॉरिस, मैथ्यू एंटोनी चारों को विशेष सम्मान दिया गया। मौके पर बिशप स्वामी के अलावा डाल्टनगंज धर्मप्रांत के पूर्व युवा निदेशक फादर प्रदीप बाखला, धर्मप्रांतीय युवा निदेशक फादर यशवीर मिंज, फादर अरविंद मुंडा, फादर अमरदीप केरकेट्टा, ब्रदर जेम्स समेत सैकड़ों युवा भाई बहन उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 80 लाभान्वित



■ लोग निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाएं : रवि कामदार

मेदिनीनगर। लाल कोठ स्थित डॉ बी आर अंबेडकर पार्क में मारवाड़ी युवा मंच डाल्टनगंज शाखा ने डायबिटिक क्लब स्वास्थ्य जागृति शिविर लगाया। इस कैंप में लगभग 80 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का निःशुल्क जांच का लाभ लिया। शहर के विख्यात डॉ राजेश कुमार ने लोगों को स्वास्थ्य परामर्श भी दिया। बताया कि लगभग 40-50 लोगों का नया और 30 लोगों का पुराना पर्चा देखा गया। मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सज्जन शंघई ने बताया कि महीने के पहले रविवार को डॉक्टर बी आर अंबेडकर पार्क और तृतीय रविवार को गांधी मैदान में यह शिविर लगाया जा रहा है। मंच के डायबिटिक क्लब के प्रभारी रवि कामदार ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय रविवार को आप अपने हाई बीपी, शुगर, वजन के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाएं। इस कैंप में नीरज कामदार, सौरभ सर्राफ, अरुण शंघई, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, निशांत सिंघानिया, केशव लाठ, रवि कामदार, प्रभात अग्रवाल, मनोज भिवानिया, संजय अग्रवाल, शिवम खेतान, अशोक हाजीपुरिया समेत मारवाड़ी युवा मंच के कई सदस्य शामिल थे।

### दुकान पर गांजा पीने से मना किया तो चाकू मारकर कर दिया घायल

■ दुकानदार ने थाना प्रभारी से की कार्रवाई की मांग



पाटन पलामू। सिरमा के रसीद अंसारी पिता दिलावर मियां ने पाटन थाना प्रभारी से चाकू से मारकर घायल करनेवालों पर कार्रवाई की मांग की है। रसीद ने थाना प्रभारी को दिये आवेदन में कहा है कि शनिवार की रात तसकीम अंसारी पिता रहीश मियां अपने बहनोई हाफीज अंसारी ग्राम सूठा दोनों गांजा पीने मेरे दुकान पर आये थे। जब दुकान पर गांजा पीने से मना किया तो दोनों दुकान से चले गये। उसके बाद दो जून को सुबह साढ़े आठ बजे दोनों दुकान पर आकर चाकू मार दिया। तसकीम अंसारी पिता रहीश अंसारी ने चाकू से वार कर दिया। हल्ला मचाने पर जब ग्रामीण वहां पहुंचे तब तक दोनों भाग गये। घटना के समय दुकान पर इंताज अंसारी पिता अजीम मियां, लतीफ मियां पिता स्व जाकिर मियां समेत कई लोग थे। सभी ने चाकू से मारते देखा है। घायल रसीद ने तसकीम व हाफीज को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग थाना प्रभारी से की है।

# देश की जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में दिया है जनादेश : बिट्टू पाठक

■ एनडीए के लिए आगमन का वर्ष था 2014, और उनकी रवानगी का वर्ष साबित होगा 2024

**देश में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार**



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून को नया सवेरा के साथ सूरज उगेगा। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। एनडीए 2014 में आये थे वह 2024 में निश्चित रूप से सरकार से जा रहे हैं। देश की जनता ने जनादेश इंडिया गठबंधन के पक्ष में किया है। श्री पाठक ने कहा कि पलामू चतरा के साथ-साथ पूरे झारखंड लोकसभा में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। इस बार देश के मतदाता बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचार, संविधान बचाने के लिए, लोकतंत्र कायम करने के लिए अपना मत दिया है। इसी को देखते हुए 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। देश की जनता को एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं है। 4 जून के परिणाम का देश के 140 करोड़ जनता इंतजार कर रही है। क्योंकि देश से मोदी सरकार जाने वाली है और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है।

# विपक्ष पार्टियां हार का ठीकरा इवीएम पर फोड़ने को तैयार : शिवकुमार मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



शिवकुमार मिश्रा, भाजपा नेता पलामू।

मेदिनीनगर। दिल्ली में कल महागठबंधन विपक्षी नेताओं की बैठक हुई जिसमें तय हो गया है कि जनता ने रिजेक्ट कर दिया तो क्या हुआ हार का ठिकरा अब इवीएम पर फोड़ना है। उक्त बातें भाजपा के मीडिया प्रभारी शिव कुमार मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि आज बड़े नेताओं ने दिल्ली से रांची तक इवीएम का रट शुरू कर दिया है। कल परसों छुटभैये नेता भी भड़ास ईवीएम पर निकालने लगेंगे। कहावत चरितार्थ है हारो तो हुरो और जीतो तो थुरो। अपनी कथनी और करनी उन्हें दिखाई नहीं पड़ता और बड़ी-बड़ी डींगे हांकते चलते फिरते रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति जो जनता का विश्वास है जो इंटरनल करंट के रूप में गरीब किसान युवा महिलाओं में देखा जा रहा है। इसका अनुमान लगाना अधिकांश के बस में नहीं है। वह 4 जून परिणाम के दिन ही दिख पायेगा। कल ही टीवी चैनलों में चल रहे एग्जिट पोल में कुछ ने 300 - 350, अन्य ने 350 - 400 सीट दिख रहे हैं। एक-दो एग्जिट पोल में तो 400 प्लस भी बता रहे हैं ऐसा हो जाए तो भी कोई आश्चर्यजनक नहीं होगा क्योंकि लोगों का मोदी जी के मूलमंत्र सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास सबका विकास पर भरोसा जताया है और प्रधानमंत्री जी ने भी इसके लिए भरपूर प्रयास कर आम जन के लिए जन कल्याणकारी एवं देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाएं लगातार क्रियान्वित कर रहे हैं ताकि भारत विकसित राष्ट्र बन सके। इसलिए, 400 भी पार हो जाना कोई बड़ी बात नहीं होगी और अगर ऐसा हुआ तो सबसे पहले झारखंड के भ्रष्टाचारी महागठबंधन सरकार की उल्टी गिनती शुरू होना तय है।

**एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान**

# मतगणना के पूर्व शहर के चप्पे चप्पे पर हो रही वाहनों की जांच

■ नियमों का सही-सही अनुपालन कराने पर पलामू एसपी का जोर, लगाया जा रहा है जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता



वाहन जांच करती पुलिस।

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव समाप्ति के बाद मतगणना मंगलवार को जीएलए कॉलेज परिसर में होनेवाला है। इसे ध्यान में रखते हुए विधि व्यवस्था संधारण एवं अमन चैन शांति को लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर यातायात प्रभारी समाल अहमद ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर दिन रात लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रहे हैं। इस दौरान यातायात प्रभारी सदल बल के साथ रांची रोड रेड़मा पांकी रोड, बाईपास रोड, बैरिया चौक, साहित्य समाज चौक, सदिक चौक, बेलवाटिका चौक, छह मुहान पर चेकिंग अभियान चलाकर आने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों की सघन जांच कर रहे हैं। यातायात प्रभारी द्वारा सभी वाहनों के डिक्की समेत व्यक्ति की जांच की जा रही है। वहीं वाहन के कागजात अधूरे रहने या कुछ त्रुटि पाये जाने पर मोटर अधिनियम के तहत फाईन भी लगाया जा रहा है। इस संबंध में समाल अहमद ने बताया कि लोकसभा चुनाव अभी समाप्त हुए हैं लेकिन मतगणना अभी बाकी है। इसे लेकर वरीय अधिकारी द्वारा जो दिशा निर्देश प्राप्त है उस निर्देश के आलोक में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है ताकि असामाजिक तत्व जैसे लोगों में भय बना रहे। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय वाहन की पूरी कागजात अपने साथ रखें। साथ ही साथ यातायात नियमों का पालन करें वरना जुर्माना देना होगा।

# पार्टियों में भाजपा और मतदान में दुमका अव्वल है : अविनाश वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता



पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेता अविनाश वर्मा व अन्य।

मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह दुमका लोकसभा क्षेत्र के सदर प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने शनिवार को संथाल परगना के गोड्डा और राजमहल संसदीय क्षेत्र के साथ दुमका संसदीय क्षेत्र में 70% से अधिक मतदान होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। विदित हो की पिछले 21 मई से लगातार अविनाश वर्मा दुमका लोक सभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सदर मंडल के प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर करने का प्रयास किया था और दुमका से अपने गृह जिले पलामू आने के बावजूद भी कल 1 जून को हो रहे सातवें और अंतिम चरण के मतदान दिन की पूरी जानकारी एकत्रित कर पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए मतदान प्रतिशत को बेहतर करने का प्रयास कर रहे थे। अविनाश वर्मा ने संथाल के सर्वाधिक दुमका संसदीय क्षेत्र में 70% से अधिक मतदान होने पर दुमका की जनता के साथ पार्टी के पदाधिकारियों, सदस्यों, जिला प्रशासन और स्थानीय संगठनों के साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन दुमका को बधाई दी है।

## तीरंदाजों के कमान से संत मरियम का बढ़ा मान, चेयरमैन के हाथों सम्मानित

■ खेल के क्षेत्र में भी अपनी पहचान स्थापित करें छात्र : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। संत मरियम आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने गत दिन अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार में भाग लिया। पलामू, चतरा, हजारीबाग से 60 खिलाड़ी मौजूद थे। जहां पलामू के संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों ने 40 मीटर के तीरंदाजी खेल में शानदार प्रदर्शन दिखाया। इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच मनोज कुमार ने दिया। इस उपलब्धि के लिए तीरंदाजों का उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा विद्यालय का मान बढ़ाने के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले तीरंदाजों को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के ने सम्मानित किया। सम्मान के पश्चात श्री देव ने कहा कि अब वह दौर नहीं रहा जहां केवल पढ़ाई से ही अपनी पहचान स्थापित किया जा सके बल्कि बदलते परिदृश्य और समय की मांग है कि बच्चे पढ़ाई के अलावा विभिन्न खेलों में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करें।

## संढा में मां सरस्वती विद्या कोचिंग का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

■ पूर्व जिप सदस्य व एनसीपी नेता ने किया उद्घाटन



हुसैनाबाद पलामू। जपला-छतरपुर रोड ग्राम संढा में सिद्धनाथ बीइएड कॉलेज के समीप मां सरस्वती विद्या कोचिंग सेंटर खोला गया। जिसका पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान एवं एनसीपी नेता विनय पासवान ने विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। श्री पासवान ने कहा कि इस कोचिंग सेंटर खुलने से स्थानीय ग्रामीण बच्चों को 10 किमी दूर जपला नहीं जाना पड़ेगा, जिससे आर्थिक बचत होगी। विनय पासवान ने कहा- सुदूरवर्ती क्षेत्र में शिक्षा देना अपने आप मे गर्व की विषय है। वहीं संस्था के डायरेक्टर धीरेंद्र यादव ने कहा कि हमारे यहां क्लास 6 से 12 तक के छात्र छात्राओं को मैथेमैटिक्स एवं विज्ञान के विद्यार्थियों को उत्तम तरीका के शिक्षा परिणाम देने का उद्देश्य है।

### असनौर के योगेंद्र हत्याकांड में तीन गिरफ्तार

पाटन पलामू। असनौर के योगेंद्र यादव हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को पाटन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसे लेकर पाटन थाना प्रभारी लालजी व किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज दल बल के साथ तीन नामजद अभियुक्त उपेन्द्र पासवान, अमित पासवान एवं मनवीर पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार उपेंद्र के पास से बाईक, पिस्टल व मोबाइल बरामद किया है। तीनों नामजद अभियुक्त को पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि तीनों अभियुक्त असनौर निवासी योगेंद्र यादव के हत्या में शामिल थे। पुलिस तीनों अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है।

### गरीबों-निःसहायों के पथ प्रदर्शक थे भुनेश्वर : किशोर

मेदिनीनगर। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बसपा के संस्थापक सदस्य भुवनेश्वर राम का निधन रविवार की सुबह पैतृक निवास स्थान राजहरा कोठी (नावा बाजार) पर हुआ। इनके निधन पर वरिष्ठ भाजपा नेता, अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्व भुनेश्वर राम गरीबों के आवाज थे। स्व राम हमेशा सामाज सुधार व सामाजिक जागरूकता फैलाने व समस्याओं का समाधान करने और लोगों के लाभ के लिए सामाजिक कार्य किया करते थे। वे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, गरीबी निवारण, मानवाधिकार और अन्य क्षेत्रों में काम करते थे। श्री पांडेय ने कहा कि स्व राम के निधन से समाज में अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। इनके निधन पर कई गणमान्य लोगों ने भी शोक व्यक्त किया है।

## राहत... मुखिया के प्रयास से खराब ट्रांसफार्मर बदला गया



खबर मन्त्र संवाददाता

मोहम्मदगंज पलामू। पंसा पंचायत के राणाडीह पंचपोखरी में कई दिनों खराब ट्रांसफार्मर को मुखिया विकास सिंह के अथक प्रयास से बदल दिया गया है। इससे गर्मी में लोगों को राहत मिली है। लोगों ने मुखिया की इस दिशा में सफल प्रयास की सराहना की। मुखिया ने बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत को बिजली विभाग के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिस पर उन्होंने तत्काल बदलवा दिया। खराब ट्रांसफार्मर के बदले नया लगवा दिया। इससे पेयजल और सिंचाई को लेकर हो रही परेशानी भी दूर हो गयी।

### दुर्गाबाड़ी में नौ जून को भक्त सम्मेलन

मेदिनीनगर। श्रीरामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति के तत्वावधान में दुर्गाबाड़ी के प्रांगण में भक्त सम्मेलन का आयोजन नौ जून प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। जिसमें श्रीरामकृष्ण मिशन मठ मोराबादी रांची के सचिव श्रीमदस्वामी भावेशानंद जी का आगमन हो रहा है। इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष ने दी। राजदेव उपाध्याय ने बताया कि सभी धर्म अनुरागी भक्तों से आग्रह है कि नौ जून को इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर भक्ति एवं पुण्य के भागी बनें।

## तापमान में आयी गिरावट से लोगों ने ली राहत की सांस, बाजार में बढ़ी चहलकदमी



खबर मन्त्र संवाददाता

मोहम्मदगंज पलामू। इन दिनों भीषण गर्मी से बेहाल लोगों ने शनिवार दोपहर से तापमान में आई गिरावट से राहत की सांस ली है। तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था,जिससे लोगों को भीषण गर्मी से घुटन सी महसूस होने लगी थी। फिलवक्त विगत दो दिनों दोपहर का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा जिससे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। मौसम के इस मिजाज से बाजार की लुढ़की अर्थव्यवस्था में भी इजाफा होने से व्यापारी वर्ग के लोग भी अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत दिए है। निर्यामित बिजली आपूर्ति भी गर्मी में सुकून का भागीदार रहा है।

### रिटायर बैंककर्मी की मौत, दी गयी श्रद्धांजलि



चैनपुर (पलामू)। प्रखंड के चैनपुर निवासी भाजपा के चैनपुर मंडल भाजपा महामंत्री रुपेश कुमार के पिता कपिल कुमार गुप्ता का 31.05.24 को आकस्मिक हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया। निधन की खबर सुनकर चैनपुर उनके निवास स्थान पर पहुंचे जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह,सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे, जिला परिषद प्रमोद सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, मीना गुप्ता, डॉ राजीव नयन, पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलू चंद्रवंशी एवं भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा चैनपुर मंडल महामंत्री रुपेश कुमार के पिता कपिल गुप्ता को श्रद्धांजलि दी। मौत पर गहरा दुख एवं शोक संवेदना प्रकट की।

# युवक के नरकंकाल बरामदगी के पांच दिन बाद भी नामजद आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

खबर मन्त्र संवाददाता

■ पुलिस गिरफ्तारी को ले संभावित ठिकाने पर कर रही छापेमारी

■ वहीं परिजन का आरोप हत्यारोपी को बचा रही है पुलिस



दर्द सुनाते परिजन व मृतक।

विश्रामपुर पलामू। छिपादोहर के युवक राकेश मिश्रा उर्फ मोनू के नर कंकाल बरामदगी के 6 दिन बाद भी पुलिस ने नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। परिजन न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। इतना ही नहीं वे पुलिस पदाधिकारियों के कोपभाजन का भी शिकार हो रहे हैं। पीड़ित परिवार व युवक के परिजन पूरे मामले को लेकर पलामू एसपी व डीआइजी से मिलने की इच्छा प्रकट की। जहां वे न्याय की गुहार लगायेंगे। विश्रामपुर थाना नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रहा है। बहुत जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही गयी। विदित हो कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी स्थित महुआखाला-पचपारा के जंगल से 27 मई दिन सोमवार को एक नरकंकाल बरामद किया गया था। जिसकी पहचान छिपादोहर के चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू के पुत्र राकेश मिश्रा उर्फ मोनू (25) के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार मोनू 10 मई को घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। युवक का मोबाइल भी बंद रहा। परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। 11 को वह बगल के गांव में दिखा था। इसके बाद कोई जानकारी नहीं मिली। मोबाइल बंद रहा। थक हार कर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए नावाडीह ओपी सहित विश्रामपुर थाना में लिखित शिकायत की थी।

बरामद नर कंकाल की फोरेंसिक जांच को लेकर रांची रिम्स गये थे। जहां से शनिवार को लौटा हूं। आगे की कार्रवाई के लिए विश्रामपुर थाना पुलिस के साथ मिलकर कार्य करेंगे। हत्या के कारण व इसमें संलिप्त लोगों की पहचान करते हुए कानूनी कार्रवाई की जायेगी। **- राज वर्धन, नावाडीह ओपी प्रभारी, विश्रामपुर पलामू।**

नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। बहुत जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उसके बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। हत्या में शामिल लोगों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जायेगा। **- सौरभ चौबे, थाना प्रभारी विश्रामपुर पलामू।**

# उप समाहर्ता दीपक कुमार मिश्रा ने ग्रहण किया पाटन सीओ का पदभार

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। उपसमाहर्ता दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन सीओ का पदभार ग्रहण किया। पाटन सीओ लाल बाबु 31 मई को सेवानिवृत्त हो गये थे। इसके बाद सीओ का पद रिक्त हो गया था। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने एक जून को पत्र जारी कर उप समाहर्ता दीपक कुमार मिश्रा को पाटन सीओ का पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया था। जिसके आलोक में दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन सीओ का पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व में भी श्री मिश्रा ने पाटन अंचल के जमीन संबंधित कार्य कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में पाटन अंचल में बड़े पैमाने पर लंबित पड़े जमीन संबंधित कार्य का निपटारा किया गया था जिससे पाटन के लोगों में उनके इस कार्य के प्रति खुशी देखी गयी थी। अब पुनः पाटन सीओ के पद पर प्रभार लेने बाद लोगों में आशा जगी है क्योंकि रिटायरमेंट सीओ लाल बालू को डिजिटल नहीं मिला था जिससे पाटन अंचल में जमीन संबंधित बड़े पैमाने पर कार्य लम्बित पड़े हैं।



पदभार ग्रहण करते उप समाहर्ता दीपक कुमार मिश्रा।

पदभार ग्रहण करते ही पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने अंचल कर्मियों को लंबित पड़े कार्य को सम्पन्न करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पाटन में हो रहे अवैध बालू के ढुलाई पर अंकुश लगाने की बात कही है। इस संबंध में सीओ मिश्रा ने पाटन थाना प्रभारी लालजी, नावा थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय एवं किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार निरज को तत्काल अवैध बालू की ढुलाई पर नजर रखने का निर्देश दिये हैं। मौके पर प्रधान सहायक मो असलम, अभिषेक कुमार, अमित कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, सरिता कुमारी, चंद्रेश्वर कुमार सहित अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# मुआवजा की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने शव के साथ नगरपालिका चौक घंटो किया जाम

## 30 मई को करीब रात 9 बजे वैन व टोटो में हुई थी टक्कर, इलाज के दौरान धनबाद में हुई थी मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ मृतक के परिजनों ने नगर पालिका चौक को जाम कर दिया। दर्जनो लोग सुबह से ही प्रशासन से मृतक के आश्रितों को सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग को लेकर जाम किया। सूचना पर सीओ सदर अमर कुमार एवं थाना प्रभारी अमित लकड़ा मौके पर पहुंचे। लोगो का काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं मान रहे थे। मौके पर पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी भी पहुंची। बाद में काफी मान-मनौव्वल पर लोग माने। प्रशासन के नगद 20 हजार एवं सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब 11 बजे लोग माने और जाम हटा शव का अंतिम संस्कार किया। बता दें कि 30 मई रात्रि 9 बजे नगर परिषद चौक के समीप आम लदे टाटा मैजिक और टोटो की टक्कर हो गई थी। जिसमे टोटो चालक 50 वर्षीय चंदन मल्लाह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए दुमका के



शव के साथ जाम करते परिजन

फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां के चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया था। टोटो चालक को इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया था। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृतक हरणाकुंडी का रहने वाला था। घटना के दिन रात करीब 9 बजे चंदन टोटो से घर लौट रहा था। नगर परिषद चौक के सामने इंडोर स्टेडियम की ओर से तेज गति से आती वैन से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टोटो नगर परिषद के गेट से सट गई। हादसे के बाद वैन का चालक फरार हो गया, लेकिन उप चालक लोगों के कब्जे में आ गया। स्थानीय लोगों की मदद से चंदन मल्लाह को इलाज के लिए पीजेएमसीएच में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। धनबाद पीजीएमसीएच में चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मृतक एक बेटी समेत तीन बच्चों का पिता था और टोटो चलाकर परिवार का पोषण किया करता था।

## एक नजर में

### समाजहित के सहभागियों को चास रोटरी ने किया सम्मानित, बांटे पुरस्कार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास रोटरी ने चीराचास स्थित रोटरी भवन में 21वें व्यावसायिक प्रशंसा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल समाजसेवा स्वास्थ्य पर्यावरण रक्षा तथा पत्रकारिता के माध्यम से समाजहित का सहभागी बने दर्जनों लोग सम्मानित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चास के एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह थे। अपने संबोधन में उन्होंने सामाजिक उत्थान की दिशा में पुरस्कृत किए गए लोगों के योगदान को सराहा। साथ ही, ऐसे लोगों को सम्मानित करना रोटरी चास की तरफ से एक प्रेरणादायी कार्य बताया। श्री सिंह ने वर्तमान परिदृश्य में अप्रत्याशित तापमान बढ़ोतरी एवं जलवायु परिवर्तन को पूरे विश्व के लिए एक भीषण चुनौती बताया। उन्होंने पर्यावरण- संरक्षण के लिए सभी लोगों से संकल्पित होकर अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। अध्यक्ष पूजा वैद्य ने स्वागत भाषण में चास रोटरी के कार्यों की चर्चा की तथा सम्मान समारोह की उपादेयता पर प्रकाश डाला। सचिव डिंपल कौर ने रोटरी के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ सुमन ने विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए परोपकार की सेवा भावना ही रोटरी का ध्येय बताया। समारोह में राजीव कुमार सुविनय कुमार सिंह सिंहान खेदू गोराईं जया सिन्हा जैद खान शाहिद अंसारी के अलावा पत्रकारों में विजय झा जय सिन्हा दीनदयाल शर्मा विजय सिंह निर्मल महाराज नितेष वर्मा अजीत निर्मल आदि सम्मानित किए गए।

# सापी उत्तरी भाग में 37. 39 प्रतिशत मतदान हुआ



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** राजमहल विधानसभा में सबसे अधिक मतदान बूथ संख्या 356 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्तरी पियारपुर नया भवन उत्तरी भाग में 88.92% एवं सबसे कम बूथ संख्या 87 प्राथमिक विद्यालय सुभाष कॉलोनी में 43.00% मतदान हुआ। बोरियो विधानसभा में सबसे अधिक मतदान बूथ संख्या 206 उत्क्रमित मध्य विद्यालय दूधकोल में 83.69% एवं सबसे कम मतदान बूथ संख्या 88 मध्य विद्यालय पुलिस लाइन दक्षिणी भाग में 39.61% मतदान हुआ। बरहेट विधानसभा में सबसे अधिक मतदान बूथ संख्या 266 उत्क्रमित मध्य विद्यालय तालझारी में 84.49% एवं सबसे कम मतदान बूथ संख्या 70 प्राथमिक विद्यालय सापी उत्तरी भाग में 37.39% मतदान हुआ। लिट्टीपाड़ा विधानसभा में सबसे अधिक बूथ संख्या 184 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लिट्टीपाड़ा में 90.69% एवं सबसे कम बूथ संख्या 110 मध्य विद्यालय बरतल्ला दक्षिणी भाग में 52.42% मतदान हुआ।

पाकुड़ विधानसभा में सबसे अधिक बूथ संख्या 21 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लबदा नया भवन बरहरवा में 92.48% एवं सबसे कम बूथ संख्या 282 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवानीपुर उत्तर भाग में 51.20% मतदान हुआ। महेशपुर विधानसभा में सबसे अधिक बूथ संख्या 252 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालकों में 90.63% एवं सबसे कम बूथ संख्या 192 उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदपुर में 59.17% मतदान हुआ। राजमहल (अ०ज०जा०) संसदीय सीट में लोकसभा चुनाव के समापन के उपरांत सामान्य प्रेक्षक सौरभ पहाड़ी एवं जिला निवार्ची पदाधिकारी -सह -उपायुक्त हेमंत सती ने संयुक्त रूप से सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि के समक्ष विधानसभा वार स्क्रूटनी एवं स्ट्रांग रूम सीलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। वहीं पूरे परिसर की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनके माध्यम से पूरे इलाके की निगरानी की जाएगी. पूरे परिसर की सुरक्षा अर्ध सैनिक बलों के हाथों में है। बाहरी लोगों के प्रवेश पर यहां रोक लगाई गई है। राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को भी सीमित स्थान तक ही प्रवेश की अनुमति होगी।मौके पर सभी विधानसभा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी एवं राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कुल 1206577 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसका मत प्रतिशत 70.78 था। शनिवार को संपन्न हुए लोकसभा आम निर्वाचन में 01- राजमहल (अ0ज0जा0) लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कुल 1704671 मतदाता थे, जिसमें पुरुषों की संख्या 851165 एवं महिलाओं की संख्या 853496 तथा अन्य की संख्या 10 थी।

## दो अलग -अलग सड़क हादसे में एक भैंस सहित दो खस्सी की मौत

**लिट्टीपाड़ा( पाकुड़)।** थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग अलग जगह पर सड़क हादसे में एक भैंस सहित दो खस्सी की मौत हो गया। मुवावजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। पहली घटना थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क रांगा गांव में घटी। जहाँ पर ग्रामीणों ने मुवावजे की मांग को लेकर डेढ़ घंटा मुख्य सड़क को जाम किया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह, एएसआई हरेराम यादव दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने के पश्चात सड़क को जाम से मुक्त किया। वही दूसरी घटना थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा धरमपुर मुख्य सड़क गोहन्डा गांव के समीप रविवार को तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से एक भैंस का मौत हो गया जबकि ट्रक असंतुलित होकर सड़क से नीचे जाकर पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि घटना में चालक एवं उपचालक को किसी प्रकार का चोट नही आई है। वही मवेशी मालिक सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मुवावजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम दोपहर एक बजे से चार बजे तक रहा।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. निशिकांत को भारी मतों से बढ़त मिलने का दावा : निरंजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी मतदान की समाप्ति के बाद शनिवार संध्या से ही पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मतों का रुझान और प्राप्त होने वाले मतों का अंदाजा लगाने में व्यस्त दिखे। विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार देर रात तक ठाकुर गंगटी,मेहरमा, महागामा प्रखंड क्षेत्र के कई जगह में बैठकर अपने सहयोगी कार्यकताओं के साथ मतदान की समीक्षा और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को मिले मतों का अंदाजा की चर्चा करते नजर आए। जैसे ही मतदान समाप्त हुआ विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों के कार्यकर्ता विधानसभा के भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार से संपर्क साधने लगे और सभी अपना अपना अंदाजा लगाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मिलने वाले मतों की उम्मीद के अनुसार बातचीत करते नजर आ रहे थे।

कई प्रकार से लोग आकलन कर रहे हैं। लेकिन कुल मिलाकर ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि ठाकुर गंगटी और मेहरमा प्रखंड क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर निशिकांत दुबे को एक बड़ी बढ़त मिलने जा रही है।जिससे कि महागामा विधानसभा क्षेत्र से भी निश्चित बढ़त मिलेगी।आकलन करने के बाद देर रात विधानसभा के नेता सह जिला परिषद सदस्य निरंजन कुमार पोद्दार ने बताया कि महागामा विधानसभा क्षेत्र से निश्चित रूप से भाजपा प्रत्याशी सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे को एक बड़ी बढ़त मिलने की संभावना है।

## तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता समूह की अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने बोकारो संयंत्र और उसके आसपास सामाजिक और सामुदायिक विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता जारी रखी है। इसी क्रम में अपने फ्लैगशिप हेल्थकेयर पहल के तहत सिटीजन फाउंडेशन और जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से चलाए गए प्रोजेक्ट आरोग्य कार्यक्रम के तहत कंपनी ने बांधडीह के दास टोला नंद घर आंगनवाड़ी केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में केंद्र की सहिया सेविका और सहायिका सहित लगभग 50 लोगों ने भाग लिया।ईएसएल के प्रोजेक्ट आरोग्य के माध्यम से ईएसएल स्टील लिमिटेड प्रतिदिन 100 से अधिक ग्रामीणों और अब तक कुल मिलाकर लगभग 300000 रोगियों की सेवा कर रहा है। चाहे वह केंद्र के माध्यम से हो या अपनी मोबाइल हेल्थ यूनिट के माध्यम से। इसके दायरे में आने वाले सभी 27 गांवों में खानपान सेवा प्रदान करता है जिससे बच्चों युवाओं महिलाओं गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं पुरुषों और बुजुर्ग लाभान्वित होते हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम में सरकारी हितधारकों और प्रोजेक्ट आरोग्य टीम के सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें लोगों के साथ तंबाकू के प्रभाव बीमारियों के कारणों आवश्यक निवारक उपायों के साथ तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारी के लक्षण और उपचार की जानकारी साझा की गई। कंपनी के सीएसआर व ईआर प्रमुख आशीष रंजन ने बताया कि भारत में तम्बाकू का उपयोग मृत्यु और बीमारी का एक प्रमुख कारण है जिससे हर साल लगभग 1.5 मिलियन मौतें होती हैं। इसमें से लगभग 10 लाख मौतों का कारण धूम्रपान है। यह देश में होने वाली सभी मौतों का लगभग 9.5% है और 20% इस्केमिक मौतों के लिए तंबाकू जिम्मेदार है।

## बोकारो जेनरल हॉस्पिटल में ठेका श्रमिकों के मेडिकल जांच की हुई व्यवस्था

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के बोकारो जेनरल हॉस्पिटल द्वारा विभिन्न ठेकेदारों के अंदर काम कर रहे ठेका श्रमिकों के मेडिकल चेक अप की व्यवस्था की गई है। किसी भी ठेका मजदूर का गेट पास बनाने के पहले बीजीएच द्वारा उनका मेडिकल चेकअप होगा। मेडिकल चेकअप में उनका ब्लड टेस्ट ब्लड प्रेशर ई सी जी हाइट वेट बी एम आई जैसे कुछ बेसिक पैरामीटर्स की जांच की जाएगी। किसी भी

## मां शारदे सेवा सदन अस्पताल में जांच पड़ताल जारी

**बेरमो /गोमिया।** बेरमो एसडीओ अशोक कुमार द्वारा रविवार को भी कार्रवाई करते हुए मां शारदे सेवा सदन हॉस्पिटल में एक्सपायरी दवा को जप्त किया है। बता दें कि शनिवार को ही उक्त हॉस्पिटल में अनियमितता पाये जाने पर उसे सील किया गया है। इस क्रम में एक्सपायरी दवा को जब्त किया गया।

### उधवा चौक से प्लस टू विद्यालय तक

# सड़क में गड्ढे रहने के कारण चलना हुआ मुश्किल



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजमहल।** बरहरवा मेन रोड के उधवा चौक से प्लस टू विद्यालय तक सड़क पर बड़े - बड़े गड्ढे रहने के कारण आये दिन कोई न कोई वाहन सड़क पर ही खराब हो जाते हैं नतीजा छोटी बड़ी वाहन ही नहीं बल्कि राहगीर को भी चलना मुश्किल हो जाता है। रविवार को सड़क पर एक बारह चक्का ट्रक का टायर खराब होने से घंटों सड़क जाम रहा। स्थिति यह थी कि राहगीर भी इस पार से उस पार नहीं जा पा रहे थे।कई महिनों पहले इसी जगह 30 वर्षीय एक ट्रक चालक की मृत्यु चक्का ब्लास्ट होने से हुई थी। हमेशा इस मुख्य सड़कों पर पानी जमा रहता है,आलम यह है कि व्यवसायिकों को काफी मुश्किल हो रही है, धीरे धीरे खरीदारों का आना बंद हो रहा है। देखने की बात यह होगी कि प्रशासन का नींव कस खुलती हैं और उधवावासी को इस नरक रूपी सड़क से कब निजात मिलती है।

# शहीद एसएसबी जवान नीरज छत्री की शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एसएसबी बटालियन-35 के मुक्तिधाम, विजयपुर स्थित कैंप कार्यालय में शहीद नीरज छत्री का पांचवा शहादत दिवस रविवार को मनाया गया। शहादत दिवस पर शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर देकर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।शहीद नीरज छत्री के शहादत पर मॉडल कॉलेज विजयपुर एवं सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राएं शामिल हुए। शहीद नीरज छत्री के पांचें शहादत दिवस पर पांच पौध रोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर एसकेएमयू शिक्षक डॉ रंजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय धरोहर शहीद स्थल का राष्ट्र कर्तव्य के प्रति जागरूक के लिए भ्रमण करना चाहिए, ताकि छात्र छात्राओं को राष्ट्र प्रेम राष्ट्र के प्रति समर्पित होने के प्रेरणा मिल सके। हर साल नए छात्र छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण उनके शहीद



शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते एसकेएमयू शिक्षक व बटालियन जवान

स्थल पर होना चाहिए। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को शहीद स्थल को एक राष्ट्रीय शहीद स्मारक प्रेरणा स्रोत धरोहर के रूप में विकसित करना चाहिए। वीर योद्धा नीरज छत्री राष्ट्र शहीद सपूत हमारे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। यहां बता दें कि एसएसबी बटालियन ने अंतरिक और बाहरी सुरक्षा में अहम योगदान रहा है। खास कर नक्सली संगठन को संताल परगना से मुक्त करने में अहम भूमिका निभाई है।इसी दौरान नक्सलियों से लोहा लेते हुए रानेश्वर में नीरज छत्री नक्सलियों के गोली का शिकार हो गए थे।

## बोकारो स्टील के सिंटर प्लांट में सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के सिंटर प्लांट विभाग में सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सिंटर प्लांट के सीजीएम बिजय कुमार बेहेरा ने की। कार्यशाला का उद्देश्य सिंटर मशीन 2 की सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कैपिटल रेपेयर पर परिचर्चा था। कार्यशाला की शुरूआत में श्री बेहेरा ने सिंटर मशीन 2 के कैपिटल रिपेयर को सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सफलतापूर्ण और पूर्व निर्धारित समय के अंदर पूर्ण करने के लिए कैपिटल रिपेयर में शामिल सभी सेंट्रल मेंटेनेंस एजेंसियों के प्रति आभार प्रकट किया। श्री बेहरा ने कैपिटल रिपेयर के दौरान संपादित महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा भी की। सिंटर प्लांट के विभागीय सुरक्षा अधिकारी इंद्रजीत मुखर्जी ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कैपिटल रिपेयर में सुरक्षापूर्वक सम्पन्न अहम कार्यों को प्रदर्शित किया साथ ही संभावित असुरक्षित स्थितियों को भी चिन्हित किया। कार्यक्रम के अंत में सिंटर प्लांट (विधुत) के जीएम सीके ठाकुर ने कैपिटल रिपेयर में सामिल सभी विभाग वेंडर्स और विशेष कर प्लांट के सुरक्षा अभियंत्रन विभाग का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि सिंटर प्लांट मे सिंटर मशीन 2 का कैपिटल रिपेर कार्य 6 मई से 18 मई तक चला। इस कार्यशाला में सिंटर प्लांट विभाग के जीएम ए हाजरा आदर्श गुप्ता संजीव कुमार संतोष कुमार सिंह सुरक्षा विभाग के मनोज कुमार कैपिटल रिपेर सामान्य अनुरक्षण भारी अनुरक्षण आरईडी विभाग के अधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# चक्रधरपुर में 3.15 करोड़ रुपए का डोडा अफीम जब्त, तस्कर फरार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चाईबासा जिले के टेबो और बंदगांव के जंगलों में डोडा अफीम की खेती की जा रही है। इस क्षेत्र से अफीम की तस्करी दूसरे प्रदेशों में की जा रही है। इसका खुलासा हाल के दिनों में पुलिस को मिल रही सफलता से हुई है। दो सप्ताह के अंतराल में पुलिस ने करीब 12 करोड़ रुपए मूल्य के डोडा अफीम को तस्करी के दौरान पकड़ा है। ताजा मामला एक जून का है। चाईबासा पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि टेबो थाना अन्तर्गत ग्राम परैया से करीब एक किमी दक्षिण दिशा में चाकी नदी के किनारे अवैध पोस्ता का छिलका (डोडा) का परिवहन के उद्देश्य से भंडारण किया गया है।

# 18 वर्षीय लड़की की सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हिरणपुर (पाकुड़)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पलनिया स्थित काजू बगान में शनिवार की शाम एक 18 वषीर्या लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना मिलने साथ आक्रोशित ग्रामीणों ने इस घटना के दो आरोपी कस्तूरी निवासी सकल हांसदा व मनवेल मरांडी को पकड़कर रविवार को पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार साहेबगंज जिला अंतर्गत तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के एक लड़की के साथ साहेबगंज जिला के ही तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत दूतखोल निवासी राम सोरेन के साथ बीते चार वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते एक सप्ताह पूर्व प्रेमी युवक ने प्रेमिका को साथ मे लाकर हिरणपुर के शहरपुर स्थित



अपने रिश्ते के दीदी के घर मे आया हुआ था। शनिवार शाम करीब छह बजे दोनो प्रेमी प्रेमिका घूमने के लिए गांव के निकट स्थित पलनिया काजू बगान में गया हुआ था। दोनो करीब आधा घण्टे बाद बगान से वापस लौट रहा था कि पांच - छह अज्ञात युवकों ने दोनो को घेर लिया। इसके बाद दोनों को जबरदस्ती निकट के दूसरे काजू बगान में ले जा रहा था कि प्रेमी युवक ने भागने की उद्देश्य से सड़क में गुजर रहे एक ईरिक्शा को रोकने का प्रयास किया , पर आरोपियों ने ईरिक्शा चालक को धमकी देकर भगा दिया।

इस दौरान प्रेमी युवक से मारपीट भी किया गया। इस दौरान दो आरोपियों ने पानी भी लाया। वही करीब आठ बजे देरशाम प्रेमी युवक किसी तरह भाग निकला। उधर इस घटना को अंजाम देने के लिए अज्ञात आरोपियों की संख्या करीब 5-6 हो गई। इसके बाद अज्ञात युवकों द्वारा लड़की को जबरदस्ती निकट के रघुनाथपुर डैम में ले जाकर जबरदस्ती सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद आरोपी युवकों ने रात करीब दो बजे पीड़ित लड़की के मुंह पर पट्टी व दोनो हाथों को पीछे की ओर बांधकर अर्धनग्न अवस्था मे शहरपुर गांव में छोड़कर सभी भाग निकला। प्रेमी युवक ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि करीब 6-7 अज्ञात युवकों द्वारा जबरदस्ती लड़की को दुष्कर्म के उद्देश्य से काजू बगान से डैम की ओर ले जाया गया। इसके पूर्व मुझसे मारपीट भी किया गया। इधर पुलिस ने पीड़ित लड़की को मेडिकल जांच के लिए पाकुड़ सदर अस्पताल भेजा गया। वही गिरफ्त में दोनो आरोपी से पुलिस निरीक्षक अनूप कुमार व थाना प्रभारी नवीन कुमार ने सघन पूछताछ किया गया।

# लोकतंत्र की ताकत


झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। बड़ी-बड़ी रैलियों, रोड शो और जनसंपर्क कार्यक्रमों में मतदाताओं की उपस्थिति भारतीय लोकतंत्र के उज्ज्वल भविष्य को ही दशार्ती है। बेहतर होता कि बेहद जटिल मौसमी परिस्थितियों में यह चुनाव कार्यक्रम इतना लंबा न होता। छिटपुट हिंसा घटनाओं को छोड़कर कमोबेश यह चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। लेकिन हमें स्वीकार करना होगा कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रुझान में विविधताओं वाले इस देश में आज भी चुनाव प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है, जिसका श्रेय निश्चित रूप से वर्षों से सक्रिय चुनाव आयोग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए। शांतिपूर्ण मतदान से मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया में विश्वास बढ़ता है। देशभर में कुल 96 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत रहे। एक बात तय है कि 19 अप्रैल को शुरू हुए पहले चरण के मतदान से शनिवार को संपन्न सातवें व अंतिम चरण के मतदान कार्यक्रम को यदि कुछ सप्ताह कम किया जाता तो मई के अंत की भीषण गर्मी से मतदाताओं को दो-चार न होना पड़ता। कई राज्यों से चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों के लू से मरने की विचलित करने वाली खबरें भी आईं। आचार-संहिता लंबे समय तक लागू रहने से विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। बहरहाल, चुनाव कार्यक्रम निर्धारण को केंद्र में सत्तारूढ़ दल की प्राथमिकता भी प्रभावित करती है तो वहीं कानून-व्यवस्था व कुछ व्यावहारिक दिक्कतें भी चुनाव कार्यक्रम को लंबा बनाती हैं। बहरहाल, एक बात तय है कि चुनाव चरणों का लम्बा समय व मौसम की प्रतिकूलताएं मतदाताओं को उदासीन बनाती हैं। कुछ चुनावी पंडित मतदान प्रतिशत में पिछले बार के मुकाबले गिरावट आने की यही वजह बताते हैं।

# पाक ने माना

पाक के पूर्व प्रधानमंत्री तथा वर्तमान सत्ता की धुरी नवाज शरीफ ने अब पच्चीस साल बाद माना है कि उनके देश ने 1999 के लाहौर घोषणापत्र का उल्लंघन किया था। निश्चित रूप से इस स्वीकारोक्ति ने एक बार फिर कारगिल युद्ध के गहरे जख्मों को फिर से हरा कर दिया है। दरअसल, मंगलवार को सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के अध्यक्ष पद की ताजपोशी के वक्त पार्टी की जनरल काउंसिल की बैठक में नवाज शरीफ ने यह बात कही। अपरोक्ष रूप से पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि भारत की पहल पर शुरू की गई शांति की पहल को इस घटनाक्रम ने पलीता लगाया था। यह एक हकीकत है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शांति प्रयासों व उनकी लाहौर यात्रा को कारगिल के घात से आघात लगा था। जिसके चलते 21 फरवरी 1999 को हस्ताक्षरित लाहौर घोषणा से क्षेत्र में शांति व स्थिरता की कोशिशों पर पानी फिर गया था। समझौते के कुछ ही महीने बाद पाक सेना के संरक्षण में पाक घुसपैठियों की कोशिश ने फिर एक युद्ध जैसा रूप ले लिया था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि शरीफ द्वारा पिछली गलती को स्वीकार करना क्या संबंधों में विश्वास बहाली का मार्ग प्रशस्त करना है या फिर कोई दुरभिसंधि की कोशिशें हैं? क्या वे पाक हुकमरानों को फिर से भारत के प्रति अपने दृष्टिकोण के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रेरित कर रहे हैं? क्या शरीफ का नेतृत्व आत्मनिरीक्षण के जरिये दोनों देशों के संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की ईमानदार कोशिश कर रहा है? बहरहाल, भारत व पाक संबंधों की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर शरीफ का कबूलनामा व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भों में महत्वपूर्ण पहल कही जा सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि वर्ष 2019 के पुलवामा हमले के बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंध बेहद खराब दौर में पहुंच गये हैं।

# दुनिया भारत के साथ दबाव में चीन



-हर्ष कक्कड़

**भारत** अब शांतिपूर्ण लोकतंत्र का अगुआ बन विश्व में कूटनीति में चीन से आगे निकल चुका है। बातचीत के लिए भारत के अनुरोध का न सिर्फ चीन अपने ढंग से जवाब दे रहा था, बल्कि वार्ता का नतीजा भी नहीं निकला था। चीनियों ने कदाचित मान लिया था कि माहौल उनके पक्ष में है, भारत रक्षात्मक है और एक बफर जोन बनने से शारीरिक संघर्ष की संभावना लगभग न के बराबर है। गलवां घाटी का डर, जिसने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के मिथक को तोड़ दिया था, पीछे छूट चुका था। वे आश्वस्त थे कि उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की सीमा को अपने लाभ के लिए आगे बढ़ा सकते हैं।

लेकिन अगस्त के अंत में भारत ने जवाबी हमले के जरिये चीन को हैरान करते हुए सुनियोजित एवं समन्वित ढंग से उसके प्रभुत्व के खाली इलाके पर हमला किया, तो चीनियों की नींद उड़ गई। एक ही झटके में भारत ने माहौल को अपने पक्ष में कर लिया। चीनियों ने महसूस किया कि उन्हें परास्त किया गया है और उनकी ओर से कोई भी कदम भारतीय निगरानी और वर्चस्व के तहत होगा। तिब्बती शरणार्थी वार्डों में शामिल स्पेशल फ्रंटियर फोर्स (विकास बटालियन) को तैनात करना एक और मास्टरस्ट्रोक था। इसने संदेश दिया कि भारत ने अपनी 'एक चीन नीति' त्याग दी है। चीन ने यह दावा करते हुए प्रतिक्रिया दी कि भारत ने एलएसी का उल्लंघन किया था, जिसे उसने खुद एक दिन पहले तक स्वीकारने से इन्कार कर दिया था और

भारतीयों की वापसी की मांग की थी। चीन की चोट और बढ़ाने तथा उसके सॉफ्टवेयर उद्योग पर असर डालने के लिए भारत ने फिर से कई चीनी एप पर प्रतिबंध लगा दिए हैं।

ब्रिगेड कमांडर्स लगभग एक हफ्ते तक लगातार बिना किसी नतीजे के मिलते रहे, क्योंकि भारत ने चीनी मांगों को स्वीकारने से इन्कार कर दिया था। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ने अपना दुष्प्रचार लगातार जारी रखा। चीन ने दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच बैठक का अनुरोध भी किया, जो शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में मॉस्को में हुआ। चीन की तरफ से यह तीसरा अनुरोध वर्चस्व वाली ऊंचाइयों पर कब्जा करने की भारत की आगे बढ़कर की गई कार्रवाई के बाद किया गया था। जाहिर है, चीन समाधान चाह रहा था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर एलएसी के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए बयान जारी किए। चीनी विदेश मंत्री ने बैठक के बाद अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 'भारत और चीन के बीच सीमा पर मौजूदा तनाव का सच और कारण स्पष्ट है, और यह जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत की है। चीन अपनी सीमा खो नहीं सकता, और चीनी सेना राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में सक्षम है।' इसके विपरीत भारत का बयान था कि 'बड़ी संख्या में चीनी सैनिकों की कार्रवाई उनके आक्रामक व्यवहार और एकतरफा यथास्थिति को बदलने का प्रयास द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन था। भारतीय सैनिकों ने हमेशा सीमा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाया है, पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के हमारे दृढ़ संकल्प के बारे में किसी को संदेह नहीं होना चाहिए।' जैसी कि अपेक्षा थी, दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच बैठक बेनतीजा रही। दोनों पक्ष एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते रहे। ढाई घंटे से ज्यादा समय तक चली इस बैठक में सिर्फ अगले स्तर की वार्ता के लिए मंच तैयार किया गया, जो मॉस्को में आगामी 10 सितंबर को विदेश मंत्रियों के बीच होगा।

> चीन अपनी सीमा खो नहीं सकता, और चीनी सेना राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में सक्षम है।' इसके विपरीत भारत का बयान था कि 'बड़ी संख्या में चीनी सैनिकों की कार्रवाई उनके आक्रामक व्यवहार और एकतरफा यथास्थिति को बदलने का प्रयास द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन था। भारतीय सैनिकों ने हमेशा सीमा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाया है।

भारत अप्रैल 2020 की स्थिति की बहाली और क्षेत्र से अतिरिक्त सैनिकों की वापसी की मांग करता है, जबकि चीन चाहता है कि भारत एलएसी के उसके रुख को स्वीकार करे और हाल ही में कब्जे वाले इलाके से पीछे हट जाए। इस समय चीनी रवैए के कारण दोनों देशों के बीच विश्वास की भारी कमी है। यदि चीन भारत के प्रस्ताव को स्वीकार कर अप्रैल, 2020 की अपनी स्थिति पर वापस लौटता है, तो इससे उसकी छवि को नुकसान पहुंचेगा और पीएलए की वैश्विक प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। यदि वर्तमान स्थिति जारी रहती है, तो उसकी स्थिति और गतिविधियां भारतीय निगरानी और वर्चस्व के अधीन होंगी। मोल्डो स्थित उसके मुख्य शिविर को निशाना बनाया जा सकता है। भारतीय सेनाओं को खदेड़ने के लिए किसी भी सैन्य कार्रवाई से चीनी जीवन को भारी नुकसान होगा, क्योंकि वहां भारत का दबदबा है। भारतीय सेना चीनी दुस्साहस का सामना करने के लिए तैयार है।

भारत को यह भरोसा नहीं है कि चीन स्वीकृत समझौतों का पालन करेगा। चीन ने लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की वार्ता में बनी सहमति को मानने से इन्कार कर दिया है। भारत को चीन के इरादे पर संदेह है और वह इसको लेकर भी अनिश्चित है कि चीन ऊंचाई पर कब्जे की कोशिश करेगा, जिस पर अभी भारत का कब्जा है। वर्ष 1965 में सिक्किम के जेलेप ला में चीन ने ऐसा किया था और दोकलम में वह अपने क्षेत्र में लगातार बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। ऐसी गतिविधियां भारत के लिए समस्या पैदा करेंगी। इसके अलावा चीन आगे भी एलएसी का उल्लंघन कर सकता है। इसका सबसे अच्छा समाधान है लद्दाख में एलएसी सीमा का निर्धारण, पर यह चीन को स्वीकार्य नहीं हो सकता, क्योंकि यह उसे उस क्षेत्र में दुस्साहस करने से रोकेगा।

दूसरा समाधान यह हो सकता है कि जब तक सीमा समझौता नहीं होता, तब तक यथास्थिति बरकरार रखी जाए। ऐसे में दोनों सेनाएं एक-दूसरे से दूरी बनाए रखेंगी। इससे दोनों देश प्रभावित होंगे, क्योंकि लद्दाख में लंबे समय तक भारी संख्या में सैन्य बल को बनाए रखना होगा। यह फिर से चीन को अस्वीकार्य हो सकता है, क्योंकि वैसे में उसकी चौकियां चौबीसों घंटे भारत की निगरानी में रहेंगी।

मौजूदा संकट का समाधान कैसे होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि दोनों विदेश मंत्री किस तरह से वार्ता करते हुए एक सौहार्दपूर्ण समाधान तक पहुंचते हैं। ऐसे में, भारतीय राजनयिकों को सावधान रहना होगा कि वे त्वरित समाधान की तलाश में मौजूदा सैन्य बढ़त को खोने न दें।

## खास बात

# योग सूत्र

स्वाम मुक्तरथ



योगसूत्र, योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। यह छः दर्शनों में से एक शास्त्र है और योगशास्त्र का एक ग्रंथ है। योगसूत्रों की रचना 3000 साल के पहले पतंजलि ने की। इसके लिए पहले से इस विषय में विद्यमान सामग्री का भी इसमें उपयोग किया।योगसूत्र में चित्त को एकाग्र करके ईश्वर में लीन करने का विधान है। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों को चंचल होने से रोकना (चित्तवृत्तिनिरोधः) ही योग है। अर्थात मन को इधर-उधर भटकने न देना, केवल एक ही वस्तु में स्थिर रखना ही योग है।

योगसूत्र मध्यकाल में सर्वाधिक अनूदित किया गया प्राचीन भारतीय ग्रन्थ है, जिसका लगभग 40 भारतीय भाषाओं तथा दो विदेशी भाषाओं (प्राचीन जावा भाषा एवं अरबी में अनुवाद हुआ। यह ग्रंथ 12वीं से 19 वीं शताब्दी तक मुख्यधारा से लुप्तप्राय हो गया था किन्तु 19 वीं-20वीं-21 वीं शताब्दी में पुनः प्रचलन में आ गया है। **परिचय**

छः आस्तिक दर्शनों (षड्दर्शन) में योगदर्शन का महत्वपूर्ण स्थान है। कालान्तर में योग की नाना शाखाएँ विकसित हुई जिन्होंने बड़े व्यापक रूप में अनेक भारतीय पंथों, संप्रदायों और साधनाओं पर प्रभाव डाला।

चित्तवृत्ति निरोध को योग मानकर यम, नियम, आसन आदि योग का मूल सिद्धांत उपस्थित किये गये हैं। प्रत्यक्ष रूप में हठयोग, राजयोग और ज्ञानयोग तीनों का मौलिक यहाँ मिल जाता है। इस पर भी अनेक भाष्य लिखे गये हैं। आसन, प्राणायाम, समाधि आदि विवेचना और व्याख्या की प्रेरणा लेकर बहुत से स्वतंत्र ग्रंथों की भी रचना हुई। योग दर्शनकार पतंजलि ने आत्मा और जगत के संबंध में सांख्य दर्शन के सिद्धांतों का ही प्रतिपादन और समर्थन किया है। उन्होंने भी वही पचीस तत्त्व माने हैं, जो सांख्यकार ने माने हैं। इनमें विशेषता यह है कि इन्होंने कपिल की अपेक्षा एक और छब्बीसवाँ तत्त्व 'पुरुषविशेष' या ईश्वर भी माना है।पतंजलि का योगदर्शन, समाधि, साधन, विभूति और कैवल्य इन चार पादों या भागों में विभक्त है।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# स्वांस की समझ

## धर्म-प्रवाह

साध्वी मनीषा

**स्वांस** एक ऐसी अनमोल विरासत है जो सभी को मुफ्त में मिली है। यह एक स्वच्छंद लहर है जो आती है और जाती है लेकिन कहां से आती है और कहां जाती है, सिवाय अविनाशी के कोई नहीं जानता। स्वांस का पता तभी चलता है जब वह रूक जाती है। मनुष्य को जो स्वांस का अनमोल प्रसाद मिला है वह सिर्फ जिंदा रहने के लिए ही नहीं है बल्कि यह ऐसा खजाना है जो व्यक्तित्व के गहरे रहस्यों को खोलता है और एक स्वांस में संपूर्ण ब्रह्मांड समाया हुआ है। स्वांस के भीतर की शक्ति को जिन्होंने भी पहचाना उन्होंने ही हृदय में विराजमान परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से अपना मनुष्य जीवन सफल बनाया। पुराने समय में लोगों के व्यक्तित्व में ज्यादा जटिलता नहीं थी और न ही उस समय जीवन में इतना तनाव था। लोग सीधे और सरल थे। आज इस वैज्ञानिक युग के व्यस्त जीवन में व्यक्ति बहुत अधिक तनावग्रस्त व अशांत है। स्वांस का हमारे व्यक्तित्व से इतना गहरा संबंध है कि उस पर जरा सी लगी चोट सब तरफ प्रतिध्वनित हो जाती है। सिमरण क्रिया से जैसे ही मन स्वांसों के साथ एकाकार होता है तो व्यक्ति को स्वयं का बोध हो जाता है। स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान प्रेमभाव, भाईचारा, अपनत्व और मानवता के लिए बहुत सार्थक है। स्वांसों की यह ऐसी अनमोल विरासत है कि यदि अभ्यास से प्रत्येक व्यक्ति इसके भीतर की शक्ति को पहचान कर परमानंद का सानिध्य प्राप्त कर ले तो संपूर्ण विश्व शांत हो जाये।

## रोचक ट्वीट

हम जनता से जुड़े हुए वास्तविक मुद्दों पर चुनाव लड़ने में सफल रहे और प्रधानमंत्री के बार बार भटकाने के प्रयास के बावजूद किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचितों की आवाज उठाई। हम ने मिलकर वैकल्पिक विजन के रूप में हर वर्ग का जीवन बदलने वाली क्रांतिकारी गारंटियां देश के सामने रखीं।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस**

**दुनिया** में भारत के बढ़ते सम्मान से भारतीय राजनीति में हाशिये पर चली गई जमातें अब भारत विरोध पर उतारू हैं।

झारखण्ड की गठबंधन सरकार भी उस जमात में शामिल है,विकासविरोधी है,चोरों की पहरेदारी कर रही है।

**- अन्नपूर्णा देवी, सांसद**





तूफान और हीट वेव से देश भर में हुए नुकसान और जान-मान की हानि और उसके आगे उससे पूरे तौर पर बचाव के लिये विभिन्न विभागों के साथ बैठक की।

**-नरेन्द्र मोदी**

# स्वास्थ्य और सुविधायुक्त है गर्मी में मिट्टी का घड़ा

## समाज

**प्रियंका सौरभ**


गर्मियों में फ्रिज का पानी पीना सब को अच्छा लगता है। परंतु फ्रिज का पानी पीने से कुछ देर के लिए तो हमें ठंडक मिलती है लेकिन बाद में बहुत ही जल्दी प्यास लगाती है और यह गर्मी भी प्रदान करता है। परंतु मटके का पानी जो प्यास बुझाता है उसका मुकाबला फ्रिज के पानी से नहीं किया जा सकता। मटके का पानी कई बीमारियों को दूर करता है जबकि दूसरी ओर फ्रिज का पानी कई बीमारियों को जन्म देता है। मटका शुद्ध मिट्टी से बना हुआ होता है। इसलिए मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा होता है। मटके का पानी पीने से काफी देर तक प्यास नहीं लगती है जबकि फ्रिज का पानी पीने से उसी समय दुबारा पानी पीने का मन करता है। फ्रिज का पानी चाहे कितनी बार भी क्यों न पी लो परंतु प्यास बुझती ही नहीं है। मटके का पानी पीने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। मटके का पानी पीने से पेट में गैस नहीं बनती है और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। सबसे बड़ी बात मटके का पानी पीने से हमारे मटका बनाने वाले भाइयों को रोजगार मिलता है।

मिट्टी के घड़े में पानी बाहरी तापमान के अनुसार ही ठंडा रहता है। अगर बाहरी तापमान में गर्मी ज्यादा है तो मिट्टी के घड़े का पानी ज्यादा ठंडा होगा और अगर बाहरी तापमान थोड़ा कम गर्म है तो पानी भी कम गर्म रहेगा। ऐसे में मिट्टी के घड़े में रखा पानी हमेशा शरीर के तापमान के अनुसार ही ठंडा रहता था और यही कारण है कि मिट्टी के घड़े का ठंडा पानी कभी भी नुकसान नहीं करता जबकि फ्रिज से निकाला हुआ पानी पीने से सर्दी जुकाम की संभावना बनी रहती है। मिट्टी के घड़े में पानी रखने से मिट्टी में उपस्थित बहुत से खनिज तत्व उस पानी में मिल जाते हैं और जब हम उस पानी को पीते हैं तो वह खनिज तत्व हमारे शरीर में पहुंचकर हमारे शरीर को पोषित करते हैं। जैसा हम जानते हैं कि मिट्टी में लगभग 80 प्रकार के खनिज तत्व विभिन्न मात्रा में मौजूद होते हैं। इन तत्वों में बहुत सारे तत्व हमारे शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद है। आज लोग फ्रिज का पानी पी रहे हैं लेकिन साथ ही मिनरल सप्लीमेंट भी ले रहे हैं। जबकि पहले किसी को मिनरल सप्लीमेंट लेने की जरूरत नहीं होती थी।

मिट्टी के घड़े में पानी रखने से पानी में मिट्टी की सोंधी खुशबू समा जाती थी। जब हम इस पानी को पीते थे तो प्यास बुझने के साथ ही हमें एक संतुष्टि भी मिलती थी जबकि फ्रिज का पानी पीने से ना तो प्यास ही बुझ पाती है और ना ही संतुष्टि मिलती है। मिट्टी का घड़ा हर साल बदला जाता था और कभी-कभी सीजन में दो या तीन घरों की जरूरत पड़ती थी। ऐसे में कुम्हार भाइयों को पूरे साल भर रोजगार मिला रहता था। आज हर घर में फ्रिज आ जाने से यह व्यवसाय पूरी तरीके से नष्ट हो चुका है। मिट्टी के घड़े में पानी फ्रिज के अपेक्षा ज्यादा शुद्ध रहता था साथ ही मिट्टी के घड़े से पानी हमेशा किसी अन्य बर्तन में लेकर पिया जाता था जिससे घड़ा भी शुद्ध रहता था लेकिन आज फ्रिज में रखी बोतल से सीधे पानी पिया जाता है। यह बोतलें परजीवी संक्रमण की दृष्टि से बहुत ही नुकसानदायक है साथ ही प्लास्टिक अपने आप में ही स्वास्थ के लिए बहुत नुकसानदायक है।

गर्मियों के मौसम में आज भी कई घरों में मिट्टी का बना घड़ा या मटका नजर आ जाता है। भारत में मटके में पानी रखने की परंपरा बहुत पुरानी है। कई तरह के वॉटर प्यूरीफायर और कंटेनर्स आने के बाद भी आज तक लोग मिट्टी का घड़ा अपने घरों में रखते हैं। इसके कई फायदे हैं और इसे स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा माना जाता है। अक्सर गर्मी लगने पर कई बार आप फ्रिज में रखा ठंडा पानी पी लेते हैं। ये आपके गले और शरीर पर बुरा प्रभाव डालता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### चीन का हठ

तिब्बत में न तो धार्मिक आजादी है, न ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वह भले कह रहा हो कि तिब्बत का विकास हुआ है, लेकिन स्थिति उलट है। मठों में कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने कब्जा कर लिया है। भिक्षुओं को हजारों जगह पुलिस चौकियों पर अपनी पहचान सिद्ध करनी होती है। अब चीन भारत को तंग कर रहा है लेकिन भारत तिब्बत नहीं है।

**-निरंकार सिंह, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

विभिन्न आर्थिक सुधारों, 20 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज और रिजर्व बैंक के उपायों से आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में धीरे-धीरे पुनरुद्धार किए जाने की संभावनाओं को मुट्ठियों में लिया जाना होगा। अब सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य, श्रम, कृषि भूमि, वित्तीय क्षेत्रों में घोषित किए गए सुधारों को आगे बढ़ाना होगा।

**-सुनील, हजारीबाग**

# धर्म और कानून का सबसे चर्चित केस करने वाले केशवानंद

## कानून

**मृत्युंजय प्रसाद**

**संविधान** के संरक्षक के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के 13 जजों ने वर्ष 1973 में एक ऐसा फैसला दिया था, जिसकी वजह से केशवानंद भारती मृत्यु के बाद भी देश के सांविधानिक इतिहास में अमर हो गए हैं। कांग्रेस की आंतरिक कलह और पाकिस्तान से युद्ध के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रिवी पर्स खत्म करने और राज्यों में भूमि अधिग्रहण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने जैसे कई कानून बनाए और संसद के माध्यम से संविधान में 24वां, 25वां और 29वां संशोधन कर दिया।

'केशवानंद भारती बनाम स्टेट ऑफ केरल' मामले में पांच महीनों तक 68 दिन रोज सुनवाई हुई, जो सुप्रीम कोर्ट में सबसे लंबी सुनवाई का रिकॉर्ड है। अयोध्या मामले में 40 दिन की सुनवाई के बाद पांच जजों ने 1,045 पृष्ठों में सर्वसम्मति से राम मंदिर के पक्ष में अपना फैसला दिया था, जबकि केशवानंद भारती मामले में तेरह में से सात जजों ने बहुमत से लगभग 800 पृष्ठों में अपना फैसला दिया था। कुल 2,144 पैरे के इस फैसले में 11 अलग-अलग फैसले शामिल थे, जिनमें संविधान के अधिकांश प्रावधानों का पुनरावलोकन किया गया। इस फैसले के अनुसार, कानून का शासन, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, शक्तियों का बंटवारा, केंद्र-राज्य की संघीय व्यवस्था, गणतंत्र और संसदीय प्रणाली संविधान के मूलभूत ढांचे का हिस्सा हैं, जिन्हें संविधान संशोधन से नहीं बदला जा सकता।

इस फैसले के बाद सरकार, संसद और सर्वोच्च न्यायालय में भारी उलटफेर हुआ। अगले दिन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस एम सीकरी के रिटायर होने के बाद इंदिरा सरकार ने तीन जजों की वरिष्ठता को नजर अंदाज कर जस्टिस रे को प्रधान न्यायाधीश बना दिया, जिसके विरोध में तीन वरिष्ठ जजों ने त्यागपत्र दे दिया। प्रसिद्ध संविधानविद सीके दफ्तरी ने इस घटनाक्रम को भारतीय लोकतंत्र का काला दिन बताया था। मौलिक अधिकारों को आपातकाल में पूरी तरह से कुचल दिया गया। एडीएम, जबलपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों को प्रश्रय देने के बजाय, सरकारी दमन पर कोर्ट की मुहर लगा दी। केशवानंद भारती का फैसला सुप्रीम कोर्ट की तेजस्विता को दशार्ता है।

केशवानंद फैसले के अनेक प्रावधानों को इंदिरा सरकार ने 42वें संविधान संशोधन के कानून से खारिज कर दिया। हालांकि जनता पार्टी सरकार ने इंदिरा सरकार के ऐसे तमाम फैसलों को रद्द कर दिया। इंदिरा सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' जैसे शब्दों को शामिल किया था, जिन्हें नहीं हटाया जा सका। संविधान का मूलभूत हिस्सा मानकर अब उन प्रावधानों को हटाने पर आपत्ति की जा रही है। सवाल है कि जो प्रावधान संविधान संशोधन से शामिल किए गए, उन्हें बहुमत वाली सरकार द्वारा संविधान संशोधन के माध्यम से क्यों नहीं हटाया जा सकता। केशवानंद का मामला सरकार और न्यायपालिका के बीच प्रभुत्व के लिए हुए टकराव के तौर पर भी देखा जाता है। प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति में मनमानी से इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका पर तात्कालिक बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन इस फैसले के नौ साल बाद एस पी गुप्ता मामले से जजों ने नियुक्ति में कॉलेजियम व्यवस्था के माध्यम से पूर्ण वर्चस्व स्थापित कर लिया।

वर्ष 2015 में पांच जजों की पीठ ने जजों की असंगत नियुक्ति प्रणाली पर कठोर टिप्पणी की, लेकिन कॉलेजियम व्यवस्था में अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। सुशांत सिंह राजपूत मामले में फिल्म इंडस्ट्री में वंशवाद पर बहस चल रही है। लेकिन इस संयोग पर कम बहस होती है कि केशवानंद मामले में फैसला देने वाले छह से ज्यादा जजों के बेटे या भतीजे हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज और चीफ जस्टिस बन गए।

केशवानंद का फैसला भारत के साथ बांग्लादेश और पाकिस्तान की अदालतों में भी नजीर बन गया। केशवानंद मामले में केरल सरकार के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान समेत अन्य राज्यों की तरफ से कई नामी वकीलों ने बहस की थी।

स्पीड न्यूज

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था एवं वैंकटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सौजन्य से रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह द्वारा दर्जनों गरीब-असहाय, जरूरतमंदों के बीच पुड़ी-सब्जी का वितरण किया गया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि वैंकटेश आयरन फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा गरीबों को भोजन कराने के लिए 8 सप्ताह का सुखा राशन मंच को दिया गया है। उन्होंने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है। सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष श्री सिंह ने मंच की ओर से भोजन सेवा में सहयोग के लिए वैंकटेश आयरन फैक्ट्री के कमल केडिया और अंकित केडिया के प्रति आभार जताते हुए बताया कि वर्ष 2023 में भी वैंकटेश आयरन फैक्ट्री के सौजन्य से गरीबों को आठ सप्ताह तक भोजन कराया गया था और इस बार भी कराया जा रहा है। भोजन वितरण को सफल बनाने मेंउमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, उदयभान दुबे, दिलीप गंझू, सुकरा करमाली, लखन राम, लालू उरांव, रिंकू वर्णवाल, शिव कुमार यादव, इम्तियाज अंसारी, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

## वन विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान



**कुजू।** छठ तालाब कुजू में रविवार को मिशन लाइफ व वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रामगढ़ वन प्रमंडल के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभाग के लोगो समेत ग्रामीणों ने श्रमदान कर छठ तालाब से प्लास्टिक कचरा व कूड़े को निकाला। साथ ही विभाग के लोगों ने ग्रामीणों से तालाब को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त रखने की अपील करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की अपील की। वही लोगो को अपने घर में खाली जगह पर पौधा लगाने की सलाह दी। वही तालाब के किनारे आधे दर्जन से अधिक आम का वृक्षारोपण किया गया। मौके पर प्रभारी वनपाल देवेंद्र धर व आनंद कुमार,वनरक्षी रणजीत कुशवाहा, प्रीतोष तिवारी,रोहित कुमार, पबन कुमार अग्रवाल, कुजू वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार, श्याम प्रसाद, दिनेश्वर भूईयां, धर्मेंद्र यादव, शौकीन यादव, डालचंद मांझी, अजय टुडू, अमन वर्मा, शिवचरण रविदास, प्रदुमन यादव, सुर्गी देवी, लक्षो देवी, झमनी देवी,मनवा देवी, वर्षो देवी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## नोवलेज जंक्शन का उद्घाटन



**रामगढ़।** झंडा चौक में शनिवार को रामगढ़ कॉलेज के अध्यक्ष नितेश मोदी ने नोवलेज जंक्शन नामक लाइब्रेरी का उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि नोवलेज जंक्शन विद्यार्थियों के लिए कम कीमत में बेहतर व्यवस्था देने का कार्य करता है। ताकि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने का मौका मिले। बताया कि लोवलेज जंक्शन आरंभ करने वाले दो छात्रों आदर्श झा और शौर्य प्रतीक ने यह विचार लाया कि विद्यार्थियों के लिए एक लाइब्रेरी हो जो उन्हें आगे बढ़ने में मदद कर सके। कहा कि उन दोनो छात्रों के प्रयास से लाइब्रेरी आरंभ हो गयी है।

## आस्था का प्रतीक है मंडाः मंगलेश



**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के उसरा में शनिवार रात मंडा में छउ नृत्य का शुभारंभ दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने किया। उन्होंने कहा कि मंडा झारखंड की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। इस दौरान भक्त आग पर चलने और ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक - के सहारे झूलते हैं। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े नन्हे बच्चे भी अपनी भक्ति की परीक्षा देते है। मौके पर समिति के अध्यक्ष अनूप कुमार सिन्हा, जगमोहन महतो, साजन महतो, संतोष महतो, विमल महतो, रंजीत महतो, आनंद केटियार, संदीप चौधरी, जोगेंदर ओहदार, युगल किशोर महतो, विनोद महतो, नौशाद अंसारी, बालकिशुन महतो, संजय महतो, अमरु महतो, योगेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

# फूड पॉइजनिंग के शिकार 200 लोगों ने कराया इलाज

### स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है : डॉ ज्ञानी प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** थाना क्षेत्र के बेन्दगी पंचायत में अखंड हरी कीर्तन में प्रसाद खाने के दौरान फूड पॉइजनिंग से शिकार लोगों का दूसरे दिन भी अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भीड़ लगा रहा। बरही अस्पताल में दूसरे दिन करीब 200 लोगों ने उल्टी एवं दस्त की शिकायत के बाद इलाज के लिए पहुंचे। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल देखा गया।

डॉक्टरों ने लोगों का उचित इलाज कर उन्हें घर भेजा। वहीं कुछ लोगों को देखरेख में भी रखा गया। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। इस मामले में किसी भी मरीज को कहीं भी रेफर नहीं किया गया है। यह पूरी तरह से फूड पॉयजनिंग का मामला है जो लोगों में तेजी से फैल गई। अब स्थिति पूरी तरह सामान्य हो चुकी है लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। किसी भी मरीज को कोई समस्या होने पर तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अपना इलाज करवाने पहुंच सकते है। डॉ ज्ञानी ने कहा कि लोग लगातार ओआरएस का सेवन और दिए गए दवा का सेवन करते रहे। वहीं स्थिति को देखते हुए जिला से भी स्वास्थ्य विभाग की टीम बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अपना योगदान दिया। साथ ही बेंदगी पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा, झामुमो केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा, जगदीश सिंह, विवेक विश्वकर्मा आदि ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते रहें।

वहीं इस मामले को लेकर झामुमो केंद्रीय सदस्य बिनोद विश्वकर्मा ने अपनी तत्परता दिखाते हुए बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सकों की मांग की। जिसके बाद जिला से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर बरही स्वास्थ्य टीम का इलाज में सहयोग किया। जिले से पहुंचे स्वास्थ्य टीम में एपीडीमिओलोजीस्ट जावेद अहमद, जिला नोडल सर्विलेंस ऑफिसर डॉ इकबाल फाउख, डाटा मैनेजर आईडीएसपी रूपलाल गोप शामिल थे। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ अमन कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ रामानुज, लिपिक पंकज कुमार आजाद के अलावा वार्ड बॉय कैलाश कुमार, कुलदीप कुमार, सुजीत कुमार, एएनएम लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, टीपू कुरैशी तनु कुमारी, कंचन कुमारी, पूनम कुमारी, मीना कुमारी, आरा जहां, राजेश कुमार, मो साबिर, उदित रवि आदि ने भरपूर योगदान दिया।

**बेन्दगी पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीमः** मरीजो की संख्या में वृद्धि होता देख स्वास्थ्य विभाग की टीम बेन्दगी गांव पहुंची। बेन्दगी गांव में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, लिपिक पंकज कुमार आजाद, मो. शमशाद पहुंचकर उनका प्राथमिक इलाज किये और स्वास्थ्य से सम्बंधित परामर्श दिया। डॉ ज्ञानी ने बताया कि सभी लोग ओआरएस का उपयोग अधिक से अधिक मात्रा में करें। साथ ही भरपूर मात्रा में पानी पिएं। गर्मी में शरीर में पानी की कमी नही होना चाहिए, इसके लिए अधिक से अधिक पानी पिएं।

**मुखिया अपने वाहन से अस्पताल ला रहे है मरीज :** पिछले 24 घंटों से बेन्दगी पंचायत में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहे है। अपने वाहन से मरीजो को अस्पताल लाने से लेकर पहुंचाने का काम लगातार कर रहे है। इतना ही नही मरीजों को छोटी छोटी चीजे मुहैया कराने में अपना योगदान दे रहे हैं। स्थानीय लोग मुखिया के इस कार्य का प्रशंसा कर रहे हैं।

# सैनिक की पत्नी से सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में पूर्व सैनिकों का आक्रोश रैली

### अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करे सरकार : अरविंद ओझा

खबर मन्त्र संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोशिएशन एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के द्वारा संयुक्त रूप से आक्रोश रैली निकाला गया। बताते चलें आर्मी में सेवारत जवान जो लद्दाख में पोस्टेड हैं, उनकी पत्नी नामकुम थाना क्षेत्र रांची में अपने बच्चों के साथ अपने अर्धनिर्मित घर में रह रही है, सोमवार रात लगभग एक बजे दो अपराधी पहले अर्धनिर्मित घर में घुसे फिर दो अपराधी को और बुलाकर चारों ने बच्चों को जान से मारने का धमकी देकर पत्नी के साथ सामूहिक बलात्कार किया था लेकिन अभी तक अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए। इसी को लेकर आक्रोश रैली निकाला गया। आक्रोश रैली शहीद स्मारक से हजारीबाग मेन रोड सहित पूरे नगर भ्रमण कर पूर्व सैनिकों ने नाराबाजी किया। मौके पर पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोशिएशन प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए और दोषियों को फांसी से होनी चाहिए,अगर अपराधी जल्द गिरफ्तार नहीं होते हैं तो झारखंड के प्रत्येक जिले में धरना प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा, वही अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष ह. कैप्टन डीडी सिंह ने कहा कि एक सेवारत सैनिक की पत्नी के साथ इस तरह का घटना अत्यंत निंदनीय है, ये घटना सुनकर सभी सैनिकों/ पूर्व सैनिकों में गुस्सा है सरकार जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करवाए, अपराधी गिरफ्तार नही होने तक ऐसे ही सरकार को जगाने का काम करते रहेंगे। रैली में मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, सलाहकार इंस्पेक्टर भोलानाथ प्रसाद, सेवानिवृत्त कैप्टन अवध कुमार भारती, सेवानिवृत्त हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, उपाध्यक्ष रितेश कुमार सिंह, पूर्व सचिव अजीत सिंह, चतरा जिला पूर्व मीडिया प्रभारी रमन साहू, पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला अध्यक्ष कैप्टन डी.डी. सिंह, सेवानिवृत्त सचिव एसके सिंह, सदस्य महेश प्रसाद, चंदन कुमार, मलेश्वर पांडे, रामेश्वर साहू, मधुसूदन प्रसाद, शशि शर्मा, कमल किशोर कुमार, नीरज ओझा, अशोक कुमार दांगी, सूबेदार केपी मेहता, संजय मेहता, बैजनाथ मेहता, अशोक राणा, अमित राणा, वासुदेव राणा, सुमन तिवारी, श्यामसुंदर सिंह, अभिषेक कुमार, रविंद्र प्रसाद सिंह, एस के सिंह, हरिहर प्रसाद, एस पी सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, अनिल सिंह ,अशोक राणा के साथ साथ सैकड़ों पूर्व सैनिकों ने शामिल होकर रैली को सफल बनाया।

## माले प्रत्याशी बिनोद सिंह ने किया दारू प्रखंड का दौरा

**दारू।** इंडिया गठबंधन के कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी सह बगोदर विधानसभा के विधायक बिनोद सिंह ने रविवार को दारू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बलिया गांव पहुंचे जहां हाथीयों ने हाल ही मे कबिलासी पंचायत के पूर्व मुखिया पति अशोक रविदास को कुचल कर मार डाला था। विधायक ने मृतक की पत्नी एवं परिवार वालो से मुलाकात कर उनका ढाढस बढ़ाया और मुख्यमंत्री से मिलकर परिवार के भरण- पोषण के लिए सरकारी नौकरी दिलाने का आश्वासन दिलाया। साथ ही बिस सुत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात कर उन्हें फसल नुकसान की उचित मुआवजा और घायलो को वन विभाग से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। विधायक ने देवरिया गांव के लोगों से मुलाकात कर सड़को की बदहाली का भी जायजा लिया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अनिरूद्ध सिंह, अशोक सिंह, रविन्द्र सिंह, श्रवण सिंह, प्रमोद सिंह, किशोर सिंह, नागेश्वर ठाकुर, साकेन्दर सिंह, सुदामा सिंह, रोहित मेहता, दीपक पाठक, प्रमेश्वर राम, मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# डाडी भाजपा मंडल अध्यक्ष को पितृशोक मनीष जायसवाल ने जताया गहरा शोक



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डाडी भाजपा मंडल अध्यक्ष वकील महतो के पिता जगदीश महतो का करीब 85 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया।

इस अत्यंत पीड़ादायक सूचना की जानकारी पाते ही रविवार को तत्काल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल उनके बलसगरा स्थित आवास पहुंचे और दिवंगत के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर नमन किया।

उन्होंने ईश्वर से मृत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को इस दुःख से उबरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना भी की । ज्ञात हो की मृतक जगदीश महतो सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित चार पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को अचानक घर में गिरने से उनका ब्रेन हेंब्रज हो गया। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए लेकिन चिकित्सक ने जबाब दे दिया और घर आने के दौरान रास्ते में उन्होंने अंतिम सांस ली। मनीष जायसवाल ने उनके अकास्मिक निधन पर गहरा शोक जताया।



पटेल की जीत के लिए मजार पर चादपोशी करते लोग।

# जेपी पटेल की जीत के लिए कांग्रेसियों ने की पूजा

▶▶ गुरुद्वारा में टेका माथा, मजार पर चादरपोशी, चर्च में की प्रार्थना

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)।पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत के लिए विभिन्न धार्मिक स्थलों में पूजा की। साथ ही गुरुद्वारा में मत्था टेका। वहीं भुरकुंडा मदरसा में बाबा के मजार पर चादरपोशी की और पटेलनगर कैथोलिक चर्च में प्रार्थना अपने प्रत्याशी की जीत की कामना की।

इस दौरान प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने पतरातू के सुप्रसिद्ध मनोकामना सिद्धी स्थल बाबा बुचा बांध में मनोकामना पुजा तथा पतरातू गुरुद्वारा साहिब में अरदास एवं प्रसाद का वितरण किया। वहीं भुरकुंडा स्थित बीड़ी शाह बाबा के मजार शरीफ पर चादर पोशी की। इसके बाद कैथोलिक आश्रम चर्च भुरकुंडा में सार्वजनिक प्रार्थना तथा कैंडल जलाकर इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के जीत की कामना की। मौके पर मुख्य रूप से सुजीत पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल, डॉ केके शर्मा, जयप्रकाश सिंह, अनिल कुमार, रमाकांत दुबे, राजकिशोर पांडे, बालदेव राम, संजीव सिंह, रंजीत सिंह, मो. ग्यास खान, मो. सलाउद्दीन मंसूरी, शम्स खान, कमलेश कुमार, शिवा करमाली, सोनु सहित दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक नजर में

## नीड ने लिया पर्यावरण बचाने का संकल्प




**हजारीबाग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कांडतरी पंचायत के अंतर्गत विभिन्न गांवों में एक हजार से अधिक फलदार पौधे का वितरण किया जाएगा। फलदार पौधों का रोपण कर लोगों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। उक्त बातें नीड फाउंडेशन के सचिव शिव शंकर दयाल ने कांडतरी पंचायत के लोचर गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए बोल रहे थे। ग्रामीणों की सुझाव पर वन विभाग की खाली पड़े जमीन पर पौधे लगाने का संकल्प लिया। भविष्य में सुरक्षित जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने की अपील भी की। कहा कि मानव ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों का सफाया कर दिया। इसका नतीजा सबके सामने है। दुनिया महामारी, प्राकृतिक आपदाओं, ग्लोबल वार्मिंग की समस्या झेल रही है। अभी सचेत न हुए तो आने वाला कल बहुत ही भयावह होगा। उन्होंने बताया कि पौध वितरण के अवसर पर बड़कागांव मध्य की जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगी। मौके पर उपप्रमुख बचनदेव कुमार, वार्ड सदस्य सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंधी से तबाही का जायजा लेने कजरा पहुंची प्रीति

**बरही।** पिछले दिनों आई आंधी पानी ने ग्राम कजरा में भयानक तबाही मचाई थी। इस तबाही से प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने और तबाही में हुई क्षति का जायजा लेने बरही पश्चिमी भाग चार से जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी घटना स्थल पर पहुंची। आपदा प्रभावित परिवारों से मिलकर सबों को हिम्मत से काम लेने का हौसला बढ़ाया और आपदा प्रबंधन विभाग से शीघ्र समूचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने खराब पड़े चापाकल को अतिशीघ्र ठीक करवाने के लिए विभाग के जेई से संपर्क किया। जेई ने जल्द ही खराब चापाकल को ठीक कराने का आश्वासन दिया। इस आंधी में सुधीर रविदास के लगभग दस लाख से बने मुर्गी फार्म एवं चंदर भूइंया के पिगरी शेड के नष्ट हो जाने की सूचना बैंक प्रबंधन को दी। उन्होंने भी प्रभावित परिवारों को भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला परिषद प्रतिनिधि गुरूदेव गुप्ता, समाजसेवी इन्द्रदेव ठाकुर, भोला भूइंया, अजय भूइंया, दिनेश भूइंया, सुधीर राज, अनिल राम, भोला राम, शुकरदेव राम, मनोज राम, बैजनाथ राम, मुनेश्वर राम, राजू भूइंया, दिनेश भूइंया, अशोक भूइंया,किशुन भूइंया, जगदीश भूइंया, सिकंदर भूइंया सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने दी अन्नपूर्णा देवी को बधाई

**इचाक।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और निवर्तमान सांसद अन्नपूर्णा देवी को उनके सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा के युवा नेता ओमप्रकाश मेहता ने जीत की अग्रिम बधाई दी है श्री मेहता अपने सहयोगी समाजसेवी महेश प्रसाद मेहता के साथ उनके कोडरमा स्थित आवास में गुलदस्ता भेंट कर उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दी। श्री मेहता ने श्रीमती देवी से कहा कि जनता एक बार फिर आप पर एवं देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताते हुए साथ ही साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्र की मतदाता आपको रिकॉर्ड मत दिया है।जिस कारण आपकी जीत पुनः सुनिश्चित है इस पर निवर्तमान सांसद श्रीमती देवी ने कहा कि यदि हमारी जीत हुई तो निश्चित तौर पर वर्तमान कार्यकाल में जो कार्य अधूरा रह गया है मैं उसको अविलंब पूरा करूंगी । जनता के हर सुख दुख में शामिल होने का प्रयास करूंगी साथ ही साथ जनता की हर समस्या के समाधान के लिए खरा उतरूंगी।आगे उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए सभी मतदाता को धन्यवाद भी दिया।

## राशन लेने की अहर्ता पर विधायक ने उठाए सवाल

**चौपारण।** बेला पैक्स अध्यक्ष सियाराम सिंह से एक लाख बीस हजार रुपए वसूली के आदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पत्रांक 503 के द्वारा निर्गत किया गया है। यह जुर्माना वर्ष 2016 से 2024 तक हर माह उठाव किये गये अनाज का वसूली है। इसमें खादान्न का बाजार दर सहित ब्याज की राशि शामिल हैं। उक्त राशि आठ जुन तक जिला आपूर्ति कार्यालय में जमा करना है। जमा नहीं करने पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जाएगा। दरअसल विधायक उमाशंकर अकेला ने उपायुक्त को लिखित शिकायत की जिसमें सियाराम सिंह कार्ड नंबर 202006368675 पर राशन लेने की अहर्ता नहीं रखने की बात कही गई। पक्का मकान, ट्रैक्टर और दो पहिया वाहन रखने की शिकायत की गई। इस शिकायत पर उपायुक्त द्वारा जांच किए जाने पर मामला को सही पाया गया। इस पर डीएसओ ने पैक्स अध्यक्ष को लिखित आदेश देकर राशि जमा करने को कहा है। इधर लाभुक सियाराम सिंह ने कहा कि पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर विधायक द्वारा कार्रवाई की गई है। मैं किसान हूं तथा मिट्टी का मकान अभी हाल तक था। जानबूझकर प्रताड़ित करने के ध्येय से कार्रवाई की गई है।

## भुरकुंडा : दुर्घटना में चाचा-भतीजी घायल

**भुरकुंडा।** भदानीनगर मतकमा चौक के समीप फोरलेन में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार चाचा-भतीजी घायल हो गए। घटना शनिवार शाम की है। पतरातू रेलवे कॉलोनी निवासी मनोज सिंह (42 वर्ष) अपनी सात वर्षीय भतीजी आयुषी के साथ भुरकुंडा बाजार सब्जी खरीदने आए थे। सब्जी लेने के बाद भदानीनगर मतकमा चौक के समीप स्थित राजनंदनी रेस्टोरेंट खाना पार्सल लेने गए। इसके बाद जब दोनों लौट रहे थे तो पतरातू की ओर से आ रही एक चार पहिया वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। मनोज सिंह के दाएं पैर की एड़ी में चोट लगी है, जबकि आयुषि को सीने में अंदरूनी चोट लगी है।

## भीषण गर्मी से कारोबार पर पड़ रहा है असर

**रामगढ़।** भीषण गर्मी और लू से बाजार के कारोबार में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस कारण जिलावासी परेशान हैं। सुबह आठ बजे से तेज धूप लोगों को परेशान करने लगती है। सुबह से ही लोग अपने-अपने घरों में दुबक जाते हैं। तेज धूप के कारण घर की पूरी रूटीन भी गड़बड़ा जाती है। बहरहाल शनिवार को जिले के विभिन्न हिस्सों में दोपहर के बाद तेज ठंडी हवाओं और हल्कि बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई। तेज हवाओं के कारण शाम को भी क्षेत्र में बिजली की समस्या उत्पन्न हो गई। तेज धूप एवं लू के कारण जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के हाट-बाजार में कम ग्राहक आ रहे हैं। इस कारण बाजारों के दुकानों में सन्नाटा पसर जाता है। इक्का-दुक्का लोग दुकानों में सामान खरीदने के लिए आते हैं। सबसे अधिक परेशानी खुले में सब्जी बेचने वालों को हो रही है। सुबह 10 बजे के बाद बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। दुकानदार शाम तक ग्राहकों के आने का इंतजार करते रहते हैं। शाम होते ही गर्मी थोड़ी कम हो जाती है। इसके बाद रोजमर्रा के सामान खरीदने के लिए लोग दुकानों में पहुंच जाते हैं। भीषण गर्मी और लू के कारण रामगढ़ के बाजार का कारोबार दोपहर से लेकर शाम तक ठप हो जाता है। कम लोग ही सामान खरीदने के लिए दुकानों में आते हैं। ग्राहक अपने पूरे शरीर को ढक कर दुकान में पहुंचते हैं। जिला एवं शहर के खुले आसमान के नीचे कारोबार करनेवालों को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्योंकि सुबह आठ बजे से लेकर शाम तक कुछेक ही ग्राहक सामान एवं सब्जी खरीदने के लिए आते हैं। सब्जी बाजार में छतरी लगाकर दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते हैं। सूर्यास्त के बाद अधिकांश लोग सब्जी खरीदने के लिए पहुंचते हैं।

स्पीड न्यूज

## जंगल में मिली अज्ञात वृद्ध की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव के सामने जंगल में एक वृद्ध की लाश बरामद हुई है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष के बीच बताई जा रही है। लाश की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। रविवार को जब ग्रामीण जंगल की ओर गए तब लाश को देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। इस इटखोरी थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 59 वर्ष होगी। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि देखने से यह मालूम होता है कि लाश एक सप्ताह पुरानी है। उन्होंने बताया कि उसकी मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, नामजद को भेजा गया जेल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कटैया में बीते दिनों जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने सतगावां थाना में अलग-अलग आवेदन दिया था। जिसमें काण्ड संख्या 37/24 के तहत प्राथमिकी नामजद अभियुक्त 27 वर्षीय रोहित कुमार पिता शिवनंदन प्रसाद यादव, 60 वर्षीय लालमणि यादव पिता स्व. मेघी महतो तथा 58 वर्षीय सुरेश प्रसाद यादव पिता स्व.महाबीर महतो एवं कांड संख्या 38/24 के तहत प्राथमिकी नामजद अभियुक्त 19 वर्षीय अविनाश उर्फ अविनाश कुमार पिता रामानंद प्रसाद यादव, 28 वर्षीय गौतम कुमार पिता शिवदानी प्रसाद यादव, 35 वर्षीय पंकज कुमार पिता स्व.मुनेश्वर प्रसाद यादव तथा विनोद प्रसाद यादव पिता गोवर्धन प्रसाद के नाम शामिल हैं। वहीं प्राथमिकी में नामजद अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है।

## चार वर्षों बाद इंटक वेल के फिल्टर में आया पानी, बढ़ी उम्मीद

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गडगी स्थित परसाबाद ग्रामीण जलापूर्ति योजना के जल्द सुचारू होने की उम्मीद बंध गयी है, चार वर्षों से ठप इस जलापूर्ति योजना के शुरू होने से हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। वहीं शनिवार को चार वर्ष के बाद इस जलापूर्ति योजना के इंटक वेल के फिल्टर में पानी पहुंचा, तो शीघ्र ही जलापूर्ति शुरू होने की संभावना बढ़ गयी। मिली जानकारी के अनुसार, लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे थे जिप सदस्य यादव ने डीडीसी से मुलाकात कर उन्हें उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा था। वहीं उन्होंने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया एवं डीडीसी ऋतुराज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। वहीं उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि मशीनों को दुरुस्त कर तत्काल जलापूर्ति चालू करें।

# पूर्व मध्य रेलवे के 43 स्टेशनों पर लगायी गयी 127 एटीवीएम मशीन

### जल्द ही लगाए जाएंगे 40 और एटीवीएम

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** सरस्वती चन्द्र मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब कराने हेतु स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन (एटीवीएम) लगाये जा रहे हैं।

वहीं पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित किये गये हैं। इनमें दानापुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, समस्तीपुर मंडल के 9 स्टेशनों पर 29 एटीवीएम, सोनपुर मंडल के 8 स्टेशनों पर 24 एटीवीएम, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 6 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम तथा धनबाद मंडल के 7 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही जल्द ही पूर्व मय रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बताते चलें कि एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाईन लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। वहीं प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिग मशीन टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए है। कई स्टेशनों पर ये एटीवीएम टिकट घर के अलावे स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित किये गये हैं, जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगी। एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है और यह चौबीसों घंटे कार्य करती है। साथ ही इस सिस्टम में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा उपलब है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। यात्रियों द्वारा बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है। दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर, दानापुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, मोकामा, जहानाबाद, दिलदारनगर, पटना साहिब, झाझा, बिहार शरीफ, लखीसराय स्टेशनों पर कुल 38 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब हैं। वहीं सोनपुर मंडल के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, सोनपुर, मानसी, नवगछिया, बेगुसराय स्टेशनों पर 24 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब हैं। समस्तीपुर मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मधुबनी, नरकटियागंज, सीतामढ़ी स्टेशनों पर 29 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब हैं। धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा, डालटनगंज, नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, सिगरौली स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड एवं भभुआ रोड स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।

# 12 वर्षीय युवक तीन दिन से लापता, मामला दर्ज




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के अमगांवा गांव से बारह वर्षीय बालक गणेश भुइयां 30 मई से लापता है। वह अपने रिश्तेदार के घर अन्हा अमगावा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका है। परिजनों ने शिला ओपी में लिखित आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई है। यदि किसी को गणेश भुइयां दिखाई दे तो परिजनों ने 7903839771 पर संपर्क करने की अपील की है।

# कोडरमा में भाजपा की करारी हार होगी और इंडिया गठबंधन की जीत होगी : रामधन

### भारतीय राजनीति में कई बार एग्जिट पोल फेल साबित हुई, 4 जून का करें इंतज़ार

खबर मन्त्र संवाददाता
2



**कोडरमा।** आम चुनाव परिणाम और एग्जिट पोल में आसमान जमीन का अंतर होता है। एग्जिट पोल आंकड़ो और सीमित दायरों का सर्वेक्षण का अनुमान मात्र है। कभी कभी अनुमान या कयास सच के करीब निकलते हैं, मगर भारतीय राजनीति में कई बार एग्जिट पोल फेल साबित हुई है। देश में कॉरपोरेट घराने एग्जिट पोल संस्थानों को फंडिंग करते है, ऐसे में एग्जिट पोल को लोकसभा चुनाव का परिणाम समझ लेना भयंकर भूल है। लोकसभा चुनाव का एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत में आता दिखाया गया है, मगर जमीनी हकीकत इसके उलटे भी आ सकती है, जो 4 जून को ही सामने आएगा। उक्त बातें राजद जिलाध्यक्ष सह इंडिया गठबंधन के संयोजक रामधन यादव ने कही। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब मनोविज्ञान का सहारा लिया जाता है, ताकि डैमेज कंट्रोल का रास्ता खुल सके, वहीं विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक तरीके से दबाब डाला जा सके।

इंडिया गठबंधन राजनीति की हर बारीकी को बखूबी समझती है, ग्राउंड रिपोर्ट इंडिया गठबंधन के भी पास है। कार्यकर्ताओं और निष्पक्ष आम जनता के साथ साथ राजनीतिक एक्सपर्ट और हर बूथ लेवल पर आंकलन रिपोर्ट आई है। इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने जा रही है। यह चुनाव जनता वनाम भाजपा के बीच हुई है। जनता के बीच इंडिया गठबंधन बेरोजगारी, गरीबी, मंहगाई और शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दे पर लड़ी है। जबकि भाजपा ने धर्म और झूठ के प्रोपगंडा पर चुनाव लड़ी है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में भाजपा की करारी हार होगी और इंडिया गठबंधन की जीत होगी। वहीं देश के कई राज्यों में इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक बढ़त मिलेगी।

# स्वर्गीय सुशील श्रीवास्तव की नौवीं पुण्यतिथि मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के तिलहेत पंचायत के कुब्बा गांव में स्वर्गीय सुशील श्रीवास्तव की नौवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर चतरा विधानसभा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि सुशील श्रीवास्तव एक विचार थे और उनके विचार हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र के गरीबों, छात्रों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया। उनके परिजन उनके सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। पैक्स अध्यक्ष मिथलेश श्रीवास्तव ने उन्हें गरीबों का मसीहा करार दिया। चंद्रा श्रीवास्तव ने कहा कि उनके अधूरे सपनों को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया जा रहा है। इस अवसर पर कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### जनता ने ठगबंधन को नकारा

# पीएम मोदी पर फिर जताया विश्वास : अन्नपूर्णा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरी तरह सत्य साबित होगा। जनता ने ठगबंधन को पूरी तरह रिजेक्ट करते हुए पीएम मोदी पर विश्वास जताया है। जनता का विश्वास विकसित भारत को लेकर है। इंडिया गठबंधन के लोग दुष्प्रचार में लगे रहे, मगर देश की जनता ने विकास को प्राथमिकता दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से देश सशक्त हो रहा है। आज पूरे विश्व में भारत की डंका बज रही है।

देश में हर क्षेत्र में विकास का पहिया आगे बढ़ा है। गरीबों का तेजी से उत्थान हो रहा है। गांव से शहर तक आधारभूत संरचनाओं को बहाल की गई है। साथ ही अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया गया। विकास का बेहतर परिणाम 4 तारीख को देखने को मिलेगा। एग्जिट पोल यथावत रहेगा और एनडीए गठबंधन 400 पार करेगा। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ठगबंधन को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। अगले पांच सालों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर होगा।

## सफाई कर्मी का अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

**जयनगर (कोडरमा)।** डीवीसी के टीपीएस बांझेडीह कोडरमा में मेंमर्स मनोरंजन सिंह के अंतर्गत सफाई कार्य कर रहे मजदूरों का हड़ताल डीवीसी मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया। साथ ही मुख्य अभियंता ने एक माह के अंदर सभी मांगे पूरा करने पर सहमति बनी और सफाई कर्मी अपने काम पर लौटे। मौके पर एक्यू जिला सचिव सह यूनियन सचिव विजय पासवान, फुलवा देवी, कुलदीप साव, गीता देवी, किरण देवी, अजय कुमार साव, सरिता देवी, मनु साव, समेत कई लोग मौजूद थे।

# पेट्रो जलप्रपात जाने के दौरान बाइक सवार असंतुलित होकर गिरा, तीन घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रो जलप्रपात जाने के दौरान रविवार को छोटकी झर के समीप बाइक असंतुलित हो कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में पिता व दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय विपिन कुमार पिता विजय प्रसाद, 6 वर्षीय बिहू कुमार तथा 8 वर्षीय विवेक कुमार दोनों पिता विपिन कुमार नवादा जिला के पकरीबरावां निवासी अपने दो पुत्रों के साथ पेट्रो जलप्रपात पिकनिक मनाने व स्नान करने जा रहे थे। इसी दौरान पेट्रो जलप्रपात से पहले छोटकी झर के समीप बाइक असंतुलित हो जाने से तीनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों को राहगीरों के मदद से चार चकिया वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घायलों के परिजनों ने बताया कि बेहतर इलाज के लिए पावापुरी अस्पताल लेकर जा रहे हैं।

# मेघातरी से 23 वर्षीय युवक लापता, पिता ने दिया थाने में गुमशुदगी का आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी पंचायत के बाराकुरा, डेढ़गावां निवासी 23 वर्षीय देव कुमार पिता सुरेश रजवार पिछले 27 मई से लापता हो गया है। इसे लेकर युवक के पिता ने बताया कि सोमवार 27 मई के शाम 6:30 बजे घर से हाफ गंजी और हाफ पैंट पहनकर निकला तथा रात को वापस नहीं आया तो हमलोग काफी खोजबीन किया। जिसके बाद अपने परिजनों व जानने वालों के यहां भी खोजा, फिर भी कुछ नहीं पता चला कि कहा है। वहीं युवक के पिता के द्वारा कोडरमा थाना में युवक की गुमशुदा होने को लेकर आवेदन दिया है। जिसके बाद पुलिस युवक के खोजबीन में जुट गई है।

# दो बच्चों के साथ महिला लापता, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के सिकीदाग पंचायत के सोहरलाठ गांव की 38 वर्षीय महिला शांति देवी 22 अप्रैल को अपने दो बच्चों, 8 वर्षीय सुभाष कुमार और 6 वर्षीय रीना कुमारी के साथ घर से अचानक बिना बताए चली गई। परिजनों ने हर जगह खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। दो हफ्ते बीत जाने के बाद भी शांति देवी का पता नहीं चलने पर उनके पति कलेन्दर गंझू ने कुंदा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। कुंदा थाना प्रभारी नीतीश प्रसाद कुमार ने बताया कि गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जल्द ही शांति देवी को खोजने की कोशिश कर रही है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चतरा कॉलेज का किया निरीक्षण

**चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिले में चार जून को चतरा कॉलेज चतरा में मतगणना होगा। इसके लिए की गई आवश्यक तैयारी का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप चतरा कॉलेज चतरा पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में ब्रज गृह, चतरा, सिमरिया,मनिका, पांकी, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया साथ ही मौके पर सुरक्षा व्यवस्था सीसीटीवी समेत अन्य की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लें, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई को लेकर भी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। आगे उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत कहा निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में इलेक्ट्रिक डिवाइस किसी भी सूरत में नशीले पदार्थ, अवैध सामग्री के साथ किसी की भी एंट्री न हो इसका खास ख्याल रखा जाय और बिना पहचान पत्र के मतगणना परिसर में बिल्कुल ही किसी को प्रवेश करने नहीं देना है।

### टीएसपीसी ने जारी किया की प्रेस विज्ञप्ति, कहा हिंदिया कला गांव की घटना से संगठन है मर्माहत

# आत्मरक्षक फायर करने से हुई पिता -पुत्र की मौत: प्लाटून कमांडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** टीएसपीसी संगठन कुंदा थाना क्षेत्र के हिंदिया कला गांव की घटना से मर्माहत है। टीएसपीसी संगठन के प्लाटून कमांडर अजय ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि न चाहते हुए भी यह अनहोनी घटना घटी, जिससे संगठन भी मर्माहत है। प्लाटून कमांडर अजय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 15 अप्रैल को कामरेड मंटू को पंकज बिरहोर, विफन बिरहोर, विधायक बिरहोर ने पकड़कर अधमरा कर दिया था और उसी हालत में हथियार के साथ पुलिस को सौंप दिया था। हाथापाई करते हुए चार साथी भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें बहला-फुसलाकर झांसे में रखकर उन्हें भी पुलिस ने पकड़ लिया। अजय ने कहा कि उनके साथियों पर गलत आरोप लगाया गया है कि वे इंदिरा आवास में लेवी मांगने गए थे, जबकि यहां के ग्रामीणों को पता है कि टीएसपीसी संगठन स्कूल, आवास, कुआं आदि में लेवी नहीं लेता और आज तक नहीं लिया है। संगठन समय-समय पर निरीक्षण भी करता है। पंकज बिरहोर और विफन बिरहोर गांव में ही शराब का कारोबार करते थे और विधायक बिरहोर पुलिस दलाली का काम करता था, उसी का धौंस दिखाकर ग्रामीणों को परेशान करता था। कामरेड मंटू इन्हीं सब चीजों को लेकर उन्हें समझाने, बुझाने और सुलह कराने की नीयत से गए थे, लेकिन वे पहले से ही नियत खराब करके रखे हुए थे और संगठन से झगड़ने लगे। इस घटना की जानकारी और ग्रामीणों से जो बात सुनने को मिली, उसी को लेकर पार्टी संगठन की टीम जांच पड़ताल करने पहुंची थी। जिसे देखते ही पंकज बिरहोर, विफन बिरहोर और विधायक बिरहोर भागते हुए घर का दरवाजा बंद कर लिया। संगठन के द्वारा लाख कोशिश के बाद भी वे दरवाजा नहीं खोल रहे थे। दरवाजा तोड़ने का भी प्रयास किया गया, लेकिन दरवाजा नहीं टूटा। कुछ देर बाद अचानक पिता-पुत्र पंकज बिरहोर और विफन बिरहोर नशे में धुत होकर टांगी लेकर इधर-उधर हमला करने लगे, जिससे दो-तीन साथी घायल भी हो गए। कई बार साथियों के द्वारा दोनों को टांगी फेंकने को कहा गया, लेकिन वे शराब के नशे में लगातार हमलावर हो रहे थे। मजबूरन आत्मरक्षक फायर किया गया, जिससे पिता-पुत्र दोनों को गोली लग गई। टीएसपीसी संगठन आम जनता से अपील करता है कि पुलिस दलाल, प्रशासन के बहकावे में और लोभ-लालच में न पड़ें। इस तरह की घटना न हो, जिससे दोनों तरफ से गरीबों और निरीह जनता को नुकसान या जान गंवानी पड़े।

# मां अपनी ढाई वर्षीय बच्ची के साथ लापता

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी निवासी 25 वर्षीय शबाना खातून पति कयूम अंसारी अपने ढाई वर्षीय बच्ची के साथ बुधवार से लापता है। इस मामले को लेकर महिला के पिता सलीम अंसारी ने जयनगर थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज करवाया है। वहीं उन्होंने अपनी बेटी और नतनी की खोजबीन करने की अर्जी किया है। आवेदन के आधार पर पुलिस मां एवं बच्ची की खोजबीन में जुट गयी है।





स्पीड न्यूज

### चंदवा के प्रवासी मजदूर की संबलपुर उड़ीसा में मौत

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत स्थित हाकातुरवा गांव निवासी राजेश साव( 52 वर्ष )पिता स्वर्गीय छेदू साव की मौत उड़ीसा के संबलपुर जिले के थेलकुली ग्राम स्थित भट्ठी में शनिवार की देर रात हो गई। स्वर्गीय राजेश साहू हाकातुरवा ग्राम से भट्ठी में काम करने के लिए गए थे। सूचना मिलने के बाद परिजन उड़ीसा के लिए रवाना हो गए हैं, देर शाम तक उनका शव पहुंचने की उम्मीद है। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट पर किया जाएगा। वे अपने पीछे तीन पुत्री व एक पुत्र छोड़ गए हैं। जिसमे दो पुत्री की शादी हो चुकी है। उनके मौत से पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। परिजनों के अनुसार राजेश साव की मृत्यु अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण लू के चपेट में आने से हुई है।

### मवेशी बचाने के क्रम में मोटरसाइकिल से गिरकर तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटम टोला ग्राम के समीप एक मवेशी को बचाने के क्रम में मोटरसाइकिल से गिरकर पिता पुत्र और पुत्री समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में रितेश नायक 28 वर्ष पिता योगेंद्र नायक ग्राम सिंजो थाना मनिका निवासी एवं उसका पुत्र संतोष नायक 6 वर्ष, पुत्री परी नायक 4 वर्ष शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रितेश नायक अपनी पत्नी को डिलेवरी के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया हुआ है। जहां से वह खाना लाने अपने ससुराल फूलसु, बारियातु की ओर जा रहा था। इसी दौरान टमटमटोला ग्राम के समीप एक मवेशी को बचाने के क्रम में मोटरसाइकिल से असंतुलित होकर गिर गया जिससे तीनों घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### करंट लगने से दो गायों की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के शीशी पंचायत के बारियातू खालसा ग्राम में बिजली के तारों की चपेट में आने से रविवार को दो गायों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुदेश्वर राम और अनिल राम के गाय खेतों में चर रहे थे। इसी दौरान झूल रही एक बिजली के तार की चपेट में आ गये और मौके पर ही उन दोनो गायों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ये बिजली के तार जमीन से मात्र तीन फीट की उच्चाई पर ही झूल रहे हैं। इससे पहले भी यहां तारों के संपर्क में आने से मवेशियों की मौत हो चुकी है। पीड़ितो ने मुआवजे की मांग बिजली विभाग एवं जिला प्रशासन से की है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर यहां से तारो को दुरूस्त नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा।

### फाइलेरिया जांच के लिए 85 लोगो का लिया गया ब्लड सैम्पल

**बरवाडीह।** फाइलेरिया जांच के लिए ब्लड सैम्पल का संग्रह शुरू हो गया है। इसके लिए बरवाडीह में शनिवार की रात्रि से प्रखंड क्षेत्र के आदर्शनगर मे 85 लोगो का ब्लड सैम्पल लिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयवंत लकड़ा ने बताया कि रात्रि रक्त पट्ट संग्रह एनबीएस फाइलेरिया कार्यक्रम का आयोजन एक जून से 10 जून तक किया जाना है। इस कार्यक्रम के तहत 20 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों का रक्त संग्रह रात्रि आठ बजे से बारह बजे तक किया जा रहा है। इसके आधार पर लोगों में फाइलेरिया के माइक्रो फाइलेरिया का पता किया जा सकेगा। जिससे प्रखंड स्तर पर विशेष उपचार एवं फाइलेरिया बीमारी की रोकथाम में विभाग को विशेष लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में एमटीएस रविकांत सिंह, ड्रेसर राजेश चन्द्र सिन्हा, सीएचओ आभा कुमारी, एमपीडब्ल्यू युवराज सिंह, गुलाम सरवर, दिलकेश्वर राम, बीटीटी श्याम सुंदर यादव, एलटी मनोरंजन कुमार, स्वेता कुमारी, सहिया लालमुनी देवी, बिमला देवी आदि सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

# चंदवा पल्ली में 128 युवक-युवतियों का हुआ दृढ़ीकरण संस्कार

## पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार के बाद पवित्र आत्मा बच्चों को प्रज्ञा और ज्ञान प्रदान करेगाः बिशप थेयोदोर मस्केरेन्स

### 81 बच्चों को ग्रहण कराया गया परमप्रसाद संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा पल्ली स्थित कैथोलिक चर्च परिसर में रविवार को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार व परमप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर 128 युवक-युवतियों को दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण एवं 81 बच्चों का परमप्रसाद संस्कार कराया गया। इसके मुख्य अधिष्ठाता बिशप थेयोदोर मस्केरेन्स ने सम्पूर्ण विधियों को पूर्ण कर बच्चों का संस्कार ग्रहण कराया। इसके पूर्व बिशप थेयोदोर मस्केरेन्स की अगुवाई में मिस्सा पूजा अनुष्ठान भी कराया गया, जिसमे सहायक की भूमिका पल्ली पुरोहित फादर एमानुएल केरकेट्टा, फादर जोसेफ एक्का, फादर अल्फोन्स, फादर प्रदीप पन्ना ने निभायी। मौके पर बिशप थेयोदोर मस्केरेन्स ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार प्रभु यीशु के पवित्र हृदय का त्योहार है। पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार के बाद पवित्र आत्मा इन बच्चों को प्रज्ञा और ज्ञान प्रदान करेगा। ईश्वर का प्रेम इसी हृदय से लहू और पानी के रूप में बहता है। ईश्वर ने शुरू से मनुष्य को आशीष और कृपा प्रदान की है। ईश्वर का प्रेम सागर से बढ़कर है। यह ईश्वर के प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों से कहा कि ईश्वर के प्रति विश्वास को मजबूत करें। पवित्र आत्मा की बातों को सुनें और जीवन को सुंदर बनाएं। पवित्र आत्मा के ज्ञान व बुद्धि का वरदान ग्रहण कर शिक्षा में आगे बढ़ें और बुराई से दूर रहें। प्रभु यीशु के वचनों को आत्मसात करें। माता-पिता एवं बड़ों का आदर करें और छोटों को प्यार दें। संदेश के उपरांत संस्कार पाने वाले युवक-युवतियों का अभिभावकों द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया। इस मौके पर संत अन्ना व कोयल दल युवा संघ के सदस्यों ने मिस्सा पूजा को भव्यता प्रदान करने में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथोलिक सभा के सभापति स्टेफन मिंज, सुमन सुनील सोरेंग, विनय खलखो, राजेश लकड़ा, फिलिप बागे, अब्राहम कोनगाड़ी, जगदीश एक्का, अनिल लकड़ा, प्रभात तिर्की, धवल कुजूर, प्रशांत बाड़ा, किशोर तोपनो, कुलदीप लकड़ा, सुधीर लकड़ा, महिला संघ से बसंती लकड़ा, सुषमा तिर्की, इलिसबा नाग, मंजू ग्रेस, फिलोमीना लकड़ा, सुशीला सोरेंग, पुष्पा तिग्गा समेत चंदवा पल्ली अंतर्गत आने वाले शिवा टोली, कुसुमटोली, देवी मंडप, देरुआगढ़ा, चिरो, गरदाग, मूर्तिया, लुकुईया बोदा समेत विभिन्न क्षेत्रो के बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग मौजूद थे।



मिस्सा पुजा करते विशप।




सुदृढ़ीकरण संस्कार में शामिल युवक युवतियां

# बारिश के 24 घंटे बाद फिर गर्मी हुई तेज तपती धरती के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त

## भीषण गर्मी और लू से नहीं निकल रहे ग्राहक, कारोबार प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बारिश के 24 घंटे बाद फिर गर्मी हुई तेज तपी धरती जन जीवन हुवा अस्त व्यस्त। शनिवार को जिले भर में हुई बारिश से लोगो के चेहरे में आई खुशी लेकिन यह खुशी केवल 24 घंटे तक ही रह पाई। बीते चार दिनों से भीषण गर्मी के बाद वर्षा होने से लोगों में गर्मी कम होने की उम्मीद जगी लेकिन यह उम्मीद भी खत्म हो गई। मौसम विभाग की माने तो लातेहार में अभी 38 डिग्री पारा है लेकिन एक सप्ताह में फिर 42 डिग्री पारा होने वाला है। बताते चले कि जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के हाट-बाजारों में पड़ रही भीषण गर्मी और शरीर को झुलसाने वाले लू के कारण ग्राहक घर से बाहर नहीं निकल रहे है।

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने दुकानदारो के कारोबार को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सबसे ज्यादा छोटे दुकानदारो को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे दुकानदारो को घर का खर्चा चलाने के अलावे दुकान का भाड़ा और बिजली बिल का बोझ बढ़ता जा रहा है। इस भीषण गर्मी में कारोबारियों का कारोबार पहले की अपेक्षा कई प्रतिशत कम हो गया है। इससे उन्हें चिंता सताने लगी है। कई दुकानदारो ने बताया कि इतनी भीषण गर्मी पड़ने के साथ-साथ लू चल रहा है कि थोड़ा बहुत ग्राहक सुबह में किसी तरह निकल रहे हैं और नौ -दस बजे अपने घरों में कैद हो जा रहे हैं। दोपहर में कोई ग्राहक घर से नही निकलते हैं। इससे बाजार में पूर्वाह्न दस बजे से ही सन्नाटा पसर जा रहा है।

शाम के समय बहुत जरूरी हो तब ही वह घर से बाहर निकल कर बाजार में खरीदारी करने आते हैं। क्यो कि शाम छह बजे तक भी गरम हवाएं चलती रहती है। धंधा एकदम चौपट हो गया है। इस भीषण गर्मी में बाहर से कारोबारी भी आने से परहेज कर रहे हैं। वही ग्राहकों ने बताया कि इतनी गर्मी और लू चल रही है कि पहले जान को सुरक्षा करना है। बहुत बच-बचा कर जरूरी कामो के लिए ही घर से बाहर निकल रहे हैं। इस भीषण गर्मी में वह कोई जोखिम नही उठाना चाह रहे हैं।



सड़क में पसरा सन्नाटा

## एक नजर में

### साइबर अपराधियों ने खाता से 169800 रुपए उड़ाए

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के पुण्डरू लावा ग्राम निवासी निवासी नंदकिशोर यादव पिता होरीलाल यादव ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर सेंट्रल बैंक से साइबर अपराधियों द्वारा 169800 खाता से गायब कर दिए जाने का आरोप लगाया है। नंद किशोर यादव ने दिए गए आवेदन में कहा है कि मेरा सेंट्रल बैंक में अपना खाता है जिसका खाता नंबर 225588 5920 है दिनांक 28 मई को मेरे फोन नंबर 9308909641 पर 962745 59 82 से एक कॉल आया और बोला कि मैं एयरटेल ऑफिस से बात कर रहा हूं आपका सिम 36 घंटा के लिए बंद कर दिया जाएगा और उसके बाद मेरा सिम बंद हो गया जब 36 घंटा से ज्यादा पूरा होने पर चालू नहीं हुआ और इस नंबर से बैंक में मेरा लिंक है जब बैंक में पैसा निकासी के लिए गए तो बैंक वाला बताया कि सारा पैसा निकासी हो गया है ।स्टेटमेंट निकल जाने पर देखा गया की 29 मईको 1 रुपए की निकासी की गई है जबकि 30 मई को 99999 एवं 31 मई को 45601 रुपए की निकासी की गई है वहीं पुनः 31 मई को दूसरा बार 24000 रुपए के निकासी कर लिया गया है। इस तरह कुल मेरे खाता से 169800 रुपये की निकासी कर ली गई है। आवेदन में कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### जोन एकेडमी में सम्मान समारोह आयोजित दशवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चंदवा।** प्रखण्ड के सासंग पंचायत अंतर्गत बरवाडीह स्थित जोन एकेडमी के द्वारा टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 10वी एवं 12वी के वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ट्रक एसोसिएशन अध्यक्ष लाल रंजन नाथ शाहदेव ने विद्याथीर्यों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने हेतु बेहतरीन प्रयास के लिए द जोन एकेडमी बरवाडीह को शुक्रिया अदा करता हूं। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला परिषद लातेहार पश्चिमी सरोज देवी ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना हम जीवन में बेहतर करने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। वही सतीश कुमार यादव, विनीत कुमार, आनंद यादव, नागमणि यादव आदि ने विद्यार्थियो को मार्गदर्शन दिया। द जोन एकेडमी बरवाडीह के निदेशक पंचम कुमार यादव एवं प्रधानाध्यापक कंचन कुमार यादव ने विद्याथीर्यों को मार्गदर्शन करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया तथा विद्यार्थियो को यथासंभव गुणवतापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना चौक के समीप रविवार को एक मोटरसाइकिल सवार ने दूसरे मोटरसाइकिल सवार को अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिससे एक मोटरसाइकिल में सवार मधेश यादव 18 वर्ष पिता प्रयाग यादव ग्राम बसिया एवं रितेश लोहरा 18 वर्ष पिता मोती लोहरा ग्राम कोठाटांड चेताग थाना बालूमाथ निवासी घायल हो गया। वहीं दूसरे मोटरसाइकिल में सवार युवक को मामूली चोट आई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मधेश यादव बसिया से अपने ट्रक के खलासी रितेश लोहरा के साथ बालूमाथ आ रहा था ।इसी दौरान थाना चौक के समीप अनियंत्रित होकर एक मोटरसाइकिल में जाकर टक्कर मार दिया। घटना के बाद दोनों युवकों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### गोला स्थित हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**चंदवा।** स्थानीय दुबे जी के गोला प्रांगण में बने हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। शनिवार की अहले सुबह से पूजा पाठ आरंभ हुआ जो दोपहर तक चला। इसे यादगार बनाने में मंदिर समिति के लोग पूरी तन्यमयता से जुटे थे। पूजन उपरांत 5 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात तक चला। इस अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया था। बाहर से आये कलाकारो के द्वारा बेहतरीन भजन कीर्तन की प्रस्तुति की गई। चंदवा के बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी सज्जनों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय दुबे, सुरेंद्र बैध, अजय बैध, संजीव आजाद समेत अन्य लोगो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नाबालिक बच्ची के निर्मम हत्या और बलात्कार के मामले को लेकर दर्जनों ग्रामीण पंहुचे पेटरवार थाना

**बेरमो /बेरमो।** अनुमण्डल में दिल दहला देने वाली घटना 5 मई 2024 को पेटरवार थाना क्षेत्र के ओरदाना पंचायत के महलीजारा गाँव में घटी थी जिसमे करीब 8 साल की एक आदिवासी बच्ची की दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या कर शव को घर से महज कुछ ही दूरी पर सुनसान झाड़ियों में छुपा दिया गया था। उसी समय परिवार वालों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जतायी थी. बच्ची का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने दुष्कर्म के बाद गला दबा कर हत्या करने की बात कही थी। परिजनों ने बताया कि बच्ची दादी के मायके शादी समारोह में शामिल होने आई थी. कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौटने की तैयारी कर रहे थे की बच्ची एकाएक गायब हो गई. जिसके बाद काफी खोजबीन की गई, पर उसका कोई पता नहीं चल सका. सुबह खून से लथपथ शव घर के बगल सुनसान झाड़ियों में मिलने की सूचना पर पेटरवार थाना को दी गई।

## लातेहार बनवारी साहु महाविद्यालय में नामांकन प्रारंभ, 16 तक अंतिम तिथि

खबर मन्त्र संवाददाता




**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित बनवारी साहु महाविद्यालय में सेमेस्टर -1 को लेकर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि बनवारी साहू महाविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू है। आगे उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं चांसलर पोर्टल के माध्यम से हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल तथा वाणिज्य विषयों में नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज में नामांकन हेतु आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। इंटर पास छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि इ.अ./इ.ङ्के रीं२३ी१. क सत्र 2024-2028 में ऑनलाइन नामांकन चांसलर पोर्टल के माध्यम से प्रारम्भ है। नामांकन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य है। जिसमें मैट्रिक का मार्कशीट, 12वीं का एडमिट कार्ड का दो कॉपी, 12वीं का मार्कशीट दो कॉपी, 12वीं कॉलेज लविंग सर्टिफाइड ओरिजिनल, 12वीं के माइग्रेशन ओरिजिनल, 12वीं के प्रोविजनल सर्टिफिकेट वन फोटोकॉपी, आधार कार्ड के दो फोटोकॉपी, 12वीं के क्रिएचर सर्टिफाइड वन फोटो कॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो ब्लड ग्रुप के फोटोकॉपी करा कर लाना है। ईमेल आईडी मोबाइल नंबर इत्यादि सभी ओरिजिनल के फोटोकॉपी अनिवार्य रूप से लाना है तभी नामांकन हो पाएगा।

# तुफान के कारण बास के पेड़ से दब कर एक महिला की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंकी पंचायत स्थित बारियातु गांव में दिन शनिवार को अचानक तूफान आने के कारण बास का पेड़ गिर गया जिससे दब कर सोनी देवी उम्र 23 वर्ष पति विकास सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनी देवी नदी से कपड़ा धोकर अपना घर लौट रही थी कि अचानक तूफान आ गया। वहीं तूफान से बचने के लिए घर के बगल में लगे बास के पेड़ के पास खड़ा हो गई तभी अचानक बास का पेड़ गिर गया जिससे दब कर सोनी देवी की मौत हो गई। साथ ही उसी जगह पर खड़ा मृतिका सोनी देवी के ससुर करम सिंह उम्र 55 वर्ष को भी बायां पैर में बास गिरने से काफी चोट आया है। मृतिका सोनी देवी का एक 2 वर्ष का पुत्र है और उसके पति विकास सिंह आंध्र प्रदेश कमाने गया हुआ है। वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व जिला परिषद सदस्य सह राजद नेता रघुपाल सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में प्रशासन को जानकारी दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने एएसआई डीएन राय व पुलिस बल के जवानों को घटनास्थल पर भेजकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया है। वहीं राजद नेता रघुपाल सिंह ने कहा कि अंचलाधिकारी मनिका को घटना के बारे में सूचना दे दिया गया है। मृतिका के परिवार वालों के लिए प्रशासन से आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाले सुविधा का मांग करता हूं।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस की टीम व अन्य

# बड़े हादसा का आमंत्रण दे रहा है मुख्य सड़क से गुजरे ग्यारह हजार वोल्ट के तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा झलकीटोला स्थित ट्रांसफार्मर से कनेक्शन किए गए ग्यारह हजार वोल्ट की तार बड़ी हादसे का निमंत्रण दे रहा है. गोनिया सिबला भाटचतरा होते हुए बारियातू व टंडवा के लिए पक्की सड़क बनी हुई है. जहाँ प्रत्येक दिन दर्जनों वाहन गुजरता है. भाटचतरा के झलकी टोला स्थित पक्की सड़क से ट्रांसफार्मर तक कनेक्शन के लिए ग्यारह हजार हाई वोल्टेज की तार गुजरा हुआ है. कई बड़े वाहन तार के संपर्क में आ जाता है. जिससे कई बड़े हादसा होते होते टला है. ग्रामीण रामू यादव, देवनाथ यादव, करू तुरी, जिलेबो तुरी, सुरेंद्र तुरी, मनोज तुरी, कामेश्वर यादव, कंचन यादव सहित कई लोगों ने बताया की बिते माह सवारी से भरे बस वाहन ग्यारह हजार तार की संपर्क में आ गया जिससे बस में अफरा तफरी मच गई थी . चालक जल्दबाजी में अपने सूझबुझ से बस वाहन को तुरंत पीछे किया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था. विद्युत विभाग द्वारा वायर की मरम्मत नहीं कराई जाती है जिसके कारण कई जगहों पर तार झूल रहा है. सड़क से गुजरे हुए ग्यारह हजार तार मे जाली नहीं लगाया गया है. भविष्य में सड़क से गुजरे हुए तार गिर जाय तो बड़ी घटना होने की सम्भावना बनी हुई है. ज्ञात हो की विद्युत विभाग में मरम्मत के लिए फंड आता है या नहीं आता है यदि आता है तो कितने दिनों में आता है. यदि फंड आता है तो मरम्मत क्यों नहीं किया जाता है. विभाग के प्रति बहुत सारे सवाल खड़ा होता है. आपको बताते चलें की गोनिया से राजगुरु, सिबला, भाटचतरा, टोटी,इटके बारियातू तक सड़क से गुजरे हुए ग्यारह हजार हाई टेंशन वोल्टेज वाले तार में दूर-दूर तक कहीं भी जाली नहीं दिखाई देता है. इधर टंडवा रूठ जाने के क्रम में टोटी, रहैया, बनवार पंकुरवा, मनातू बनालात गांव पड़ता है. मुख्य मार्ग से गुजरे हुए तार में भी जाली गार्ड नहीं लगाया गया है. क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से गुजरे ग्यारह हजार तार में विद्युत विभाग से जाली लगवाने के साथ मरम्मत करवाने की मांग की है।



सड़क के उपर गुजरा 11 हजार तार

# खिलाड़ी का फिजिकल एनर्जी और स्टेमिना बेहतर होना जरूरी : अलखनाथ

## टेबल टेनिस का पांच दिवसीय समर कैंप प्रारंभ



दीप प्रज्वलित कर समर कैंप का उद्घाटन करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में पांच दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन किया गया। रविवार को संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, नंदकुमार गुप्ता, सचिव आनंद सिन्हा व बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य रेयाज अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि टेबल टेनिस खेल में लोगों ने बड़ा सपना देखा है और उस सपने को पूरा करने का दायित्व आप सभी खिलाड़ियों की है। संघ आपको हर संभव मदद करने को तैयार हैं। आप सपने को तभी पूरा कर सकते हैं, जब आपका फिजिकल एनर्जी और स्टेमिना बेहतर होगा। साथ ही सभी खिलाड़ी को एनर्जेटिक रहना होगा। तभी आप बेहतर कर सकते है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप लोगों के निरंतर प्रयास से आपके खेल में लगातार सुधार हो रहा है वही आपके खेल की बदौलत गढ़वा जिला का नाम टेबल टेनिस के क्षेत्र में बहुत आगे जा रहा है। उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने काम किया है आप लोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गढ़वा के नाम को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले के जामबहार की अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोकनी कुमारी ने सरकारी नौकरी मिलने के बाद पहली बार अपने गांव पहुंची और उसने हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में खेल कीट उपलब्ध कराई और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया । हम चाहेंगे कि गढ़वा में खिलाड़ी खेल की बदौलत नौकरी हासिल करे और जामबाहर की तरह आप लोग भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को बनाएं और अपने नये खिलाड़ियों को अपने अनुभव का लाभ दें। नंदकुमार गुप्ता ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से आपको टेबल टेनिस की तकनीकी की जानकारी दी जाएगी जिसका आप लाभ उठाए। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की समर कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों को टेबल टेनिस खेल के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है ताकि गर्मी छुट्टी का लाभ बच्चे उठा सके और टेबल टेनिस के तकनीक और खेल के बारे में जानकारी हासिल करें। टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे ने कहा कि जिले के 18 खिलाड़ी नेशनल खेल रहे है, कम संसाधन में यहां के लोग बेहतर खेल रहे हैं उन्हें और संसाधन उपलब्ध करने की जरूरत है। प्राचार्य रेयाज अहमद ने कहा की ईमानदारी से मेहनत किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। खेल के क्षेत्र में कैरियर के अपार संभावनाएं हैं इस मौके पर संघ के सदस्यअभय कुमार, बालिका उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक सुशील तिवारी, रामासाहु के फिजिकल शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, सिनियर खिलाड़ी ऋषभ राज सहित कई अभिभावक मौजूद थेकार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया।

### मतगणन के दिन सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को

# अलर्ट मोड में रहने का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार संसदीय क्षेत्र के मतगणना को स्वच्छ, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक रूप से सम्पन्न कराने को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक, सभी सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, दांडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि कटिहार लोकसभा निर्वाचन के मतगणना के मद्देनजर सभी पदाधिकारी एवं कर्मी जिम्मेदारी है कि वे आपस में मिलकर एक टीम के रूप में काम करते हुए निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना सम्पन्न कराने हेतु विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों एवं कर्मी को 04.00 बजे पूर्वाह्न अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने कहा कि सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को मतगणना के दिन सभी चौक चौराहा पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहेंगे। उस दौरान किसी भी प्रकार की मतगणना से संबंधित सूचना देने से बचेंगे, एवं ऐसी अफवाह, सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध कराने एवं मतगणन के दिन सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश एसपी ने दिया। उल्लेखनीय है कि मतगणना स्थल तिनगछिया स्थिति बाजार समिति के प्रांगण में बनाए गये बजगृह में पोल्ड ईवीएम के सुरक्षा के दृष्टिकोण से बजगृह के चारो ओर आंतरिक भाग में सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है। वहीं मतगणना के दौरान मुख्य द्वार पर बीएसएपी एवं बाजार समिति के आस-पास के चिन्हित स्थलों पर जिला सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। मुख्य प्रवेश द्वार के समीप किसी भी आपात स्थिति से निपटने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक दंगा निरोधी दस्ता, वजवाहन, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, लाठी, अश्रुगैस आदि सुरक्षा उपकरण के साथ क्यूआरटी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। मतगणना के अवसर पर प्राधिकार पत्र धारक मिडिया कर्मियों के लिए मतगणना परिसर के प्रांगण में पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था की गयी है। जिसमें दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल का प्रतिनियुक्त किया गया है। सम्पूर्ण मतगणना अवधि में गोपनीयता भंग न हो इसको लेकर किसी भी परिस्थिति में ईवीएम डिस्ले का फोटो लेना या विडिया रिकॉर्डिंग करने पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया है। प्राधिकार पत्र धारक (मीडिया कर्मी) को पूरे समय जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, ड्यूटी पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के सभी निदेर्शों का पालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी मीडिया कर्मी का प्रवेश वास्तविक मतगणना हॉल में वर्जित है। किसी भी मीडिया कर्मी को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु उन्हें मीडिया कोषांग के पदाधिकारी द्वारा नियमित अंतराल पर छोटे बैंच (कम से कम संख्या) में मतगणना परिसर के अंदर ले जाया जाएगा। मीडिया कर्मी को केवल मीडिया सेंटर तक मोबाइल का उपयोग अनुमति दी जाएगी।

## खबर एक नजर में

### आईएमए के अध्यक्ष बने सुधांशु, सचिव सुभाष, कोषाध्यक्ष बने डॉ विकास

**पूर्णिया।** आईएमए पूर्णिया के लिए नए अधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हो गया। इस चुनाव में कुल 441 मतदाताओं में से 318 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्णायक मंडल में डॉ ए के सिन्हा, डॉ. आर एस ठाकुर, डॉ एस क्यू ,नसर, डॉ आशुतोष कुमार और डॉ सिपिका शामिल थे। अध्यक्ष पद के लिए कुल 318 मत पड़े, जिनमें से 3 मतपत्र अवैध घोषित किए गए। डॉ सुधांशु कुमार को 191 मत मिले, जबकि डॉ कुशल कुमार को 124 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार, डॉ सुधांशु कुमार आईएमए पूर्णिया के नए अध्यक्ष चुने गए। सचिव पद के लिए कुल 316 मत पड़े, जिनमें से तीन मत अवैध थे। डॉ सुभाष कुमार सिंह को 160 मत मिले, जबकि डॉ शदत वसीम को 154 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार, डॉ सुभाष कुमार सिंह आईएमए पूर्णिया के नए सचिव चुने गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए कुल 317 मत पड़े, जिनमें से 2 मत अवैध थे। डॉ विकास कुमार को 174 मत मिले, जबकि डॉ कुनाल कुमार को 143 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार, डॉ विकास कुमार आईएमए पूर्णिया के नए कोषाध्यक्ष चुने गए।

पूर्व मुखिया के निधन पर मंत्री रत्नेश सादा ने परिजन से मिल सांत्वना दी सहरसा, 02 जून (हि.स.)। जिले के बनमा इटहरी प्रखंड के सुगमा गांव निवासी पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार सिंह (78) के निधन रविवार को बिहार सरकार के मद्द निषेध व निबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने शोकाकुल परिवार से मिलकर ढ़ाढस बढ़ाया। उन्होंने कहा की प्रमोद बाबू अपने राजनीतिक जीवन में कुशल नेतृत्व कर्ता के रूप में जाने जाते थे। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। जिले भर में उनकी एक अलग प्रतिष्ठा थी।

### व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ केअध्यक्ष बने विजय मिश्र, अविनाश कुमार सचिव

**कटिहार।** बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ, शाखा कटिहार में रविवार को कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हो गया। बिजय कुमार मिश्र अध्यक्ष पद पर चार मतों से अपने प्रतिद्वंदी राजेश कुमार रजक को हराकर विजय हुए। राजेश कुमार रजक ने मात्र 69 मत प्राप्त किया। चुनाव में कुल 142 कर्मचारियों ने मत का प्रयोग किया। आयोजित चुनाव बिहार न्यायालय कर्मचारी संघ के पर्यवेक्षक सह चुनाव पदाधिकारी के रूप में मो अंजारुल हक के देखरेख में संपन्न हुई। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ तथा 10 कार्यकारिणी सदस्य का चयन किया गया। जिला सचिव के पद पर प्रदेश संगठन सचिव अविनाश कुमार निर्विरोध रूप में निर्वाचित हुए। जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में रमन पाठक, उपाध्यक्ष के रूप में शुभम राउत और सुशील कुमार राम, संगठन सचिव सत्यजीत राय, विवेक कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रताप पांडे, संजीत कुमार स्वतंत्र आदि पधाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य के रुप में निर्वाचित हुए।

# पाइप है नहीं, व विभाग कर रहा चापाकल मरम्मति का नाटक

## जिसका पाइप ही सड़ा हो बिना बदले वह चापाकल आखिर बनेगा कैसे?

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** भीषण गर्मी के कारण प्रखंड में व्याप्त पेयजल संकट का समाधान होता नहीं दिख रहा। बानगी के रूप में करीब 15 दिन पहले डीडब्ल्युएस विभाग के जेई के आदेश पर सरकारी मिस्त्री ने अधौरा गांव के तीन चापाकलों की रिपेयरिंग किया था। जिनमें अपग्रेड प्रावि हरिजन टोला, हेल्थ सेंटर व शिव मंदिर का चापाकल शामिल था। लेकिन प्रधानाध्यापक राम लखन राम ने बताया कि स्कूल के चापाकल की वही हालत है। उसमें कुछ नहीं बना। अन्य कलों की भी यही हालत है।

रविवार 2 जून को सरकारी मिस्त्री हरिजन टोला सार्वजनिक चबूतरा के पास के जलमीनार का चापाकल ठीक करने पहुंचे। जिसे खोलने पर सिलेंडर के साथ का लोरिंग पाइप सड़ा हुआ निकला। मौके पर मौजूद वार्ड सदस्य लालती देवी के प्रतिनिधि नंदकुमार राम व अन्य ग्रामीणों ने सड़ा हुआ पाइप बदलकर लगाने की बात कही। लेकिन मिस्त्री ने कहा कि पाइप नहीं है। मिलेगा तो लाकर लगा देंगे। चापाकल को पुनः कस दिया गया। इस तरह मरम्मत का नाटक करके जनता का ब्रेनवाश किया जा रहा है। पाइप सड़ा हुआ है वह चापाकल बिना पाइप का कैसे बनेगा। आज लोग प्यासे हैं तो न जाने कब पाइप मिलेगा व कल बनेगा। उधर स्कूल पर एचएम रामलखन राम मिस्त्री का आसरा देख रहे थे। मिस्त्री ने कहा शिव मंदिर वाला देखकर स्कूल पर आते हैं। थोड़ी देर बाद ही नंद कुमार गए तो मिस्त्री का कहीं पता था न उनकी गाड़ी का। लगभग प्रत्येक गांव में चापाकल व जलमीनार बिगड़ा हुआ है।



अधौरा हरिजन टोला में निकला सड़ा हुआ पाइप

पानी की घोर समस्या है। पर मरम्मत का यही रवैया है। इधर पानी की समस्या का तत्काल समाधान के लिए उमंग पांडेय प्रखंड समन्वयक (पंचायती राज विभाग) 7209788667 को नोडल पदाधिकारी व विपिन पांडेय प्रखंड समन्वयक (पेयजल व स्वच्छता विभाग) 7258026771 को सहायक नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी के पत्रांक 635 दिनांक 25 मई 2024 के अनुसार प्रखंड अंतर्गत जिन क्षेत्रों पेयजल की समस्या हो रही है। वहां की ग्रामीण जनता को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी पंचायतों में खराब पड़े चापाकलों व जलमीनार को बनवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसकी सूचना सभी पंचायत प्रतिनिधियों व जिला के प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी दी गई है। इस संबंध में जूनियर इंजीनियर सिकंदर प्रसाद ने कहा कि पाइप विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। अब खराब पाइप का रिपोर्ट करने पर टेंडर होता है तब पाइप मिलता है।

# जमीनी विवाद में 5 घायल



घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में बीती रात्रि दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर हुई लाठी डंडे से मारपीट में दोनो पक्षों से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्रथम पक्ष से घायलों में उमेश विश्वकर्मा,पत्नी लीलावती देवी,पुत्र उत्तम विश्वकर्मा,दूसरे पक्ष से दिल्ली विश्वकर्मा, पत्नी ललिता देवी घायल हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर भवनाथपुर थाना पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की पूछताछ के बाद पीड़ित को थाना में लिखित शिकायत देने को कहा है। घटना का मूल कारण दोनो पक्षों का जमीनी विवाद बताया जा रहा है।

## 57 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर मोतिहारी पुलिस ने मुफसिल थाना क्षेत्र के भितहा एक गैरेज से चारपहिया वाहन पर लदा 57.02 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है। गांजा महिंद्रा क्वांटो गाड़ी पर लदा था जो भितहा के वकील मियां के गैरेज में खड़ा किया गया था। मौके से गैरेज का मालिक वकील मिया, विकास यादव एवं शिवहर जिले के श्यामपुर भटहा का भूटन सहनी को गिरफ्तार किया गया है। तीनो तस्करों के पास से चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है, जिसका कॉल डिटेल्स खंगाला जा रहा है। इस मामले में मुफसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार के बयान पर एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में डीएसपी सदर 2 जितेश पांडेय, थाना अध्यक्ष मुफसिल मनीष कुमार, साइबर सेल के इंसेक्टर अनुज कुमार पांडेय सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### यह फैंटेसी पोल : राहुल...

उन्होंने दावा किया कि गठबंधन को सरकार बनाने लायक बहुमत मिल सकती है।

**पोल का आधार डीएम :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल साइट एक्स पर लिखा, एग्जिट पोल का आधार इवीएम नहीं, बल्कि डीएम है। प्रशासन याद रखे जनशक्ति से बड़ा बल और कोई नहीं होता। आज का ये भाजपाई एग्जिट पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था, बस चैनलों ने इसे शनिवार को चलाया। एग्जिट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है। भाजपाइयों के मुरझाए चेहरे सारी सच्चाई बयान कर रहे हैं।

**हमारी सरकार बनेगी : खुर्शीद :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा ये एग्जिट पोल गलत साबित होंगे। हमने लोगों से मुलाकात की है, कुछ अनुमान लगाए हैं. वो अनुमान कहते हैं कि सरकार हमारी बनेगी...। वो एग्जिट पोल भी हैं जो ये कहते हैं। कांग्रेस बहुत अच्छी स्थिति में है...हमें उम्मीद है कि हम सरकार बनाएंगे। कांग्रेस की स्थिति अच्छी है। देखते हैं 4 तारीख को क्या होता है। हम तो यही उम्मीद करते हैं कि सरकार हमारी बन रही है। 'जयराम रमेश के बयान पर सलमान खुर्शीद ने कहा, वह ऐसा इसलिए कहा है क्योंकि उनके पास 2004 का अनुभव है...। 2004 में एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल कुछ और कह रहे थे जबकि नतीजे कुछ और थे।

### हीटवेव-बाढ़ पर...

उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में फायर-लाइन के रखरखाव और बायोमास के सदुपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनायी जानी चाहिए। बैठ में पीएम को जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में मददगार वन अग्नि पोर्टल की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी और लू जारी रहने की संभावना है। इस वर्ष देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने तथा प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम रहने की संभावना है।

**चक्रवात पीड़ित राज्यों को मदद :** 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर पीएम ने चक्रवात रेमल के प्रभाव की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण जान-माल के नुकसान और घरों और संपत्तियों को हुए नुकसान पर भी चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार चक्रवात से प्रभावित राज्यों को पूरा सहयोग देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री ने गृह मंत्रालय को स्थिति की निगरानी करने और बहाली के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए नियमित रूप से मामले की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया।

### 18 जिलों में ...

कहा गया है कि गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति रहेगी। **नौतपा का प्रकोप खत्म, बदलाव संभव :** नौतपा नौ दिनों तक भीषण गर्मी से तपाने के बाद आखिरकार रविवार को खत्म हो गया। इसके साथ ही अब मौसम के करवट लेने की उम्मीद बढ़ गयी। रविवार सुबह से ही झारखंड के कई इलाकों में बादल छाये रहे। साथ ही 48 डिग्री पहुंच चुके तापमान में भी थोड़ी गिरावट दर्ज की गयी। झमाझम बारिश होगी और गर्मी से भी राहत मिलेगी। मॉनसून का कम डाउन भी शुरू हो जायेगा।

### सीसीटीवी व वीडियोग्राफी ...

सभी 14 सीटों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने सभी प्रत्याशियों को मतगणना के नियमों और निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस से अवगत करा दिया है। प्रत्याशी मतगणना हॉल के प्रत्येक टेबल के लिए काउंटिंग एजेंट रख सकते हैं। उन्हें निर्देश दिया गया है कि मतगणना हॉल में मौजूद रहने वाले काउंटिंग एजेंटों को नियमों की जानकारी दे दें। प्रत्येक मतगणना केंद्र पर विशेष ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे, जो सुनिश्चित कराएंगे कि गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत अनुपालन हो। प्रत्याशियों एवं सभी काउंटिंग एजेंटों को मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए पहचान पत्र जारी किया गया है। उनसे कहा गया है कि निर्धारित समय में केंद्र में प्रवेश कर जाएं। काउंटिंग एजेंटों को सिर्फ कॉपी, पेन एवं कागज लाने की ही अनुमति होगी। किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, खाने-पीने की वस्तु या अन्य कोई भी सामान मतगणना केंद्र के अंदर ले जाने की इजाजत नहीं है। सभी मतगणना केंद्रों पर अर्धसैनिक और पुलिस बल की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गयी है। ईवीएम की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय इंतजाम किया गया है। पहले लेयर में सीआरपीएफ, दूसरे लेयर में झारखंड स्टेट आर्म्ड पुलिस और तीसरे लेयर में जिला पुलिस की तैनाती है।

## गोपाल यादुका के हत्यारे बख्शे नही जाएंगे : संतोष

**पूर्णिया।** भवानीपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी गोपाल यादुका की नृशंस हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। हत्या में संलिप्त अपराधियों की अबिलम्ब गिरफ्तारी होनी चाहिए और स्पीडी ट्रायल के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। हत्यारे बख्शे नही जाएंगे।तत्काल जिला प्रशासन स्व यादुका के परिजनों को सुरक्षा भी उपलब्ध कराए। उक्त बातें सांसद सह राजग उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने गोपाल यादुका हत्या कांड पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही है।

# मुखिया ने श्राद्ध कार्य में दिया सहयोग



सहयोग प्रदान करते मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** मकुंदपुर मुखिया मुंगा साह ने केतार प्रखंड के ग्राम बक्शीपुर में मृतक गरीबा साह के घर पहुंच कर श्राद्ध कार्य में सहयोग दिया। उन्होंने 50 किलो आटा और नगद राशि देकर सहयोग किया। मौके पर कृष्णा साह, महेंद्र साह, लच्छू साह, चलीत्र वर्मा, सुरेश साह, दिनेश साह, सुनील राम, जाटा राम, अरविंद गुप्ता, विशाल कुमार, पप्पू साह, मुकेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## बेतिया में पति ने की अपनी पत्नी की हत्या, कोहराम मचा

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के चनपटिया थाना स्थित पिपरा गांव में पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर नृशंस हत्या कर दी है। घटना रविवार दोपहर की है। पुलिस ने हत्यारे पति राजू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त खिड़की का चौखट बरामद हुआ है। पत्नी गुड़िया देवी की हत्या के बाद राजू ठाकुर ने खुद को घर में कैद कर लिया था। उस वक्त उसका नाबालिग पुत्र विशाल कुमार घर में ही सोया था। जबकि उसके अन्य तीन बेटे आदित्य कुमार, सचिन कुमार, झुनझुन कुमार तथा पिता शंभू ठाकुर घर में मौजूद नहीं थे। घटना की सूचना मिलने पर चनपटिया थाना के एएसआई मिथलेश सिंह पिपरा गांव पहुंचे। घटना की भयावहता को देखते हुए उन्होंने चनपटिया थानाध्यक्ष को स्थिति से अवगत कराया। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी और वहां छिपे राजू ठाकुर को गिरफ्त में ले लिया। अंदर मौजूद विशाल सुरक्षित हालत में पाया गया। हालांकि वह अपनी मां की हालात को देखकर गहरे सदमे में था।

# भीषण गर्मी से चमगादड़ों को मरने का सिलसिला जारी

## भवनाथपुर में भी प्रतिदिन मर रहे हैं काफी संख्या में चमगादड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** गढ़वा जिले के भवनाथपुर थाना परिसर में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई। लगभग पिछले दो दशकों से थाना परिसर स्थित विशाल पिपल के पेड़ पर चमगादड़ अपना डेरा जमाए हुए हैं। रात होते ही सभी अपने भोजन की तलाश में निकल पड़ते हैं और सुबह में पेड़ की टहनियों पर लटकते रहते हैं। एक चमगादड़ का वजन लगभग एक से डेढ़ किलो का हो गया है। पिछले एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी मानव, पशु, पक्षियों का बुरा हाल कर दिया है। यहां पिछले तीन दिनों से प्रतिदिन चमगादड़ मर रहे हैं। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मृत चमगादड़ों को गढ़ा खोदवाकर मिट्टी भरवा देते हैं, ताकि कोई संक्रमण ना हो। कहा की प्रतिदिन काफी संख्या में चमगादड़ मर रहें हैं। प्रभारी पशु चिकित्सक सत्यनारायण प्रसाद सिंह तथा वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण चमगादड़ की मौत हो रही है। ज्ञात हो कि गत सप्ताह कांडी के सुंडीपुर में भी दो सौ से अधिक चमगादड़ों की मौत हो चुकी है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, वन विभाग, बीडीओ आदि पदाधिकारियों की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच किया था।



थाना में मृत पड़े चमगादड़


स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री ने खांडू और तमांग को दी जीत की बधाई



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत के लिए राज्य की जनता का आभार जताया है और पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया है। साथ ही सिक्किम में प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की दोबारा सत्ता में वापसी पर बधाई देते हुए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने की बात कही है। प्रधानमंत्री ने दोनों राज्यों में हुई मतगणना के नतीजे सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कहा कि धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश। इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक मजबूती से काम करती रहेगी।

### 'फतेह' में नसीरउद्दीन साह की हुयी एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन साह की एंट्री हो गयी है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुये हैं। फिल्म फतेह में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा ,नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकनील फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।

### श्रीलंका में भारी बारिश बाढ़ की चेतावनी जारी

कोलंबो। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने रविवार को देश भर में हो रही भारी बारिश के कारण राजधानी कोलंबो के बाहरी क्षेत्रों और अन्य इलाकों में बाढ़ की बड़ी चेतावनी जारी की। सिंचाई विभाग ने कहा कि रविवार तड़के से हो रही भारी बारिश के कारण कोलंबो के बाहरी इलाकों में केलानी नदी और श्रीलंका के दक्षिण में गिन नदी में जलस्तर बढ़ गया है। डीएमसी ने कहा कि उसने निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को ऊंचे इलाकों में जाने की सलाह दी है।

### कुवैत के नये क्राउन प्रिंस होंगे शेख सबा



कुवैत सिटी। कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अलसबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी। 1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

# अरुणाचल प्रदेश में फिर लहराया भगवा

## विधानसभा चुनाव : भाजपा ने 60 में 46 सीटों पर किया कब्जा

- कांग्रेस को मिली एक सीट, भाजपा को मिला 54.58 प्रतिशत वोट
- राज्य के विकास कार्यों को देखकर जनता ने भाजपा को चुना : पेमा खांडू



एजेंसी

इटानगर। साठ सदस्यीय अरुणाचल विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा ने 46 सीटें जीत कर विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त कर लिया है। भाजपा ने अपनी पिछली जीत का रिकार्ड तोड़ कर इतिहास रच दिया है। विधानसभा चुनाव की मतगणना रविवार सुबह शुरू हुई और दोपहर तक स्थिति काफी स्पष्ट हो गई। चुनाव आयोग ने सभी 60 सीटों के परिणाम जारी कर दिए हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 46 सीट पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस राज्य विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर जीतकर दर्ज कर सकी है। इसके अलावा एनपीईपी ने पांच, पीपीए ने दो, एनसीपी ने तीन और तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है। भाजपा लगातार दूसरी बार अपने बल पर स्पष्ट बहुमत के साथ राज्य की सत्ता पर काबिज होने में सफल हो गयी है। चुनाव परिणाम के अनुसार इस बार भाजपा को 54.58 प्रतिशत यानी 3,32,414 वोट मिले हैं, जबकि कांग्रेस को 5.56 प्रतिशत यानी 33877 मत, एनसीपी को 10.43 प्रतिशत यानी 63630, नोटा 0.66 प्रतिशत यानी 4010 मत, एनपीईपी 16.11 प्रतिशत यानी 98.254, पीपीए 7.24 प्रतिशत यानी 44176 मत एवं अन्य 5.26 प्रतिशत यानी 32103 मत मिले हैं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य में तेजी से हो रहे विकास कार्यों को देखकर राज्य की जनता ने भाजपा को फिर से चुना है। खांडू रविवार को मतगणना के बाद प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने राज्य की जनता को भाजपा पर भरोसा करने और समर्थन देने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा पूरी तरह से राज्य के विकास पर ध्यान देगी और राज्य के विकास के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रहे विकास कार्यों को देखते हुए राज्य की जनता ने भाजपा को चुना है और राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद तेजी से विकास हो रहा है, जिसको देखते हुए राज्य की जनता ने भाजपा का समर्थन किया है। खांडू ने कहा कि 4 जून के बाद ही मंत्रिमंडल का गठन होगा और पार्टी के निर्देश के अनुसार मुख्यमंत्री भी चुना जाएगा।

## सिक्किम में एसकेएम की दोबारा वापसी

- सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने 32 में से 31 सीटें जीतीं
- मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने दो निर्वाचन क्षेत्रों से जीते
- पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीटों से हारे
- भाजपा और सीएपी का खाता भी नहीं खुला



**गंगटोक ।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) प्रचंड बहुमत के साथ अपने दूसरे कार्यकाल के लिए सरकार में वापसी कर रहा है। एसकेएम ने विधानसभा चुनाव 2024 में 32 में से 31 सीटों पर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) पार्टी को केवल एक सीट मिली है। मुख्यमंत्री एवं एसकेएम पार्टी के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने भी दो निर्वाचन क्षेत्रों, सोरेंग च्याखुंग और रिनॉक से चुनाव लड़ा और उन्होंने दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की। इसी तरह मुख्यमंत्री की पत्नी कृष्णा कुमारी राई भी नाम्ची सिंगिथांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत गई है। वहीं राज्य के प्रमुख विपक्षी दल एसडीएफ के लिए विधानसभा चुनाव 2024 बेहद निराशाजनक रहा। एसडीएफ पार्टी के केवल एक उम्मीदवार तेंजिंग नर्बु लाम्टा ने जीत हासिल की। पूर्व मुख्यमंत्री एवं एसडीएफ अध्यक्ष पवन कुमार चामलिंग ने दो निर्वाचन क्षेत्रों, पोकलोक कामरांग और नाम्चेबुंग से चुनाव लड़ा, लेकिन वह दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से हार गए। पिछले 40 साल से लगातार चुनाव जीत रहे और 25 साल तक मुख्यमंत्री रहकर देश में इतिहास रचने में कामयाब रहे चामलिंग को इस बार हार का सामना करना पड़ा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस हार से उनका राजनीतिक भविष्य और एसडीएफ पार्टी का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। राज्य की एकमात्र सीट को लेकर भी काफी अटकलबाजी हुई थी। भाजपा के उम्मीदवार पूर्व मंत्री छितेन टाशी भोटिया को सत्तारूढ़ एसकेएम पार्टी के पूर्व विधायक सोनम लामा के लिए एक बड़ी चुनौती माना जा रहा था। हालांकि सोनम लामा की जीत के बाद सभी अटकलों पर विराम लग गया है। सबकी निगाहें एसडीएफ के बारफुंग विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार भाइचुंग भोटिया पर भी थीं। चुनाव प्रचार के दौरान उनके समर्थकों की भीड़ देख सभी ने भोटिया की जीत की भविष्यवाणी की थी। हालांकि भारतीय फुटबॉल दल के पूर्व कप्तान को इस बार भी हार का सामना करना पड़ा है।

## चुनाव बाद विपक्ष की आवाज लुप्त हो गयी है : आर.के. सिंह

**केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने रामलला का पूजा कर लिया आशीर्वाद**



एजेंसी

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव का मतदान समाप्त होने के बाद रविवार को अयोध्या पहुंचे केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद किया। इससे पहले उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। मतदान खत्म होने के बाद आए एक्जिट पोल को लेकर उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। आरके सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल जैसे ही निकला वैसे ही विपक्ष के लोगों की आवाज धीमी ही नहीं बल्कि लुप्त हो गई, जो एग्जिट पोल आया है उससे ज्यादा ही सीट एनडीए को मिलेगी।उन्होंने कहा कि मैं शुरू से कह रहा था इनमें कोई दम नहीं है, ये ऐसा गठबंधन है जो तुरंत बिखर जाएगा, यह लोग कभी अपने नेता को चुन नहीं सके, इनका कोई भविष्य नहीं है। यह लोग जानते हैं कि 5 जून के बाद यह गठबंधन कहीं नहीं रहेगा, हम लोग कहते थे 400 के आसपास आएंगे, 400 सीट एनडीए को मिलेगी। प्रदेश में बिजली कटौती पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जितनी बिजली की जरूरत है वह दी जा रही है, जरूरत पड़ने पर और बिजली दी जाएगी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मैं ईश्वर को धन्यवाद दूंगा कि आज मुझे रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

### एग्जिट पोल का आधार इवीएम नहीं, बल्कि डीएम है : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल साइट एक्स पर लिखा कि एग्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं, बल्कि डीएम है। प्रशासन याद रखे जनशक्ति से बड़ा बल और कोई नहीं होता। विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके। आज का ये भाजपाई एग्जिट पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था। बस चैनलों ने चलाया आज है। इस एग्जिट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस एग्जिट पोल को आधार बनाकर भाजपाई सोमवार को खुलने वाले शेयर बाजार से जाते-जाते लाभ उठाना चाहते हैं।



### चीन का चांग-6 चंद्रमा की सतह पर उतरा

**बीजिंग।** चीन का चांग-6 नाम का चन्द्र जांच लैंडिंग मॉड्यूल मिट्टी इकट्ठा करने के लिए चंद्रमा के पीछे की ओर सफलतापूर्वक उतर गया है। चीनी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार को चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के हवाले से खबर दी है। सीएनएसए ने कहा कि 3 मई को चीन के वाहक रॉकेट लॉन्ग मार्च-5 वाई 8 को चांग ई-6 चंद्र जांच के साथ हैनान द्वीप पर वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से पृथ्वी-चंद्रमा पारगमन कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। यदि मिशन सफल रहा तो चांग'ई-6 मानव इतिहास में पहली बार चंद्रमा के पिछले हिस्से से मिट्टी पृथ्वी पर लाएगा। सीएनएसए ने कहा कि लगभग दो किलोग्राम मिट्टी के नमूने पृथ्वी पर पहुंचाए जाएंगे।

## पहले पोस्टल बैलेट की गिनती हो : सिंघवी

**विपक्ष का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिलकर की मांग**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। इस दौरान विपक्ष के नेताओं ने चुनाव आयोग के समक्ष पोस्टल बैलेट का मुद्दा रखा। विपक्षी नेताओं का कहना है कि मतगणना के दौरान पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाए। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि पोस्टल बैलेट एक जानी-मानी प्रक्रिया है और कई बार पोस्टल बैलेट चुनाव परिणाम में निर्णायक साबित होते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से कहा कि पोस्टल बैलेट की गिनती सबसे पहले करना, पहले की भांति अनिवार्य रखा जाए। यह तीसरा मौका है, जब मल्टी पार्टी डेलिगेशन चुनाव आयोग से मिलने गया है। सबसे अहम मुद्दा यह है कि पोस्टल बैलेट चुनाव के परिणाम को एक से दूसरी दिशा में ले जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के नियम में कहा गया है कि पोस्टल बैलेट की गिनती पहले की जाएगी। इस बात को कई बार अलग-अलग रूप से चिट्ठियों और गाइडलाइंस द्वारा कहा गया है। 2019 में बड़े स्पष्ट रूप से कहा गया कि पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू कीजिए, उसके बाद ईवीएम की गिनती शुरू कर सकते हैं। लेकिन, आप ईवीएम की गिनती खत्म नहीं कर सकते या परिणाम का अंत नहीं कर सकते, जब तक कि पोस्टल बैलेट का पूरा रिजल्ट गणना के बाद घोषित न हो जाए। यानी पोस्टल बैलेट की गणना के बाद उसका परिणाम पहले घोषित करना अनिवार्य है। सिंघवी ने कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग ने गाइडलाइंस के द्वारा इस नियम को बदला है। जबकि, कानून में ऐसा नहीं किया जा सकता। गाइडलाइंस के द्वारा किसी नियम को नहीं बदला जा सकता। एक गाइडलाइंस द्वारा जो पुरानी गाइडलाइंस थी 2019 की, उसे हटा दिया गया है। इसका सीधा और सरल परिणाम यह होता है कि ईवीएम की पूरी गणना हो जाए अंत तक, तब तक भी पोस्टल बैलेट के निर्णय की घोषणा करना अनिवार्य नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि पोस्टल बैलेट के आधार पर निर्णय उत्तर से दक्षिण हो गया है, पूर्व से पश्चिम हो गया है। कानून के अंतर्गत एक गाइडलाइंस के आधार पर नियम को नहीं बदल सकते। दूसरी बात यह है कि पोस्टल बैलेट एक निर्णायक भूमिका अदा करता है इसलिए उसे पहले गिना जाए। एक लेवल प्लेइंग फील्ड के लिए स्वतंत्र चुनाव के लिए जो पुराना रूल था, उसी को माना जाए।

### अहमदाबाद में 7 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 07 जुलाई (आषाढ़ी दूज) को निकाली जाएगी। रथयात्रा और मंदिर की सुरक्षा को लेकर रविवार को अहमदाबाद शहर पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में मंदिर के ट्रस्टियों और प्रमुख पुजारी के साथ बैठक की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ का दर्शन भी किया। पुलिस आयुक्त के साथ क्राइम ब्रांच के जेसीपी, डीसीपी समेत कई अधिकारी भी थे। रथयात्रा अहमदाबाद के जमालपुर स्थित जगन्ननाथ मंदिर से निकलती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त और अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के अधिकारी जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर के महंत दिलीपदास महाराज और ट्रस्टी महेन्द्र झा के साथ बैठक की। हर वर्ष की तरह इस बार भी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर कई गण्यमान्य इसमें शामिल होंगे।

## सुकमा में 8 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**चार पर पांच लाख रुपये था इनाम, तीन महिलाएं शामिल**

एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था। इनमें तीन महिलायें भी शामिल हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की। मिली जानकारी के अनुसार, इन नक्सलवादियों में से कई के सिर पर इनाम भी था।

अधिकारी ने बताया कि वे राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस के पुनर्वास अभियान पूना नर्कोम (नई सुबह, नई शुरूआत) से भी प्रभावित हुए थे। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले आठ नक्सलियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं जिन्हें कथित तौर पर सड़कें काटने, माओवादी पर्चे और पोस्टर लगाने और सुरक्षाकर्मियों की जानकारी प्राप्त करने और माओवादियों के लिए अवैध उगाही करने का काम सौंपा गया था। इन सभी ने रविवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में से महिला नक्सली वेट्टी मासे (42) पर दो लाख रुपये का इनाम था।

## आर्थिक मोर्चे पर भारत के नाम रहेगी यह सदी : कांत

- थिंक टैंक नीति आयोग के पूर्व सीईओ बोले- अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा भारत



**नयी दिल्ली ।** आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए एक के बाद एक लगातार अच्छी खबरें आ रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि आठ फीसद से ऊपर रहने और राजकोषीय घाटे में सुधार से आर्थिक विशेषज्ञ हैरान हैं।

इस बीच भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। साल 2047 तक भारत दुनिया की सुपर पावर बन जाएगा। यह सदी भारत के नाम रहेगी।

श्री कांत ने राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब 'इंडिया ओडिसीः फ्रॉम ए डेवलेपमेंट कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर' का विमोचन करते हुए कहा कि एक दशक पहले भारत 5 नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार था। लेकिन आर्थिक सुधारों के जरिए यह महज पांच साल में दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि 8.2 फीसद और राजकोषीय घाटा कम होकर जीडीपी के 5.6 फीसद पर आना भारत के विकास के लिए शुभ संकेत है। आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा है कि अब दुनिया की शीर्ष एजेंसियां भारत के आर्थिक प्रदर्शन पर सकारात्मक रुख अपना रही हैं। आईएमएफ ने कहा है कि भारत अगले दशक में दुनिया की आर्थिक वृद्धि में करीब 20 फीसद का योगदान देगा। साल 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 35 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी।

अगले पांच साल में जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन जाएगा। विकास के इस सफर में डिजिटल पेमेंट प्रणाली अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की भारत का सफरः एक विकासशील देश से एक उभरती हुई महाशक्ति तक₹ पुस्तक नीति निमार्ताओं और विश्लेषकों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था, नीति और राजनीतिक अर्थव्यवस्था के छात्रों के लिए भी मददगार होगी। जो लोग भारत के आर्थिक इतिहास में रुचि रखते हैं और यह जानना चाहते हैं कि भारत दुनिया की महाशक्ति कैसे बन सकता। उन्हें यह पुस्तक जरूर पढ़नी चाहिए। इस पुस्तक में भारतीय अर्थव्यवस्था के पिछले तीन दशक के सफर को बहुत ही रोचक और आसान शब्दों में पिरोया गया है। श्री सिंह की यह पिछले दो साल में दूसरी किताब है। उनकी पहली किताब ₹रिफॉर्म्स इन टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन₹ बाजार में काफी सराही गई है।

### मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर व्यापार और लघु उद्योग बेहद आशान्वित : कैट

**नयी दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापारिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं। मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है ।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !